{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
मंगलवार 28 अक्टूबर 2025
कार्तिक शुक्ल 07 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 35
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 84,778.84 |
| निफ्टी | ~ | 25,966.05 |
| सोना | ~ | 1,23,280 |
| चांदी | ~ | 1,55,000 |
| डॉलर | ~ | 88.24 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## आज रात से वोटर लिस्ट फ्रीज; बीएलओ तीन बार वोटर की जांच करेंगे

**चुनाव आयोग का ऐलान-**

# अब 12 राज्यों में होगा एसआईआर

नई दिल्ली। आप सभी ने देखा, कि बिहार में एसआईआर कामयाब रहा। अब दूसरे फेज में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट अपडेट की जाएगी। यह घोषणा सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। इन राज्यों में आज रात से ही वोटर लिस्ट फ्रीज कर दी जाएंगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान 12 राज्यों में एसआईआर का ऐलान किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि आज रात से ही इन राज्यों में वोटर लिस्ट फ्रीज हो जाएंगी। उन्होंने कहा, एसाईआर का फेज वन खत्म हुआ और इसकी सबसे बड़ी खासीयत यह रही कि बिहार के 7.5 करोड़ मतदताओं ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। उन्होंने कहा, कि एसआईआर का दूसरा चरण प्रारंभ किया जा रहा है। शुरु किए जा रहे इस दूसरे चरण में मतदाता सूची के अपडेशन के साथ ही नए वोटरों के नाम जोड़ने और त्रुटियों को सुधारने का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमने एसआईआर की शुरुआत बिहार से की थी। यहां एसआईआर कामयाब रहा। इसे लेकर राज्य में जीरो शिकायते मिलीं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि नतीजा सभी के सामने है। बिहार में एसआईआर कामयाब रहा और अब दूसरे फेज में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट अपडेट की जाएगी।

## मुख्य चुनाव आयुक्त बोले- बिहार में कामयाब रहा एसआईआर




मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि उन सभी राज्यों की मतदाता सूचियां, जहां एसआईआर प्रक्रिया पूरी की जाएगी, आज रात 12 बजे फ्रीज कर दी जाएंगी। उस सूची के सभी मतदाताओं को बीएलओ विशिष्ट गणना प्रपत्र प्रदान करेंगे। इनमें वर्तमान मतदाता सूची के सभी जरूरी विवरण होंगे। मौजूदा मतदाताओं को प्रपत्र वितरित करने के बाद बीएलओ, वे सभी जिनके नाम गणना प्रपत्रों में हैं, इसका मिलान करने का प्रयास करेंगे कि क्या उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में था। यदि हां, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने की जरुरत नहीं होगी। यदि उनके नाम नहीं, बल्कि उनके माता-पिता के नाम सूची में थे, तो भी उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने होंगे। 2002 से 2004 तक की एसआईआर मतदाता सूची चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सभी के भी लिए उपलब्ध होगी और वे स्वयं मिलान कर सकते हैं।

### एसआईआर होने वाले 12 राज्यों की सूची

- पश्चिम बंगाल
- छत्तीसगढ़
- गोवा
- गुजरात
- केरल
- लक्षद्वीप
- मध्य प्रदेश
- पुडुचेरी
- राजस्थान
- तमिलनाडु
- उत्तर प्रदेश
- अंडमान निकोबार

यहां बताते चलें कि इन एसआईआर होने वाले राज्यों में से 2026 में पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि 2027 में गोवा, गुजरात, उत्तर प्रदेश और 2028 में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान में चुनाव होने हैं।

### मतदाताओं के लिए क्या होगी पात्रता?

**भारत के संविधान का अनुच्छेद 326 के अनुसार,**

भारत का नागरिक होगा जरूरी

कम से कम 18 वर्ष की आयु

निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी

किसी भी कानून के तहत अयोग्य नहीं

### एसआईआर की जरूरत क्यों?

**कानून के अनुसार, मतदाता सूची को संशोधित किया जाना है-**

हर चुनाव से पहले या आवश्यकता के अनुसार

राजनीतिक दल मतदाता सूची की गुणवत्ता से संबंधित मुद्दे उठाते रहे हैं।

1951 से 2004 तक कुल आठ बार एसआईआर किया जा चुका है।

अंतिम एसआईआर 21 साल पहले 2002-2004 में किया गया था।

## न्यूज़ डायरी

### पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में पाकिस्तान की जगह दूसरी टीम खेलेगी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ तमिलनाडु में 28 नवंबर से होने वाले पुरुष जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की जगह दूसरी टीम की घोषणा करेगा। पाकिस्तान ने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अपना नाम वापस लेने की सूचना अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ को दी थी। जानकारी के मुताबिक, 'पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ को सूचित कर दिया है कि उसकी टीम तमिलनाडु में आयोजित होने वाले हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 में भाग नहीं लेगी। पाकिस्तान की जगह भाग लेने वाली दूसरी टीम की घोषणा जल्द की जाएगी।' टूर्नामेंट से ठीक एक महीने पहले पाकिस्तान के नाम वापस लेने से अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ असमंजस में है क्योंकि उसने चेन्नई और मदुरै में होने वाले इस आयोजन के लिए ड्रॉ आयोजित करने में लगभग एक महीने की देरी कर दी थी, जिससे पाकिस्तान को अपनी भागीदारी पर अपनी सरकार से परामर्श करने का समय मिल गया। एफआईएच ने ड्रॉ समारोह, जो आमतौर पर मेजबान शहर/देश में आयोजित किया जाता है, लुसाने स्थित अपने मुख्यालय में आयोजित किया था।

### पीएम मोदी ने देशवासियों से 31 अक्टूबर को 'रन फॉर यूनिटी' में शामिल होने का किया आग्रह

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सोमवार को देश भर के नागरिकों से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) में भाग लेने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा एकता और एकजुटता की स्थायी भावना का जश्न मनाता है, जिसकी कल्पना सरदार पटेल ने भारत के लिए की थी। पीएम मोदी ने एकता दिवस पर 'एकता दिवस भारत' के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो को रिपोस्ट करते हुए लिखा, 31 अक्टूबर को 'रन फॉर यूनिटी' में शामिल हों और एकजुटता की भावना का जश्न मनाएं! आइए, सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने का सम्मान करें। आपको बता दें, 'रन फॉर यूनिटी' हर वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित किया जाता है। 'एकता दिवस भारत' के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट से एक वीडियो संदेश पोस्ट किया गया।

## बीजेपी के भंवर में फंसे उमर अबदुल्ला

### राज्यसभा चुनाव में चौथी सीट पर लगा झटका, 7 वोट मिलने का भरोसा टूट गया

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा चुनावों के हालिया नतीजे नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के लिए बड़े झटके के सामना है। एनसी उम्मीदवार इमरान नबी डार की चौथी सीट पर हार हुई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने नबी की पराजय को 'धोखा' करार दिया है। यह हार नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए एक तरह से 14 साल बाद इतिहास को फिर दोहराया गया है, जब 2011 में बीजेपी विधायकों के क्रॉस-वोटिंग ने पार्टी को फायदा पहुंचाया था, वहीं अब उसी तरह की स्थिति ने एनसी को नुकसान पहुंचाया है।



राज्य में मतदान में डार को 22 वोट मिले, जो जीत के लिए जरूरी 29 वोटों से सात कम थे। वहीं, भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष सतीश शर्मा ने 28 विधायकों के समर्थन के बावजूद 32 वोट हासिल कर चौथी सीट पर जीत का परचम लहराया। सूत्रों के अनुसार, डार के पक्ष में पड़े तीन वोट अमान्य घोषित हुए।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 88 सीटों में से एनसी के पास अपने सहयोगी दलों कांग्रेस (6), माकपा (1) और 5 निर्दलीय विधायकों के साथ कुल 53 वोट थे, जिससे तीन राज्यसभा सीटों पर उसकी जीत तय थी वहीं भाजपा के पास 28 विधायक थे, जबकि गैर-भाजपा विपक्ष के पास केवल छह वोट थे। संख्या के हिसाब से एनसी के पास पहले दो उम्मीदवारों की जीत के लिए पर्याप्त मत थे, लेकिन चौथी सीट के लिए एनसी को सहयोगियों और निर्दलीयों के समर्थन की आवश्यकता थी। पार्टी को उम्मीद थी कि 30 में से 29 वोट उन्हें ही मिलने है। लेकिन गिनती के बाद सामने आया कि एनसी उम्मीदवार जीएस ओबेरॉय (शम्मी ओबेरॉय) को 31 और डार को केवल 22 वोट मिले। एनसी को जिन सात अतिरिक्त वोटों की उम्मीद थी, उसमें से चार वोट भाजपा के सतीश शर्मा को मिले, जिससे उनके वोट 32 तक पहुंच गए, जबकि तीन वोट अमान्य हुए।

इन नतीजों के के बाद मुख्यमंत्री उमर ने कहा, 'चौथी सीट पर हमारी हार धोखे का नतीजा है। हमें आखिरी वक्त पर छोड़ दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा को चार अतिरिक्त वोट कहां से मिले और किसने जानबूझकर गलत प्रेफरेंस मार्क किया।

बात दें कि राज्यसभा चुनावों में क्रॉस-वोटिंग का इतिहास जम्मू-कश्मीर की राजनीति में बहुत पुराना है। वर्ष 2011 में विधान परिषद के चुनाव में भाजपा के 11 विधायकों में से 7 ने पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर एनसी के प्रत्याशी को वोट कर दिया था। 1996 में, एनसी के दो विधायकों की गलती से भाजपा के दयाकृष्ण कोटवाल की जीत हुई थी। वहीं वर्ष 2003 में, एनसी के त्रिलोचन सिंह वज़ीर को कांग्रेस-पीडीपी गठबंधन के विधायकों के क्रॉस-वोट से फायदा हुआ था।

## जस्टिस सूर्यकांत होंगे देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकली गवई ने सोमवार को अपने उत्तराधिकारी के रूप में जस्टिस सूर्यकांत के नाम की औपचारिक सिफारिश केंद्र सरकार को भेज दी है। कानून मंत्रालय को यह प्रस्ताव प्राप्त हो गया है, जिसके बाद देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



संविधान और परंपरा के अनुसार, मौजूदा मुख्य न्यायाधीश अपने उत्तराधिकारी का नाम तब सुझाते हैं, जब केंद्र सरकार उन्हें ऐसा करने का आग्रह करती है। गौरतलब है कि वर्तमान सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। इसके बाद जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर को नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने (9 फरवरी 2027 तक) का होगा।

### जस्टिस सूर्यकांत का न्यायिक सफर

जस्टिस सूर्यकांत का जन्म 10 फरवरी 1962 को हरियाणा के हिसार में हुआ। उन्होंने 1981 में हिसार के स्टेट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज से स्नातक और 1984 में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से कानून की डिग्री हासिल की। उन्होंने 1984 में हिसार जिला अदालत से वकालत की शुरुआत की और अगले ही वर्ष पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने लगे। मार्च 2001 में उन्हें सीनियर एडवोकेट का दर्जा मिला। इसके बाद वे हरियाणा के एडवोकेट जनरल बने।

जस्टिस सूर्यकांत 9 जनवरी 2004 को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के स्थायी जज बने। बाद में उन्होंने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया। इसके बाद 24 मई 2019 को वे सुप्रीम कोर्ट के जज नियुक्त हुए। जस्टिस सूर्यकांत अपने संतुलित और सामाजिक दृष्टिकोण वाले फैसलों के लिए जाने जाते हैं।

### गृहमंत्री शाह ने कांकेर में 21 नक्सलियों के आत्मसमर्पण की सराहना की -कहा-

## मुख्यधारा में लौटना स्वागतयोग्य, 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में 21 नक्सलियों द्वारा हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करने की सराहना की है। उन्होंने इसे नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति और विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।



अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, छत्तीसगढ़ के कांकेर ज़िले में 21 नक्सलियों द्वारा हथियारों के साथ आत्मसमर्पण प्रसन्नता की बात है। आत्मसमर्पण करने वालों में 13 सीनियर काडर शामिल हैं। मैं मुख्यधारा में शामिल होने और मोदी सरकार के आह्वान पर हिंसा छोड़ने के लिए उनकी सराहना करता हूं। गृहमंत्री ने आगे कहा कि यह कदम इस बात का प्रतीक है कि सरकार की नीतियों और विकास योजनाओं से अब नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विश्वास बढ़ा है। शाह ने हथियार उठाकर घूम रहे नक्सलियों से पुनः अपील की कि वे जल्द से जल्द आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ें।

उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का पूर्ण खात्मा करने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार 'विकास और संवाद के रास्ते से स्थायी शांति' स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

## चक्रवात मोन्था से तमिलनाडु के 4 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

### चेन्नई में भारी बारिश की आशंका

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तमिलनाडु के चार उत्तरी तटीय जिलों - चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और रानीपेट के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें आंधी और तेज हवाओं के साथ भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

आईएमडी के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, चक्रवात मोन्था बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में बने गहरे दबाव के क्षेत्र से विकसित हुआ है, अगले 24 घंटों में और अधिक तीव्र होकर उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की उम्मीद है। इसके प्रभाव से तमिलनाडु के उत्तरी तटीय क्षेत्र, विशेषकर चेन्नई क्षेत्र और उसके आसपास मौसम की स्थिति बिगड़ने की संभावना है।

भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और समीपवर्ती दक्षिण-पूर्व में चक्रवाती तूफान मोन्था पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ गया और 27 अक्टूबर 2025 को 0230 बजे भारतीय समयानुसार उसी क्षेत्र में, अक्षांश 11.7एउत्तर और देशांतर 85.5एपूर्व के पास, चेन्नई (तमिलनाडु) से लगभग 600 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व, काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) से 680 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व, विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) से 710 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व, पोर्ट ब्लेयर (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) से 790 किमी पश्चिम और गोपालपुर (ओडिशा) से 850 किमी दक्षिण में केंद्रित था। अगले 12 घंटों के दौरान इसके दक्षिण-पश्चिम और समीपवर्ती पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

इसके बाद, इसके उत्तर-पश्चिम की ओर, फिर उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और 28 अक्टूबर की सुबह तक एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर आगे बढ़ते हुए, इसके 28 अक्टूबर की शाम या रात के दौरान एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा के आसपास आंध्र प्रदेश के तट को पार करने की बहुत संभावना है। इस दौरान अधिकतम 90-100 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलेंगी, जो बढ़कर 110 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं।

## कुछ ना कहना




### छात्रों की आत्महत्या पर गंभीर चिंता : सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित नेशनल टास्क फोर्स ने तेज किया काम

## टास्क फोर्स ने चार राज्यों के 13 संस्थानों का किया दौरा; 80,000 से अधिक छात्रों सहित व्यापक ऑनलाइन सर्वेक्षण में जुटाई जा रही जनभागीदारी

नई दिल्ली/इंदौर। सर्वोच्च न्यायालय ने छात्रों में आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, 24 मार्च 2025 को राष्ट्रीय टास्क फोर्स (NTF) का गठन किया था। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एस. रवीन्द्र भट की अध्यक्षता में गठित इस टास्क फोर्स ने अब अपना कार्य तेज कर दिया है। टास्क फोर्स का उद्देश्य छात्रों में आत्महत्या के कारणों का अध्ययन करना, शैक्षणिक संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के उपाय सुझाना और इन घटनाओं को रोकने के लिए व्यवहारिक नीतियाँ तैयार करना है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के अनुसार, वर्ष 2022 में 13,044 छात्रों ने आत्महत्या की, जो देश में दर्ज कुल आत्महत्याओं का 7.6 प्रतिशत है। देश के 60,000 से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों में लगभग 4.46 करोड़ विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यह स्थिति तत्काल और संवेदनशील कदमों की मांग करती है, जिसे देखते हुए टास्क फोर्स रैगिंग, भेदभाव, शैक्षणिक दबाव और वित्तीय तनाव जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दे रहा है।

टास्क फोर्स में शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, मानवाधिकार और छात्र कल्याण के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हैं। अब तक इस टास्क फोर्स ने दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और तमिलनाडु के 13 संस्थानों का दौरा किया है। इन दौरों में छात्रों, फैकल्टी और प्रशासन से संवाद कर मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों और सुझावों को समझा गया। सामाजिक रूप से वंचित समूहों, आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों और चिकित्सा विद्यार्थियों सहित नागरिक समाज के विचार भी लिए गए हैं।

नीति निर्माण में जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक ऑनलाइन सर्वेक्षण किया जा रहा है, जिसमें अब तक 80,000 से अधिक विद्यार्थी, 10,000 से अधिक फैकल्टी, 15,000 से अधिक अभिभावक और 700 मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ अपनी राय दे चुके हैं।

उच्च शिक्षा विभाग ने GC, AICTE, NMC और अन्य नियामक संस्थाओं को निर्देश दिए हैं कि वे विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से छात्र सहायता तंत्र, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, आत्महत्या और ड्रॉपआउट से जुड़े आँकड़े तथा शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी शीघ्र साझा करें। सभी संस्थानों को सर्वेक्षण जल्द पूरा करने के लिए कहा गया है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में नियुक्त नोडल अधिकारी भी स्थानीय स्तर पर समन्वय कर रहे हैं।

राष्ट्रीय टास्क फोर्स ने सभी शैक्षणिक संस्थानों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, फैकल्टी और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से अपील की है कि वे सर्वेक्षण में सक्रिय भागीदारी करें और छात्र कल्याण को सशक्त बनाने में सहयोग दें।

### धामी सरकार की अच्छी पहल

## 9 साल तक के बच्चों को मोबाइल न देने की तैयारी

देहरादून। अगर आपका बच्चा भी मोबाइल फोन का आदी है, तब आपको परेशान होने की जरुरत नहीं है। उत्तराखंड सरकार अमेरिका, चीन और जापान जैसे देशों की तर्ज पर मोबाइल पॉलिसी लाने की तैयारी में है। इसमें शिक्षा और हेल्थ डिपॉर्टमेंट मिलकर काम करने वाले है। बात दें कि हाल के दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घर के एक कॉर्नर को नो मोबाइल जोन बनाने का संदेश दिया था। पीएम मोदी के इस संदेश को आगे बढ़कर उत्तराखंड सरकार अब मोबाइल पॉलिसी के तौर पर लागू करने की तैयारी में है। दून मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर से लेकर एजुकेशन डिपॉर्टमेंट ने इस पर काम शुरू कर दिया है। स्कूलों में बच्चों के मोबाइल के नुकसान को पढ़ाई का हिस्सा बनाने की तैयारी है। हेल्थ विभाग की ओर से इस पर प्रपोजल बनाया जा रहा है। 9 साल तक के बच्चों को मोबाइल न देने की तैयारी है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, चीन सहित कई देशों में स्कूलों में स्मार्टफोन इस्तेमाल करने पर पहले से प्रतिबंध लगा हुआ है। धामी सरकार के इस प्रस्ताव में मोबाइल के इस्तेमाल से बच्चों की मेंटल हेल्थ पर हो रहे असर को नोटिस किया जा रहा है। अभी तक के शोध के अनुसार, बच्चों में भूलने की आदत, आलस और चिड़चिड़ापन मोबाइल के ज्यादा इस्तेमाल के साइड इफेक्ट के तौर पर सामने आए हैं।

# अमानक खाद-बीज विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही के आदेश

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
कलेक्टर मृणाल मीना ने 27 अक्टूबर को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, अपर कलेक्टर डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, एसडीएम गोपाल सोनी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

### 31 अक्टूबर तक समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी के उपार्जन के लिए अधिक से अधिक करा पंजीयन

बैठक में उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी के उपार्जन के लिए 31 अक्टूबर तक अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन करा। इसी प्रकार भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन लगाने वाले किसानों को इस योजना का लाभ दिला। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराने वाले सभी किसानों के रकबे का शीघ्रता से शत प्रतिशत सत्यापन करें। उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि रबी फसलों के लिए खाद बीज एवं दवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। खाद एवं बीज विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की जांच कर उनके नमूने एकत्र करें और अमानक पाए जाने पर कार्यवाही करें।

### 28 अक्टूबर को सांदीपनी विद्यालय बालाघाट में आयोजित होगा रोजगार मेला

बैठक में जिला रोजगार अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 28 अक्टूबर को सांदीपनी विद्यालय बालाघाट में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में जिले के अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करें और उन्हें रोजगार उपलब्ध करा। इस दौरान बताया गया कि 28 अक्टूबर को रोजगार मेले में 02 हजार युवाओं को शामिल किया जा रहा है, इसके लिए पीजी कॉलेज, आईटीआई एवं पालीटेक्निक कॉलेज से समन्वय किया गया है। इस मेले में टाटा मोटर्स, टाटा इलेक्ट्रानिक एवं अन्य कम्पनियों के प्रतिनिधि युवाओं के चयन के लिए उपस्थित रहेंगे।

### सातनारी जलाशय का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश

बैठक में जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि सातनारी जलाशय का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करें। इसके निर्माण के लिए वन विभाग से अनापत्ति की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करें। बैठक में कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कीट व्याधि एवं बीमारी से जिन किसानों की फसलों को क्षति पहुंची है उसका शीघ्रता से सर्वे करें। सभी तहसीलदारो को निर्देशित किया गया कि ग्रामों में बी-1 वाचन के दौरान मृत पाये गए किसानों के मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर उनके वारिसों के नाम फौती में दर्ज करा।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियो द्वारा नियमित रूप से की जाएगी प्रतिष्ठानों की जांच

बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं पीजी कॉलेज के प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए छात्रों के ओटीआर की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करें, जिससे उन्हें समय पर छात्रवृत्ति का भुगतान हो सके। जिला शिक्षा अधिकारी को समेकित छात्रवृत्ति का शत प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियो एवं ड्रग इंस्पेक्टर को नियमित रूप से खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठान एवं मेडिकल स्टोर्स की जांच करने के निर्देश दिये गए। जिला अस्पताल की कैंटिन, जनजातीय कार्य विभाग के 30 एवं शिक्षा विभाग के छात्रावासो एवं नगरीय क्षेत्र बालाघाट व वारासिवनी के चौपाटी में ईट-राईट कैम्पेन चलाने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गए।

### प्रसूति सहायता प्रकरण में गलत एंट्री करने पर कारण बताओं नाटिस जारी

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रसूति सहायता के प्रकरण तैयार करने में जिन एएनएम द्वारा समग्र आईडी की गलत एंट्री की गई है उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। इसी प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया गया कि अक्षय ऊर्जा विभाग को सोलर पंप लगाने के लिए प्राप्त 3960 आवेदनों को लेकर इन सभी आवेदकों के खेत में शीघ्रता से सोलर पंप लगवाने की कार्यवाही करें।

### यात्रियों से अवैध रूप से अधिक किराया वसूल करने वाले वाहनों पर होगीं कड़ी कार्यवाही

बैठक में जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि यात्रियों से अवैध रूप से अधिक किराया वसूल करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करें, इसके साथ ही ओवर लोड वाहनों की भी नियमित रूप से जांच करें और वैधानिक कार्यवाही करें। जिन यात्री बस संचालकों द्वारा ऑनलाईन टिकट में अधिक किराया लिया जा रहा है उनके विरूद्ध भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को पूर्ण हो चुकी नलजल योजनाओं में सभी हितग्राहियों को नल कनेक्शन शीघ्रता से देने के निर्देश दिये गए। एसडीएम लांजी को नंदोरा में आयुष अस्पताल एवं लांजी में ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। इसी प्रकार बैहर एसडीएम को भंडेरी में विद्युत उपकेंद्र तथा वारासिवनी एसडीएम को अंसेरा में विद्युत उपकेंद्र व वारासिवनी में गीता भवन के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण करने कहा गया।

बैठक में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि इन प्रकरणों का संतुष्टि के साथ निराकरण कराया जाए और शिकायतकर्ता से मोबाईल पर चर्चा भी की जाए। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि जिन क्षेत्रों से सीएम हेल्पलाईन की अधिक शिकायतें आ रही है वहां पर मंगलवार को जनसुनवाई में स्वयं उपस्थित रहकर लोगो की समस्या सुने। आगामी 01 नवम्बर को प्रदेश स्थापना दिवस पर जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान बताया गया कि 01 नवम्बर को सभी शासकीय भवनों पर रात्रि में रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। 01 नवम्बर को कृषि, उद्यम एवं स्वदेशी पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

---

मलेरियॉ के मरीज से 108 एम्बुलेंस चालक एवं ईएमटी द्वारा रुपए मांगने का मामला

## वाहन चालक एवं ईएमटी के विरूद्ध दर्ज हुई एफआईआर, गिरफ्तार किया गया

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मरीज को उपचार के लिए बिरसा से बालाघाट लाने के दौरान 108 एम्बुलेंस के चालक ललित पवार एवं ईएमटी अनिल राहंगडाले द्वारा मरीज से रुपए मांगे जाने का मामला सामना आने पर कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर उनके विरूद्ध बिरसा एवं बालाघाट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर दर्ज होने के साथ ही दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाहन चालक एवं ईएमटी की लापरवाही के कारण मरीज के उपचार में विलंब होने से उसकी मृत्यु हो गई है। इस प्रकरण में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के मिशन संचालक को 108 एम्बुलेंस सेवा प्रदान करने वाली अनुबंधित संस्था जय अम्बे एमरजंसी सर्विसेज के लिए कार्यवाही करने के लिए लिखा गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि बैहर विकासखंड के ग्राम जत्ता निवासी 20 वर्षीय युवती गायत्री उईके पिता सालिकराम उईके के मलेरिया से पीड़ित होने पर मरीज को 26 अक्टूबर को रात्रि 08:57 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा से जिला चिकित्सालय बालाघाट के लिए रेफर करने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया गया था, जिस पर 108 एम्बुलेंस क्रमांक सीजी-04-एनएस-2464 रात्रि लगभग 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा पहुंची थी और रात्रि लगभग 10:15 बजे मरीज एवं उसके परिजनों को लेकर जिला चिकित्सालय बालाघाट के लिए रवाना हुई थी।

वाहन चालक द्वारा लौगूर घाटी के घने जंगलों वाले ऊँचे पहाड़ी रास्ते पर रात्रि लगभग 11:30 बजे एम्बुलेंस रोककर वाहन चालक ललित पवार एवं ईएमटी अनिल राहंगडाले द्वारा रोगी के परिजन से 700 रुपए की मांग की गई और कहा गया कि हम केवल रोगी के साथ परिवार के 02 सदस्यों को ही ले जाते है, आप 04 लोग हो इसलिए आपको 700 रुपए देना होगा नही तो हम आगे नही ले जाएंगे। पीड़ित परिवार के पास मात्र 600 रुपए ही उपलब्ध थे, जो उन्होंने वाहन चालक को दे दिये, तभी वाहन आगे बढ़ाया गया। रास्ते में वाहन चालक एवं ईएमटी मरीज को बालाघाट के प्राईवेट अस्पताल में ले जाने के लिए प्रेरित कर रहे थे, जबकि बिरसा अस्पताल से मरीज को स्पष्ट रूप से जिला चिकित्सालय बालाघाट ले जाने के लिए कहा गया था। 108 एम्बुलेंस द्वारा रात्रि लगभग 12:10 बजे रोगी एवं उसके परिजनों को जिला चिकित्सालय बालाघाट में छोड़ा गया। रोगी के उपचार में विलंब होने के कारण उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए 108 एम्बुलेंस के चालक ललित पवार एवं ईएमटी अनिल राहंगडाले द्वारा गरीब आदिवासी ग्रामीण महिलाओं एवं उनके परिजनों को प्रताड़ित कर परिवहन के लिए अनावश्यक राशि वसूल करने पर उनके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। एफआईआर दर्ज होने के साथ ही दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के मिशन संचालक को 108 एम्बुलेंस सेवा प्रदान करने वाली अनुबंधित संस्था जय अम्बे एमरजंसी सर्विसेज के लिए कार्यवाही करने के लिए लिखा गया है।

## सहमत के दीपावली मिलन समारोह काव्य माधुरी में हुई कविताओं की बरसात

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।**
26 अक्टूबर रविवार को सहमत संस्था का दीपावली मिलन समारोह काव्य माधुरी अत्यंत हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय पुत्री शाला परिसर जयहिंद टाकीज के सामने आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला संघ चालक श्री वैभव कश्यप की उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमेश रंगलानी उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथियों में जिले की प्रसिद्ध शिक्षा विद तथा राष्ट्रीय विचार मंच की संयोजक श्रीमती लता एलकर, मप्र पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, बालाघाट नगर पालिका परिषद बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, सहमत के संरक्षक श्री राजेश पाठक, विशेष अतिथि एवं वक्ता सुरजीत सिँह ठाकुर, सुरेश बाघरेचा, डॉ रामकुमार रामकुमार रामारिया, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष यज्ञेश लालू चावड़ा, प्रदेश व्यापारी संघ उपाध्यक्ष महेंद्र सुराना, सहमत संस्था अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ल सहज, हिंदी साहित्य भारती अध्यक्ष अशोक सागर मिश्र, कार्यक्रम संयोजका श्रीमती मीना चावड़ा, कार्यक्रम सह संयोजिका सुश्री अलका चौधरी, कार्यक्रम समन्वयक श्री शैलेन्द्र रोकड़े उपस्थित रहे। इस शानदार कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला संघ चालक श्री वैभव कश्यप ने दीपावली उत्सव की सामाजिक समरसता के महत्व एवं सनातन उत्सवों के आर्थिक सामाजिक महत्व पर ओजस्वी वक्तव्य देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जीवन में योग एवं आध्यात्म पर सारगर्भित उद्बोधन देते हुये सुरजीत सिँह ठाकुर ने कहा कि



आध्यात्मिक एवं संयमित जीवन शैली से जीवन में हर कठिनाई पर विजय प्राप्त कर उच्चतम लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

इस क्रम में कु नीर्वी हरिनखेड़े द्वारा अंतरप्रेरणा विधा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का स्नेह अर्जित किया। उन्होंने आँखों पर पट्टी बाँधकर नोटों के नंबर, ड्राईविंग लाइसेंस के नंबर, रंग इत्यादि बताकर दर्शकों को अचंभित कर दिया। कार्यक्रम में सुभाष गुप्ता, परशुराम छुट्टानी, मोहन आचार्य दीपक भट्ट, रवि श्रीवास्तव, मनीष चौरसिया, विशेष सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे। सत्र का कुशल संचालन सुश्री अलका चौधरी द्वारा किया गया। द्वितीय सत्र में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर द्वारा अपने मधुर कंठ से शानदार कविता पाठ कर श्रोताओं में अपनी काव्यात्मक रचनाधर्मिता की गहरी छाप छोड़ी। इसी क्रम में डॉ रामकुमार रामरिया, अशोक सागर मिश्र, साहेबलाल दशरिये सरल, अलका चौधरी अनमोल, डॉ सतीश चिले तुमेश पटले, श्रीमती अर्चना गुप्ता, श्रीमती मीना चावड़ा, श्रीमती प्रेमलता गुप्ता, अजय गुप्ता, ब्रजेश हजारी वारासिवनी से पधारी डॉ प्रिया शर्मा, श्रीमती सरिता सिंघई, द्वारा शानदार रचनायें प्रस्तुत की गईं। अंत में समापन वक्तव्य देते हुए सहमत के संरक्षक, राजेश पाठक द्वारा सनातनी परम्पराओं एवं उत्सवों के महत्व पर ओजस्वी वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए समस्त अतिथियो का आभार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे लोधेश्वर उत्कर्ष जन चेतना संगठन अध्यक्ष, भुवन लिल्हारे, आलोक संघ राष्ट्रीय पदाधिकारी, सी डी नगपुरे, श्रीराम बोहने, जिला कायस्थ संघ अध्यक्ष राजेश वर्मा नितेंद्र श्रीवास्तव, सुभाषचंद्र नगपुरे, रामसिंह लिल्हारे, सोहन उरोड़े सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**न्यायालय- पदमेश शाह, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बालाघाट (म.प्र.)**

**आदेश 5 नियम 20 सी.पी.सी.के अंतर्गत**

**प्रकाशन नोटिस**

**पेशी तारीख 26.11.2025**
**गार्जियन वाड्स 12/2025**
**भूमि गणेश विरूद्ध गेरीसन व अन्य**

1. भूमि गणेश गवली उम्र 18 वर्ष पिता स्व. गणेश गवली निवासी वार्ड नं 11 कृष्णा मेडिकल भटेरा रोड गली नं 2 शीतल पैलेस के पास बालाघाट जिला बालाघाट (म0प्र0)

............ **आवेदिका**

**//विरूद्ध//**

1. गेरीसन इंजीनियर (एन.डब्ल्यू) करंजा लिबरेशन इंजिनियर सर्विस पोस्ट नेवल स्टेशन करंजा जिला रायगढ़ (महाराष्ट्र) 400704
2. दीपा गणेश गवली पति स्व. गणेश गवली, निवासी द्वारा ब्रिजेश सोनवाने वार्ड नं 2 भटेरा चौकी, मंजुलता तिवारी वाली गली बालाघाट जिला बालाघाट (म.प्र.)
3. आमजनता

...............**अनावेदकगण**

**प्रेषिती- आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भूमि गणेश गवली ने एक आवेदनपत्र अंतर्गत धारा 7, संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 प्रस्तुत किया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में 26-11-2025 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायलय में जवाब दावा प्रस्तुति के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए नोटिस किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे संपर्क अनुदेश दिये गये हो और जो इस प्रकरण में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सभी दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जो आपके साक्ष्य रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें ।

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप दिनांक 26-11-2025 को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो प्रकरण की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

नोट- उक्त दिनांक को किसी कारण वश पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होने या न्यायालय में सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।

आज दिनांक को 17.10.2025 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया ।

**(पदमेश शाह)**
**प्रधान न्यायाधीश,**
**कुटुम्ब न्यायालय, बालाघाट**

## छठ पर्व पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत, डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।**
हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बालाघाट जिले में छठ पर्व बड़े उत्साह, श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस धार्मिक पर्व का आरंभ 25 अक्टूबर से नहाय-खाय की परंपरा से हुआ। पहले दिन व्रतधारी महिलाओं द्वारा स्नान करके शुद्ध भोजन ग्रहण करते हैं और अपने घर तथा आसपास के जलाशयों को साफ-सुथरा रखते हुए पूजा की तैयारी करते हैं। छठ पर्व का दूसरा दिन शनिवार को खरना के रूप में मनाया गया। इस दिन व्रतधारी महिलाओं द्वारा खीर, फल और विशेष प्रसाद ग्रहण करते हैं और उसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू कर देते हैं। यह निर्जला व्रत पूरे श्रद्धा भाव और संयम के साथ रखा जाता है, ताकि सूर्य देव और छठी मैया की कृपा प्राप्त हो सके। तीसरे दिन सोमवार को व्रतधारी महिलाएं वैनगंगा नदी के तट और मोती तालाब सहित जिले के विभिन्न जलाशयों में पहुंचीं और डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य देव और छठी मैया की पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के अनुसार सूर्य को जल अर्पित किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और संतानों के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर पूरे परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे और उत्सव का आनंद उठाया। छठ पूजा के चौथे दिन, 28 अक्टूबर को सुबह के समय उगते सूर्य को अर्घ्य देकर यह पर्व संपन्न होगा।



व्रतधारी महिलाओं निर्जला व्रत का पालन करने के बाद उगते सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात पारण करके जलपान ग्रहण करेंगे। छठ पर्व को लेकर शहर और बाजारों में पूजा सामग्री की दुकानें सजी हुई हैं और श्रद्धालु पूरे परिवार के साथ घाटों पर पहुंचे हैं। इस पर्व का महत्व केवल धार्मिक नहीं है, बल्कि यह परिवार और समाज में एकता और भाईचारे को भी प्रगाढ़ करता है। स्थानीय व्रतधारी महिला पुष्पा दुबे ने बताया कि छठ पूजा चार दिनों तक मनाया जाता है। पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पर्व संपन्न होता है। उन्होंने बताया की वह कई वर्षों से बालाघाट में छठ पूजा करती आ रही हैं। उन्होंने कहा कि इस पर्व में संपूर्ण परिवार एक साथ जुड़कर पूजा करता है और इस अवसर पर विशेष रूप से बच्चों की सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की जाती है।

**आवश्यकता है**
• मैनेजर - 01 पद
• साफ-सफाई कर्मचारी-01 पद
• रूम सर्विस - 01 पद
(DAY/NIGHT DUTY)
(PART-TIME/FULL TIME)
सैलरी-योग्यतानुसार
**होटल गौरव**
मेन रोड, कालीपुतली चौक के पास बालाघाट
संपर्क-+91-9425138713
881-992-4499
(10:00AM - 05:00 PM)

**जमीने बिकाऊ है**
सागौन प्लांटेशन
ढूटी रोड, लामता
जिला बालाघाट
• 3 एकड़ जमीन 800 पेड़ सहित सिंचाई विभाग से बिजली ऑफिस तक
• 2.5 एकड़ जमीन 600 पेड़ सहित सिंचाई विभाग के सामने
संपर्क सूत्र
9412372530, 7974875239
9219659012, 9557122204

**सेल्स एक्जीक्यूटिव चाहिये**
AH डिस्ट्रीब्यूटर्स (रिलायंस केम्पा)
को बालाघाट शहर में
सेल्स एक्जीक्यूटिव
की आवश्यकता है
इच्छुक उम्मीदवार संपर्क करें
योग्यता-12वीं उत्तीर्ण
अनुभवी को प्राथमिकता दी जायेगी
वेतन-8000 से 15000/-
संपर्क- जैनम ज्वेलर्स
श्याम मॉल के बाजू में, हनुमान चौक
बालाघाट (मप्र) मो.एवं व्हॉट्सअप-9930099441

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली**
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# शहर में चैकिंग बैरिकेड्स और चालानी कार्यवाही से हड़कंप के हालात

**सिटी रिपोर्टर।**
**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।**

पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था बनाए जाने को लेकर, बीते दो से तीन दिनों से शहर की सड़कों पर लगातार बेरिकेट लगाकर नियम विरुद्ध चलने वाले वाहन चालकों को यातायात का पाठ पढ़ाते हुए चालानी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा अभी तक 31 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जा चुकी है। जबकि देखा जाए तो रात्रि के समय वाहन चेकिंग में कई वाहन चालक यातायात पुलिस से चालान ना काटने को लेकर मिन्नते करते नजर आ रहे हैं, वही एक और इस प्रकार चल रही कार्रवाई की कुछ लोग तारीफ भी कर रहे हैं, तो कुछ लोगों का कहना है कि यातायात पुलिस द्वारा बेरिकेट लगाकर यातायात व्यवस्था बनाए जाने का तरीका बहुत ही पुराना है। जबकि पुलिस को यातायात सिग्नल को शुरू कर यातायात व्यवस्था बनानी चाहिए तो वहीं कुछ लोगों का मानना यह भी है कि जिस प्रकार पुलिस रात्रि के समय यातायात नियमों पर जोर दे रही है पर दिन के समय प्रमुख शहर के चौक, चौराहों और सड़कों पर रात्रि जैसी यातायात व्यवस्था चुस्त, दुरुस्त नजर नहीं आ रही है। जबकि पुलिस को दिन के समय भी शहर में यातायात व्यवस्था बनाए जाने को लेकर फोकस करना चाहिए ।





## बैरिकेड से ऑटो चालक टकराया, बड़ी घटना टली, सिग्नल अबतक नहीं हुये हैं हैंडओवर

बालाघाट में एसपी की क्लास के बाद हरकत में आई पुलिस, थाना क्षेत्र में अव्यवस्थित यातायात और नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही करने, मैदान पर खड़ा दिखाई दे रहा है। रविवार की देररात तक अमला, सड़को पर दिखाई दिया और नियमों का उल्लंघन करते हुए चल रहे वाहनो को पकड़ा। हालांकि इस दौरान वाहन चालक मिन्नते करते रहे लेकिन पुलिस ने बिना चालान काटे वाहनों को नहीं छोड़ा। तो दूसरी ओर सड़क पर यातायात व्यवस्था को सुधारने सड़क पर लगाए गए स्टॉपर को एक वाहन टक्कर मारता हुआ निकल गया। बात करें यातायात विभाग की तो थाना के नजदीक काली पुतली चौक पर ड्यूटी में तैनात थाना प्रभारी सूबेदार यीना राहंगडाले ने अमले के साथ 31 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 16 हजार रूपए जुर्माना वसुला। जबकि ग्रामीण थाना में काली फिल्म लगाकर वाहन का संचालन कर रहे वाहन चालक को रोककर, पुलिस ने वाहन के कांच में लगी काली फिल्म को निकाला। यातायात थाना प्रभारी यीना राहंगडाले ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों पर भी कार्यवाही की जा रही है। रविवार की रात, काली पुतली चौक पर बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर 20 वाहन चालकों पर जुर्माना कार्यवाही कर उन्हें दुपहिया वाहन चलाते समय, हेलमेट लगाने की समझाईश दी गई। साथ ही बिना नंबर प्लेट 5 वाहन, तीन सवारी बैठालकर चला रहे 3 वाहन, दुपहिया वाहन में मोडिफाइड साइलेंसर के 2 वाहन, सर्च लाइट लगाकर वाहन चलाने वाले 2 वाहन, बिना कागज 1 वाहन और बिना सीट बेल्ट के 5 वाहनों पर कार्यवाही की गई। जिसमें 16 हजार रूपए जुर्माना वसुला गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही सतत जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों से वाहन चलाते हुए नियमों का पालन करने की बात कही।

### सिग्नल अभी यातायात पुलिस को हैंडओवर नहीं हुआ है - यीना राहंगडाले

यातायात थाना प्रभारी यीना राहंगडाले ने सिग्नल को लेकर बताया कि सिग्नल अभी तक नगर पालिका द्वारा यातायात पुलिस को हैंडओवर नहीं किया है और उनकी नगर पालिका से बात भी चल रही है । जिसमें उन्हें जानकारी मिली है कि सिग्नल अभी बंद है और सिग्नलों को एक स्थान से दूसरे स्थान स्थानांतरित किए जाने को लेकर भी नगर पालिका प्रयास कर रही है। दिन में यातायात व्यवस्था बनाए जाने को लेकर भी उन्होंने बताया कि शहर में पुलिस प्रमुख मार्गों पर पहले की तरह पेट्रोलिंग करेगी और यथासंभव व्यवस्था बनाए जाने को लेकर कार्य किया जाएगा । रात्रि में एक ऑटो चालक बैरिकेड से टकरा गया था, जिसमें कोई दुर्घटना नहीं हुई ।

# पति ने ही रिश्तेदारों को भेजा अज्ञात महिला की अश्लील तस्वीरें

## खैरलांजी पुलिस थाने में पति के विरुद्ध अपराध दर्ज

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।**

खैरलांजी थाना क्षेत्र में में रहने वाली एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए अपने पति के विरुद्ध किसी की अश्लील फोटो परिजनों को भिजवाकर परेशान करने का आरोप लगाई। इस 25 वर्षीय महिला द्वारा की गई रिपोर्ट पर खैरलांजी पुलिस ने इस महिला के पति रंजीत पिता चंदूलाल खांडकुरे 30 वर्ष वार्ड नंबर 32 प्रभुतम नगर बालाघाट निवासी के विरुद्ध दहेज के लिए प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी देने,और आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस महिला की शादी 22 फरवरी 2023 को रंजीत के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद यह महिला अपने ससुराल में रहने लगी थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही इस महिला को उसके ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर परेशान किए जाने लगा था। इस महिला ने परेशान होकर अपने ससुराल पक्ष के विरुद्ध खैरलांजी थाने में दहेज प्रताड़ना का अपराध दर्ज करवाई थी। वर्तमान में इस महिला के पति के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना, धारा 125 भरण पोषण और तलाक का केस न्यायालय में चल रहा है। यह महिला 2 साल से अपने मायके में रह रही है और उसका उसके पति से किसी प्रकार का संपर्क नहीं है। महिला के द्वारा न्यायालय में भरण पोषण का केस लगाया गया था। जिसमें न्यायालय के द्वारा भरण पोषण हेतु 3000 रुपये देने आदेश किया गया है। किंतु इस महिला को उसके पति के रंजीत के द्वारा कोई पैसे नहीं दिए गए। वर्तमान में भरण पोषण की राशि 65000 रुपये हो गई है। जिसका नोटिस न्यायालय के द्वारा महिला के पति रंजीत को भेजा गया था। इसके बाद रंजीत इस महिला के परिवार वालों को परेशान करने लगा और कैसे वापस लेने भरण पोषण की राशि नहीं देने और केस वापस नहीं लेने पर धमका ने लगा । 21 अक्टूबर 2025 को यह महिला अपना इलाज करवाने बाहर गई हुई थी। तभी 24 अक्टूबर को रंजीत ने इस महिला की रिश्तेदारी में किसी अन्य महिला की अश्लील फोटो भिजवा दिया। और रंजीत ने इस महिला के पापा को मरवाने की धमकी भी दिया। इस महिला ने परेशान होकर अपने परिवार वालों से सलाह मशवरा करने के बाद अपने पति रंजीत के विरुद्ध महिला थाना बालाघाट में शिकायत की थी। इस मामले में महिला पुलिस थाने में रंजीत के विरुद्ध धारा 79,351(3) भारतीय न्याय संहिता और धारा 66 की सॉल्यूशन आईटी एक्ट धारा 3/ दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया और महिला पुलिस थाने से इस मामले की डायरी विधिवत कार्रवाई हेतु खैरलांजी की पुलिस थाना भेजी गई है।

# भंडेरी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्रजीत बिसेन को कारण बताओ नोटिस

## शासकीय चिकित्सक के निजी अस्पताल में सेवाए देने का मामला

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भंडेरी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्रजीत बिसेन द्वारा मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम का उल्लंघन कर शासकीय चिकित्सक होने के बाद भी प्राईवेट अस्पताल में सेवाए देने के पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया है कि क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। इस प्रकरण में शासकीय चिकित्सक की सेवाए लेने वाले निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक बालाघाट रोड बैहर की संचालक श्रीमती स्वाति बिसेन को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, कि क्यों न उनके क्लीनिक का पंजीयन निरस्त कर दिया जाए।

अधिकृत अधिकारी डॉ. निशांत नंदा गौली चिकित्सा अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अरबन नोडल अधिकारी बालाघाट (म.प्र.) द्वारा दिनांक 15 अक्टुबर 2025 दिन शनिवार को सायं लगभग 05=10 बजे निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण मे पाया गया कि शासकीय चिकित्सक डॉ. इंद्रजीत बिसेन द्वारा शासकीय चिकित्सक होने के बाद भी प्राईवेट अस्पताल में अपनी सेवाए दी जा रही है और नीजि चिकित्सा व्यवसाय किया जा रहा है। निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक की प्रिंटेड ओ.पी.डी. पर्ची एवं रोगी फाईल में डॉ. इन्द्रजीत बिसेन चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भण्डेरी विकासखण्ड बैहर का नाम मुद्रित पाया गया। जिसमें सेवाएं प्रदान करने का समय दोपहर 1 से 3 बजे, शाम 4 से रात्रि 8 बजे अंकित है। निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक में प्रदर्शित फ्लेक्स बेनर में भी डॉ. इन्द्रजीत बिसेन का नाम पाया गया।

निरीक्षण के दौरान निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक में चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान किये जाने हेतु अधिकृत चिकित्सक डॉ. संदीप दिगम्बर मोरे उपस्थित नहीं पाये गये साथ ही उनके द्वारा इस क्लीनिक में सेवाएं प्रदान किये जाने के कोई भी प्रमाण नहीं पाये गये। अधिकृत चिकित्सक की चिकित्सकीय योग्यता संबंधी उपाधि एवं म.प्र.मेडिकल काऊंसिल भोपाल द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रदर्शित नहीं पाया गया। क्लीनिक में परीक्षण तथा उपचारित किये गये रोगियों का विवरण निर्धारित रजिस्टर एवं निर्धारित प्रारूप में संधारित नहीं पाया गया । क्लीनिक में एक्स-रे मशीन उपलब्ध पाई गई, जिसका ए.ई.आर.बी. में पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्रदर्शित नहीं पाया गया, एक्स-रे कक्ष के दरवाजे में रेडिएशन प्रोटेक्शन हेतु आवश्यक लेड-शीट नहीं लगी पाई गई। एक्स-रे कक्ष के सामने/दरवाजे पर रेडियेशन चेतावनी प्रदर्शित नहीं पाई गई। एक्स-रे कक्ष में रेडियोग्राफर के योग्यता प्रमाण-पत्र एवं मध्यप्रदेश अलाईड हेल्थ केयर काउंसिल में पंजीयन का प्रमाण-पत्र भी नहीं पाया गया ।

निरीक्षण के दौरान निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक में रेडियोग्राफर उपस्थित नहीं पाया गया, संस्था में उपस्थित डॉ. इन्द्रजीत बिसेन द्वारा अवगत कराया गया कि रेडियोग्राफर 15 अक्टूबर 2025 को अवकाश पर है किन्तु एक्स-रे रजिस्टर का अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को 05 एक्स-रे किये गये है। डॉ.इन्द्रजीत बिसेन द्वारा इस संबंध में अवगत कराया गया कि अस्पताल के अन्य व्यक्ति द्वारा यह एक्स-रे किये गये हैं। क्लीनिक के बेसमेंट में 03 बेड लगे पाये गये, जिसमें कोई भी रोगी भर्ती नहीं पाया गया। क्लीनिक के ग्राऊण्ड फ्लोर तल पर एक हाल में 05 बेड लगे पाये गये, जिसमें 02 रोगी उपचाररत् भर्ती पाये गये । क्लीनिक में माइनर ओ.टी. एवं पेथालॉजी लेब संचालित किया जाना पाया गया । पेथालाजी कक्ष में श्री अनुप देशमुख लेब टेक्निशियन उपस्थित थे, जिनके द्वारा बताया गया कि उनकी योग्यता बी.एम.एल.टी. है किन्तु इनके योग्यता प्रमाण-पत्र एवं मध्यप्रदेश अलाईड एण्ड हेल्थकेयर काउंसिल भोपाल से पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रदर्शित नहीं पाया गया। पेथालाजी लैब में डॉ लाल पेथालाजी न्यू दिल्ली के कोरे रिपोर्टिंग लेटरहेड उपलब्ध पाये गये, जिस पर लेब टेक्नीशियन द्वारा परीक्षण रिपोर्ट क्लीनिक की पेथालाजी लेब में प्रिंट की जाती है, जो कि अवैद्यानिक है।

शासकीय चिकित्सक डॉ. इंद्रजीत बिसेन द्वारा नियम विरूद्ध प्राईवेट अस्पताल में सेवाए देने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। डॉ. बिसेन को तीन दिनों के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने कहा गया है। इस प्रकरण में निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक के संचालक श्रीमती स्वाति बिसेन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनके क्लीनिक का पंजीयन निरस्त कर दिया जाए। श्रीमती स्वाति बिसेन को तीन दिनों के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने कहा गया है।

# 72 दिन से मनरेगा उपयंत्रियों की हड़ताल

## जिले की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य ठप्प

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।**

अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मनरेगा उपयंत्रीयों द्वारा लगभग 72 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल जिला से प्रदेश स्तर तक की जा रही है। किंतु मनरेगा उपयंत्रीयों का कहना है कि इतने दिन बीत जाने के बाद भी सरकार उनकी मांगों को लेकर कोई सुनवाई नहीं कर रही है। जिससे वह अब परेशान हो गए हैं और जल्द ही उग्र आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं । इधर चल रही मनरेगा उपयंत्रीयों की हड़ताल से ग्राम पंचायत में विकास कार्य लगभग थम से गए हैं। श्रमिकों को रोजगार नहीं मिल रहा है । इसको लेकर जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत कोसमी की सरपंच ने भी सरकार सहित पंचायत मंत्री से मांग करी है कि उपयंत्रीयों की हड़ताल समाप्त करें या फिर वैकल्पिक व्यवस्था बनाते हुए ग्राम पंचायत के विकास कार्य शुरू किये जाए। उन्होंने बताया कि आज बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत में श्रमिकों को काम नहीं मिलने से वह पलायन कर रहे हैं ।

मनरेगा अभियंता संघ द्वारा अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर बीते कई दिनों से प्रदेश स्तर के आवाहन पर हड़ताल की जा रही है। जिसमें सबसे पहले मनरेगा अभियंता ने 10 दिनों का अवकाश लेकर सरकार के सामने विरोध करते हुए अपनी मांगे रखी थी , उसके बाद भी जब उनकी मांगों पर सरकार ने विचार नहीं किया तो, मनरेगा अभियंता द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी गई । इसके बाद आज लगभग 70 से 72 दिन बीत जाने के बाद भी सरकार मनरेगा अभियंताओं की मांगों को लेकर कोई निर्देश जारी नहीं किया गया और सरकार से आज भी मनरेगा अभियंता



अपनी मांग पूरे किए जाने का इंतजार कर रहे हैं। देखा जाए तो मनरेगा अभियंता अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल शांतिपूर्वक ढंग से कर रहे हैं , किंतु अब मनरेगा अभियंता का कहना है कि अब वह इस हड़ताल को उग्र रूप देंगे । इस हड़ताल के चलते जिले भर की अलग-अलग ग्राम पंचायत में विकास कार्य पूरी तरह से थम से गए हैं और ग्राम पंचायत में मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। जिस कारण बड़ी संख्या में जिले भर के मजदूर पलायन करने की स्थिति में आ गए हैं । सरपंचों का भी कहना है कि सरकार को इस हड़ताल को जल्द से जल्द समाप्त करवाना चाहिए ताकि ग्राम पंचायत में थमे विकास कार्य गति पकड़ सके । इसी विषय को लेकर 27 अक्टूबर को अभियंता संघ के जिला अध्यक्ष भीवराम भोयर ने बताया कि यदि सरकार अब उनकी मांगों को पूरा नहीं करती तो वह प्रदेश संगठन के आवाहन पर उग्र आंदोलन की तैयारी करेंगे जिसके लिए सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी।

### विकास कार्य नहीं करवा पा रहे हैं - अंबिका गगन नकपुरे

जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत कोसमी की सरपंच अंबिका गगन नकपुरे ने बताया कि उनकी पंचायत में करोड़ों रुपए की राशि है किंतु मनरेगा अभियंताओं के हड़ताल पर चले जाने से वह ग्राम पंचायत में विकास कार्य नहीं करवा पा रहे हैं । ग्राम पंचायत के मजदूरों को रोजगार नहीं दे पा रहे हैं। जिससे उनकी ग्राम पंचायत के मजदूर बड़ी संख्या में पलायन कर रहे हैं। जबकि देखा जाए तो कुछ कार्य निर्माणाधीन थे जिनका टीएस होना बाकी था, लेकिन अभियंताओं के हड़ताल पर चले जाने से सभी कार्य बंद हो गए हैं। उन्होंने इसको लेकर सांसद भारती पारधी को भी ज्ञापन दिया था और मांग की थी कि वह प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल से बात कर इस चल रही हड़ताल को समाप्त करवाए ।

### ये है प्रमुख मांगे

संविदा पारिश्रमिक की गणना नियुक्ति दिनांक की सेवा अवधी से समकक्ष सेवा अवधि वाले नियमित उपयंत्री के वेतन के समतुल्य करने एवं तदनुसार वार्षिक वेतन वृद्धि भी मिलनें के आदेश तत्काल जारी हो। मनरेगा उपयंत्री की मृत्यु होने पर आश्रितो को अनुकंपा नियुक्ति मिलने के आदेश तत्काल जारी हो। मनरेगा उपयंत्रियों को किसी भी प्रकरण में पद से पृथक किये जाने के स्थान पर निलंबित किए जाने का आदेश तत्काल जारी हो। जिला या प्रदेश स्तर पर आर.ई. एस. एवं मनरेगा के उपयंत्रियों की संयुक्त वरिष्ठता सूची अनुसार सहायक यंत्री के प्रभार दिए जाने के आदेश जारी हो । नियमित कर्मचारियों की भांति मनरेगा उपयंत्री हेतु उपादन भुगतान के आदेश तत्काल जारी हो एवं 1 अगस्त 2023 के बाद मृत या सेवानिवृत हुए उपयंत्रियों को भी इसका लाभ देने के आदेश हो । संविदा सेवा का नवीनीकरण एक वर्ष नहीं 5 वर्ष की सी. आर. के आधार पर हो ताकि वित्तीय वर्ष के आखिरी में उपयंत्रियों का शोषण ना हो । मनरेगा उपयंत्रियों से केवल और केवल तकनिकी कार्य ही कराये जाये। एवं चूँकि मनरेगा माँग आधारित योजना है, इसे लक्ष्य आधारित योजना बनाकर उपयंत्रियों का शोषण बंद किया जाये। मनरेगा के उपयंत्रियों का भी अपना परिवार होता है जिसका पोषण उसकी जिम्मेदारी होती है। अत: माह की प्रथम तारीख को वेतन मिल जाये, यह सुनिश्चित किया जाये ।

# संगठन सृजन अभियान के तहत बालाघाट में महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।**

कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान के तहत महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया की जानी है। इसी प्रक्रिया को गति देने के लिए नवनियुक्त पर्यवेक्षक खुर्शीद अंसारी बालाघाट पहुंची। यहां उन्होंने कांग्रेस की अलग-अलग महिला पदाधिकारीयों से चर्चा की और मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा संगठन सृजन के तहत काम करने वाली महिलाओं को ही संगठन में स्थान दिया जा रहा हैं , जो कार्यकर्ता , पूर्व पदाधिकारी निष्क्रिय हैं उन्हें किसी प्रकार की बड़ी जिम्मेदारी और पद नहीं दिए जा रहे हैं। इसी प्रक्रिया को लेकर वह बालाघाट पहुंची है। यहां महिला पदाधिकारीयों सहित शक्रिय कार्यकर्ताओं से चर्चा कर जल्द ही महिला जिला अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकारिणी की नियुक्ति होनी है।



सोमवार को संगठन सृजन अभियान के तहत महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर महिला पर्यवेक्षक खुर्शीद अंसारी बालाघाट पहुंची । यहां उन्होंने दोपहर 12=00 बजे से स्थानीय सर्किट हाउस में महिला कांग्रेस पदाधिकारीयों सहित महिला कार्यकर्ताओं से एक - एक कर चर्चा की, साथ ही उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है और इसी के तहत उनको बालाघाट में महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की प्रक्रिया पूर्ण करने की जिम्मेदारी दी गई है । इसी के तहत वह बालाघाट पहुंची है । आज उन्होंने बालाघाट महिला कांग्रेस के विभिन्न संगठनों की महिलाओं से चर्चा की , इस बार पार्टी उन महिलाओं को अवसर प्रदान करेगी जो महिलाएं सक्रिय रूप से संगठन में काम कर रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट करवा दिया कि पहले की तरह निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को पार्टी कोई जिम्मेदारी और पद नहीं देगी। बालाघाट में भी महिला जिला अध्यक्ष की कांग्रेस में नियुक्ति होना है, साथ ही ब्लॉक तथा अलग-अलग पदों पर महिला कांग्रेस में नियुक्तियां होनी है, किंतु वह सभी से चर्चा का संगठन में सक्रिय रूप से कार्य करने वाली महिलाओं के नाम का पैनल बनाकर प्रदेश स्तर पर लेकर जाएंगी । इसके लिए वह अलग-अलग महिला विंग और पदाधिकारीयों से चर्चा कर रही है । साथी उन महिलाओं पर भी वह नजर रख रही है, जिनके द्वारा सदस्यता अभियान में कितने सदस्य बनाए गए हैं। संगठन को किस प्रकार से महिलाएं समय दे रही है , जबकि देखा जाए तो सदस्यता अभियान में बहुत सी महिलाएं बड़े पदों पर होने के बाद भी निष्क्रिय हैं । उन महिलाओं से अब जिम्मेदारी छीन ली जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं , सदस्यता अभियान, वोट छोड़ गदी छोड़ , प्रदर्शन , धरना, आंदोलन जैसे कई कार्यक्रम में कौन कितना सक्रिय और कौन कितना निष्क्रिय है , इन सब बातों का भी पैनल बनाते समय ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने एक लाइन में यह स्पष्ट कर दिया कि जो महिला कार्यकर्ता या पदाधिकारी शक्रिय ना होकर निष्क्रिय रहता है उनसे जिम्मेदारी छीन कर काम करने वाली महिला और कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा । उन्होंने यह भी बताया कि जिन्हें जिम्मेदारी देने के बाद भी जिन्होंने काम नहीं किया है उन्हें भी अब पदों से हटाया जाएगा और उनसे उनका रिपोर्ट कार्ड लिया जाएगा ।

# जानकारी के अभाव में सैकड़ों किसान पंजीयन से हुए वंचित

## समर्थन मूल्य के लाभ से होंगें वंचित, किसानों ने पुन: पंजीयन की प्रक्रिया शुरू करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलवाने एवं दलालों व बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष मार्केटिंग एवं सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जाती है। जिसके लिए सेवा सहकारी समितियों एवं ऑनलाईन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी के पूर्व उपज विक्रय करने के लिए पंजीयन किया जाता है। वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की पंजीयन हेतु प्रचार-प्रसार नही होने, जानकारी के अभाव में एवं कम समय में ही पंजीयन की तिथि समाप्त हो जाने के कारण लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक के अंतर्गत आने वाली 9 सेवा सहकारी समिति क्षेत्र के करीब 400 से 500 किसानों ने पंजीयन नही करवा पाये है। जिसके कारण किसान खासा परेशान है और पंजीयन की तिथि को पुन: प्रारंभ करवाने की मांग को लेकर सेवा सहकारी समितियों में पहुंचकर शासन-प्रशासन से गुहार लगा रहे है किन्तु कोई सुनवाई नही हो पा रही है। जिससे किसान खासा परेशान है। साथ ही पंजीयन की तिथि समाप्त हुए 18 दिन बीत चुके है लेकिन अब तक शासन-प्रशासन के द्वारा किसानों की मांग की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।वहीं पंजीयन की प्रक्रिया पुन: शुरू नही होने पर किसान धान उपज को समर्थन मूल्य में विक्रय नही कर पायेगे। ऐसी स्थिति में वे समर्थन मूल्य के लाभ से वंचित हो सकते है और मजबूरी में उन्हे व्यापारियों को कम दामों में अपनी फसल को विक्रय करना पड़ेगा जिससे उन्हे प्रति क्विंटल 4 से 5 सौं रूपये का नुकसान होगा। इसलिए किसानों ने समर्थन मूल्य में उपज विक्रय करने के लिए पंजीयन करवाने से जो किसान छुट गये है उनके लिए पुन: पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ करवाकर सभी किसानों का पंजीयन करवाने की मांग की है ताकि समर्थन मूल्य का लाभ सभी किसानों को मिल सके।






### छुटे किसान पंजीयन करवाने के लिए हो रहे परेशान, जिम्मेदार मौन

आपकों बता दे कि बालाघाट जिला कृषि प्रधान जिला है और जिले के किसानों के द्वारा खरीफ सीजन में धान की फसल लगाई गई है एवं हल्की प्रजाति की फसल की कटाई का कार्य युध्द स्तर पर क्षेत्र में जारी है। वहीं सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष किसानों की खरीफ सीजन में लगाई गई धान की फसल को समर्थन मूल्य में खरीदी करती है और नबंबर माह से खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य शुरू हो जायेगा। उसके पहले किसानों को अपनी उपज विक्रय करने के लिए पंजीयन करवाना पड़ता है और वर्ष 2025-26 में उपज विक्रय करने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर था। लेकिन जिन किसानों को पंजीयन शुरू हो जाने एवं 10 अक्टूबर अंतिम तारीख है ऐसे ही किसानों ने पंजीयन करवा पाये है एवं जिन किसानों की पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी समय पर नही मिलने के कारण वे पंजीयन नही करवा पाये। इस तरह से लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अंतर्गत आने वाली 9 सेवा सहकारी समितियों के हर समितियों में 40, 50 एवं 60 किसान पंजीयन से वंचित हो चुके है। जो रोजाना समितियों में पहुंचकर प्रबंधकों से मिलकर पंजीयन करवाने की गुहार लगा रहे है। लेकिन पंजीयन की तिथि समाप्त एवं पोर्टल बंद हो जाने के कारण वे भी कुछ नही कर पा रहे है, जिससे किसान खासा परेशान है। इस तरह से लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक के अंतर्गत आने वाले 9 सेवा सहकारी समितियों में करीब 4 से 5 सौं किसानों का पंजीयन नही हुआ है। जिसकी जानकारी जिला प्रशासन को दे दी गई है। अगर शासन-प्रशासन के द्वारा पुन: पंजीयन के लिए पोर्टल चालू कर दिया जाता है तो शेष किसान समयावधि पर पंजीयन करवाकर समर्थन मूल्य का लाभ ले सकते है। वहीं किसानों का कहना है कि प्रतिवर्ष सेवा सहकारी समिति एवं प्रशासन के माध्यम से उपज विक्रय हेतु पंजीयन करवाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाता था, लेकिन इस वर्ष नही किया गया और कम समय में ही पंजीयन की तिथि समाप्त कर दी गई जिससे सैकड़ों किसानों ने पंजीयन नही करवा पाये है। जबकि सरकार किसानों की आय दुगुनी करने की बात कहती है लेकिन क्षेत्र के किसान समर्थन मूल्य के लाभ से वंचित हो रहे है इसलिए सरकार से मांग है कि पंजीयन की प्रक्रिया को पुन: प्रारंभ करवाकर शेष किसानों का पंजीयन करें।

### किसान समर्थन मूल्य के लाभ से हो जायेगें वंचित - हुकुमचंद

किसान हुकुमचंद गजभिये ने बताया कि समर्थन मूल्य में उपज विक्रय करने के लिए बहुत से किसानों ने पंजीयन नही करवा पाये है क्योंकि इस बार प्रचार-प्रसार नही किया गया, न ही किसी प्रकार की किसानों को जानकारी दी गई। जिसके कारण हर समिति में 50 से 60 किसान पंजीयन करवाने से छुट गये है। ऐसी स्थिति में वे समर्थन मूल्य के लाभ से वंचित हो सकते है। श्री गजभिये ने बताया कि मोटे अनाज कोदो, कुटकी का पंजीयन करने की तिथि को बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया गया है, उसी तरह धान पंजीयन का जो पोर्टल बंद हो चुका है उसे पुन: प्रारंभ करवाकर जिन किसानों ने पंजीयन नही करवाये है उनका पंजीयन करें ताकि किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके।



### पंजीयन की प्रक्रिया को पुन: शुरू करें प्रशासन - मोहनदास

मोहनदास माने ने बताया कि बालाघाट जिला कृषि प्रधान जिला है और खरीफ सीजन में किसान धान की फसल का उत्पादन अधिक लेते है एवं पंजीयन की अंतिम तारीख की जानकारी कुछ ही लोगों को थी। जिसके चलते बहुत कम किसानों ने पंजीयन करवा पाये है और किसानों उम्मीद थी कि तारीख बढ़ेगी लेकिन नही बढ़ी है जिससे किसान खासा परेशान है। श्री माने ने बताया कि जिन किसानों का पंजीयन नही हुआ है उनके लिए सरकार पुन: पंजीयन की प्रक्रिया शुरू करे ताकि वे पंजीयन करवा सके। अगर पंजीयन नही हुआ तो व्यापारियों को कम दाम में किसान अपनी उपज विक्रय करेगें जिससे उन्हे आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ेगा।



### उच्चाधिकारियों दे दी गई है जानकारियां - लिल्हारे

दूरभाष पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा लालबर्रा पर्यवेक्षक डीके लिल्हारे ने बताया कि समर्थन मूल्य में उपज विक्रय करने के लिए 10 अक्टूबर तक किसानों का पंजीयन किया गया है और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा लालबर्रा के अंतर्गत 9 सेवा सहकारी समितियां आती है। लेकिन हर समितियों में 50 से 60 किसान किसी कारणवश पंजीयन नही करवा पाये है। जिसकी जानकारी जिला प्रशासन को दे दी गई है, अगर शासन स्तर से पंजीयन की प्रक्रिया पुन: प्रारंभ होती है तो शेष किसानों का पंजीयन किया जायेगा।



# पूर्व गृह मंत्री के नाती, वरिष्ठ कांग्रेसी ज्ञानचंद शर्मा को पुत्रशोक, अंत्येष्टि आज

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी निवासी म.प्र. शासन के पूर्व गृह मंत्री, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक स्व. नंदकिशोर शर्मा जी के नाती एवं वरिष्ठ कांग्रेसी ज्ञानचंद शर्मा के 35 वर्षीय पुत्र अजय (नन्हे) शर्मा का 27 अक्टूबर को सुबह हद्‌यगति रूक जाने से दु:खद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 28 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे स्थानीय मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार म.प्र. शासन के पूर्व गृह मंत्री, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक स्व. नंदकिशोर शर्मा जी के नाती एवं वरिष्ठ कांग्रेसी ज्ञानचंद शर्मा के 35 वर्षीय पुत्र अजय (नन्हे) शर्मा कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और 26 अक्टूबर की रात में अचानक अधिक तबियत खराब होने पर परिजन बेहतर उपचार के लिए उसे नागपुर लेकर जा रहे थे। तभी सिवनी के समीप रास्ते में हद्‌यगति रूक जाने से उनका दु:खद निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही चित-परिचितों एवं परिजनों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। वहीं इतनी अल्पायु में अजय शर्मा का निधन हो जाने की खबर सुनकर हर कोई आश्चर्यचकित हो गये और उन्हे कुछ समय तक विश्वास भी नही हो रहा था कि इतनी कम आयु में वे सबको छोड़कर चले जायेगें। जिसके बाद लोग उनके निवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की तब जाकर उन्हे विश्वास हुआ कि नन्हे शर्मा अब इस दुनिया में नही रहे। जिसके बाद दिनभर जनप्रतिनिधि, रिस्तेदार एवं परिजन स्व. अजय शर्मा के निवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर ढंढास बांधा और श्रध्दांजली अर्पित किये। स्व. अजय (नन्हे) शर्मा सरल, स्वभाव एवं मृदुभाषी के धनी थे, अपने पीछे पिता, माँ, भाई, पत्नि, बेटा सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये है। स्व. अजय (नन्हे) शर्मा का 28 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे लालबर्रा स्थित मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में अंतिम संस्कार किया जायेगा।



# घोटी की मंडई में गोवारी समाज का पारंपरिक नृत्य रहा आकर्षण का केन्द्र

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत घोटी में पंचमी मंडई के अवसर गोवारी समाज की पारंपरिक नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर गोवारी समाज के सदस्यों ने उत्साह, उमंग के साथ पारंपरिक वेशभूषा में समूह नृत्य प्रस्तुत किया। यह नृत्य न केवल मनोरंजन का साधन था, बल्कि यह गोवारी समाज की पहचान, एकजुटता और उनके सांस्कृतिक मूल्यों को भी दर्शाता है। इस तरह से गोवारी समाज की पारंपरिक नृत्य ने समाज की समृध्द, संस्कृति और परंपरा को जीवंत कर दिया।



इस भव्य आयोजन में समाज के कई प्रमुख सदस्यों और युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिये और अपनी कला का प्रदर्शन किया। पारंपरिक नृत्य में प्रमुख रूप से चंद्रकुमार सहारे, रामप्रसाद गजबे, नाथन राऊत, चेनलाल वाघाडे, लोकेश कार्सर्पे, सीताराम गजबे, राहुल सहारे, अमित नेवारे, बिराजलाल चौधरी, तरूण गजबे, कुंवर सहारे, दिनेश नेवारे, सावन नेवारे, लक्ष्मण वाघाड़े, विक्की चौधरी, नेतराम गजबे, उमेश चौधरी, युवराज मानकर, राकेश गजबे, शिवराम वागड़े, मल्ली, दयाराम सहारे, लिलराम वाघाडे, विष्णु वाघाडे, सुरज गजबे, गगन मुर्खे, रमेश वाघाड़े, शिव नेवारे, दशरथ सहारे, मोक, लखन नेवारे, मारूति नेवारे, खिलेश्वर नेवारे, इंद्रकुमार सहारे, संजय सहारे और राहुल सहारे शामिल रहे। इन सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास ने मंडई के इस त्यौहार को और भी यादगार बना दिया। जिनके उत्साहपूर्ण नृत्य एवं सहभागिता ने दर्शकों का मन मोह लिया और गोवारी समाज की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती से सामने रखा। साथ ही पंचमी मंडई का यह आयोजन घोटी ग्राम के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पर्व बन गया है, जो समाज में सौहार्द और परंपराओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देता है।

# मनरेगा मेट संघ ने एपीओ को सौंपा ज्ञापन

## सभी मेंटों को एक साथ प्रशिक्षण देने की मांग, मांगे पूरी नही होने पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बहिष्कार करने की दी चेतावनी

**पद्मेश न्यूज।लालबर्रा।** मनरेगा वाइस प्रोजेक्ट क्रियान्वयन कार्यक्रम अंतर्गत महिला श्रमिकों का क्षमतावर्धन हेतु पायलेट के आधार पर नालेज पार्टन के सहयोग हेतु प्रधान संस्था के द्वारा शासन के निर्देश पर जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत की कुछ पंचायतों की महिला मेटों का जनपद पंचायत लालबर्रा में 29 अक्टूबर से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है एवं बाकी पंचायत के मेटों को इस प्रशिक्षण से दुर रखा गया है। जिससे अन्य महिला मेटों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सोमवार को मनरेगा मेट संघ के बैनर तले आधा सैकड़ा से अधिक महिला मेट जनपद पंचायत लालबर्रा कार्यालय पहुंचकर मनरेगा एपीओं रूपेश इवने को ज्ञापन सौंपकर जिन 36 मेटों को 29 अक्टूबर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित कर सभी महिला मेटों का एक साथ प्रशिक्षण देने की मांग की है एवं मांगे पूरी नही होने पर 29 अक्टूबर से शुरू हो रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी है। आपकों बता दे कि मनरेगा योजना के तहत वाइस प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के लिए प्रधान संस्था के द्वारा लालबर्रा जनपद पंचायत क्षेत्र के कुछ पंचायतों के एक-दो महिला मेटों को कौशल विकास के साथ ही उनके काम और जिम्मेदारियों के बारे में बेहतर जानकारियां देने के लिए चयनित किया गया है। जिनका प्रशिक्षण जनपद पंचायत लालबर्रा के सभाकक्ष में 29 अक्टूबर से आयोजित किया गया है। जिन्हे एक बगिया माँ के नाम परियोजना के तहत निजि जमीन पर फलदार पौधे कैसे लगाना है, उसकी सुरक्षा करने, रोजगार कैसे मिलेगा, किस तरह से काम करना है सहित अन्य योजनाओं एवं काम के बारे में प्रशिक्षण दिया जायेगा और यह प्रशिक्षण प्रधान संस्था के माध्यम से दिया जायेगा। इस तरह से लालबर्रा जनपद क्षेत्र के कुछ ही पंचायत की महिला मेटों को प्रशिक्षण दिया जाना है और उक्त मेट ही अन्य पंचायतों में पहुंचकर काम करवाये। जिससे अन्य महिला मेटों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो सकता है। इसलिए महिला मेटों की मांग है सभी पंचायत की महिला मेटों को एक साथ प्रशिक्षण दिये जाने एवं अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में काम करने का दायित्व दिये जाने की मांग कर रहे है। लेकिन जनपद पंचायत के अधिकारियों का कहना है कि यह प्रशिक्षण हमारे द्वारा नही दिया जा रहा है, मनरेगा वाइस प्रोजेक्ट के तहत प्रधान संस्था दे रही है, उनसे चर्चा कर 77 ग्राम पंचायत के महिला मेटों को प्रशिक्षण दिये जाने की बात कही है। जिस पर उपस्थित मेटों ने कहा कि जनपद पंचायत लालबर्रा से पत्र जारी किया गया है जो गलत है, हमारे साथ भेदभाव किया जा रहा है इसलिए 29 अक्टूबर से शुरू होने वाले महिला मेटों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित करे, सभी मेटों को एक साथ प्रशिक्षण दे, नही जो 29 अक्टूबर से शुरू होने वाली प्रशिक्षण में कोई भी महिला मेट उपस्थित नही होगें और प्रशिक्षण कार्यक्रम का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। चर्चा में श्रीमती ज्योति बिसेन, जितेन्द्र डोरस ने बताया कि 29 अक्टूबर से कुछ पंचायत के महिला मेटों को जनपद में प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं बाकी मेटों को छोड़ दिया गया है। ऐसी स्थिति में जिन्हे प्रशिक्षण दिया जायेगा उन्हे रोजगार मिलेगा, हमें नही मिलेगा। इसलिए एपीओं सर को ज्ञापन सौंपकर दो दिवसीय प्रशिक्षण को स्थगित कर सभी मेटों को एक साथ प्रशिक्षण देने की मांग की है एवं मांगे पूरी नही होने पर सभी महिला मेट इस प्रशिक्षण का बहिष्कार करेगें। इस अवसर पर मनरेगा मेंट संघ के पदाधिकारी एवं महिला मेट बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### मांगों को पूरा करवाने का करेगें प्रयास - रूपेश

एपीओं रूपेश इवने ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत वाइस प्रोजेक्ट जिसका क्रियान्वयन प्रधान संस्था के द्वारा किया जाना है। इस संबंध में जनपद पंचायत की 77 ग्राम पंचायतों मे से 36 पंचायत के कुछ महिला मेटों को प्रशिक्षण 29 अक्टूबर से दिया जाना है। इसलिए मेट संघ की मांग है कि सभी मेटों को एक साथ प्रशिक्षण दिया जाये इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है। श्री इवने ने बताया कि प्रधान संस्था को मेटों की मांगों से अवगत करवाकर उनकी मांगों को पूरा करवाने का पुरा प्रयास किया जायेगा।

# आज मिरेगांव में मनाई जायेगी भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी दूर ग्राम पंचायत मिरेगांव स्थित हनुमान मंदिर सभामंच परिसर में डहरवाल कलार समाज के द्वारा 28 अक्टूबर को समाज के आराध्य देव भगवान श्री राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। चर्चा में डहरवाल कलार समाज सचिव अविनाश चन्द्रवार ने बताया कि भगवान राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती मिरेगांव स्थित हनुमान मंदिर के सभामंच परिसर में डहरवाल कलार समाज मिरेगांव के द्वारा 28 अक्टूबर की शाम 7 बजे मनाई जायेगी। इस अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगे। इस अवसर पर सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील डहरवाल कलार समाज मिरेगांव के सचिव अविनाश चंद्रवार सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।



## आज मांझापुर में दुय्यम महिला शायरी

**पद्मेश न्यूज। बेहरई/लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मांझापुर में सार्वजनिक मंडई उत्सव समिति के तत्वाधान में 28 अक्टूबर को दिन-रात की मंडई का आयोजन किया गया है। चर्चा में सार्वजनिक मंडई उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सातवीं मंडई के अवसर पर ग्रामीणजनों के रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए 28 अक्टूबर को रात 9 बजे से दुय्यम महिला शायरी का आयोजन किया गया है। जिसमें न्यू आदर्श महिला शायर ग्रुप पानगांव की शायर दयवंती गड़पाले एवं शक्ति महिला मंडल सालेटेका हट्टा की शायर श्यामाबाई सोनी के द्वारा अपने-अपने साथी कलाकारों के साथ सुमधुर स्वरों में शायरी की प्रस्तुती दी जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील समिति अध्यक्ष रजनीश डहरवाल, उपाध्यक्ष रामगोपाल मुंजारे, रमेश नारबोदे, सचिव जयसिंह मर्सकोले, रामेश्वर मण्लडार, कोषाध्यक्ष संजय सोनगड़े, बाबूलाल डहरवाल, कार्यकारिणी अध्यक्ष उमेश बिसेन, पंकज डहरवाल, कार्यक्रम संयोजक विजय सोनगड़े, रूपेश चौधरी, विनोद डहरवाल, सरपंच श्रीमती रूखमणी मर्सकोले, उपसरपंच घनश्याम चौधरी सहित ग्रामीणजनों ने की है।

# सोना गबन का फरार कारीगर गिरफ्तार : टोंडियानाला के पास से सोना बरामद

## पुलिस ने आरोपी से बरामद किया १६ लाख का सोना आरोपी को न्यायालय ने भेजा जेल

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी नगर की ज्वेलर्स दुकान में बड़ी मात्रा में हुए सोने के गबन के मामले में वारासिवनी पुलिस ने सोने के आभूषण निर्माण करने वाले कारीगर सनातन पिता महादेव दोलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अनुमानित लागत करीब १६ लाख रुपये का १२० ग्राम सोना बरामद किया है। यह आरोपी पिछले एक वर्ष से फरार था जिसे न्यायालय ने जेल भेज दिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी हेमंत नायक ,सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र ,आरक्षक सुजीत कोटा ,हेमंत बघेल ,तरेंद्र बिसेन का सराहनीय योगदान रहा।

### यह हैं मामला

नगर के सराफा व्यापारी आकाशदीप पंचारिया निवासी वार्ड नंबर १४ के द्वारा शुभकलश ज्वेलर्स नामक दुकान आंबेडकर चौक में संचालित की जाती थी। जहाँ वे स्वयं सोने के आभूषण बनाने का कार्य करते हैं। उनके यहाँ सनातन पिता महादेव दोलोई उम्र ३५ वर्ष निवासी धन्नागढ़ी थाना जयपुर जिला हावड़ा पश्चिम बंगाल के द्वारा कारीगर के रूप में कार्यरत था। जहाँ ३ नवंबर २०२४ को आकाशदीप के द्वारा कारीगर सनातन दोलाई को लगभग २०० ग्राम सोना जेवर निर्माण हेतु दिया गया था। सोने के आभूषण निर्माण करने वाला कारीगर ९ नवंबर २०२४ को वह बिना सूचना दिए दुकान से चला गया। उसने कुछ अधूरे जेवर दुकान में छोड़ दिए तथा शेष सोना लेकर फरार हो गया। कारीगर की कोई जानकारी नही लगने पर १६ नवंबर २०२४ को आकाशदीप पंचारिया ने थाने में शिकायत दी थी। उक्त शिकायत पर थाना



वारासिवनी में अपराध क्रमांक ३६५/२४ भारतीय न्याय संहिता की धारा ३१६ २ के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इसके उपरांत वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वारासिवनी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना वारासिवनी पुलिस ने एक वर्ष पुराने सोना गबन मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### इस इन स्थानों से पुलिस ने बरामद किया सोना

विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा निरंतर तलाश एवं प्राप्त सूचनाओं के आधार पर आरोपी सनातन दोलाई को २२ अक्टूबर २०२५ को वारासिवनी से गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर लगातार आरोपी से पूछताछ की गयी इस दौरान उसकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से सोना बरामद किया गया। पुलिस ने वारासिवनी स्थित उसके किराये के कमरे, कहारी मोहल्ला से सोने की धातु के दो टुकड़े वजन लगभग २० ग्राम तथा टोंडिया नाला वारासिवनी के पास झाड़ियों से एक सोने का बिस्कुट ,एक सोने की चॉकलेट एवं एक सोने की पट्टी कुल वजन लगभग १०० ग्राम बरामद की गई। इस प्रकार कुल १२० ग्राम कीमती करीबन १६ लाख रूपये का सोना जब्त किया गया।

### वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पूरी कार्यवाही की गई-अभिषेक चौधरी

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि १६ नवंबर २०२४ को आकाशदीप पंचारिया ज्वेलर्स मालिक के द्वारा बताया गया था कि उनके यहां सनातन दोलाई उम्र ३५ वर्ष निवासी धन्नागढ़ी जिला हावड़ा पश्चिम बंगाल कारीगर था। उसे ३ नवंबर एवं ९ नवंबर को कुल २०० ग्राम सोना आभूषण बनाने दिया था जिसमें वह कुछ आभूषण बनाकर बाकी सोना लेकर फरार हो गया था। इस अपराध की जानकारी हमने वरिष्ठ अधिकारियों को देखकर उनके मार्गदर्शन में विवेचना कर अपराधी को गिरफ्तार किया। आरोपी के निशानदेही पर विभिन्न स्थान से पट्टी चॉकलेट और बिस्कुट के रूप में १२० ग्राम सोना बरामद किया है।

# अंतिम ओवर में चौका मारकर देवगांव ने चिचोली को हराया

## कन्हड़गांव के चिचोली में क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्हड़गांव के चिचोली ग्राम के चनई नदी के तट पर जय बोदलपाट के मैदान में विगत १० दिनों से चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम फाइनल मुकाबले के अतिथियों का ढोल.नगाड़ों व फटाकों से स्वागत किया। विगत दिनों से चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की २४ टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें पूर्व के वर्ष में फाइनल में पहुंची देवगांव व चिचोली की टीम इस वर्ष भी फाइनल में पहुंची। अपने निर्धारित १०-१० ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी चिचोली की टीम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए ७५ रन का स्कोर खड़ा किया। वहीं ७५ रनों के स्कोर का पीछा करने उतरी देवगांव की टीम के बल्लेबाजों ने अंतिम ओवर में चौका व ३ रन ड़कर फाइनल मुकाबले में अपनी जीत हासिल कर लिया व फाइनल मुकाबले की १५१११ रूपये का पारितोषिक व ट्रॉफी देवगांव के कप्तान ने अतिथियों के हस्ते ग्रहण किया। वहीं गत वर्ष की विजेता चिचोली टीम को इस वर्ष उपविजेता ट्रॉफी से संतुष्ट होना पड़ा व ७७७७ रूपये व ट्रॉफी का पुरस्कार अतिथियों ने प्रदान किया। टूर्नामेंट के समापन के अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के पुत्र प्रबल जायसवाल व सेक्टर सह.प्रभारी विनोद मिश्रा उपस्थित हुए। इस दौरान ग्राम सरपंच श्रीमती दुर्गेश्वरी आड़े ,गजराज आडे एवं ग्रामीणों ने समापन अवसर पर रमेश नगपुरे , अनिल दमाहे,श्याम बांगड,प्रदीप ठाकरे,कार्तिक बुर्डेकर, रोहित लिल्हारे, डुलेश डायरे,गौरव डायरे,पंकज ऊके,लोकचंद्र दमाहे, जितेंद्र आडे मौजूद रहे।





# मेहंदीवाड़ा-मेहदोली मार्ग जर्जर

## ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहंदीवाडा से मेहदोली मार्ग की स्थिति बहुत ज्यादा जर्जर हो गई है। मार्ग में बड़े.बड़े गड्ढे हो गए हैं तो वहीं कुछ हिस्से में मार्ग गाड़दान के रूप में ट्रैक्टरों की आवाजाही से बना हुआ है। इस मार्ग पर ग्राम के लोगों को आवागमन करने में खासा परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए लंबे समय से ग्रामीणों के द्वारा पंचायत एवं प्रशासन से मार्ग निर्माण की मांग की जा रही है। किंतु लंबे समय से इस मार्ग के निर्माण पर शासन के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिए जाने से मार्ग की स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है। जो कई स्थानों पर पैदल चलने लायक भी नहीं बचा है इस मार्ग की हालत को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। विदित हो की मेहंदीवाड़ा बस्ती से एक कच्चा मार्ग नदी की तरफ जाता है जहां नदी सूखने पर ग्रामीणजन नदी को क्रॉस कर मेहदोली के लिए निकलते हैं। उक्त मार्ग का उपयोग ग्राम के लोग डोंगरमाली या उक्त क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में आने जाने के लिए उपयोग करते हैं। तो वहीं इस मार्ग के दोनों तरफ एवं नदी के किनारे बड़ी संख्या में लोगों की खेती स्थित है जहां किसान प्रतिदिन लोग खेती कार्य से आना जाना करते हैं। वर्तमान में खेती किसानी का दौर प्रारंभ है ऐसे में ट्रैक्टर या अन्य वाहन ले जाने में किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि कच्चा मार्ग होने के कारण बारिश में कीचड़ पानी और ट्रैक्टर चलने से बहुत ज्यादा बर्बाद हो गया है। मार्ग में कच्ची सड़क और ऊपर नीचे सड़क हो गई है जहां से मोटरसाइकिल आने जाने में काफी समस्या हो रही है। तो वहीं कई लोग दुर्घटनाग्रस्त भी हो रहे हैं क्योंकि कई वर्षों से उक्त मार्ग का कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है और ना ही मार्ग में मुरूम डालकर व्यवस्था बनाने का कार्य किया गया है। जिसका परिणाम है कि रोड़ हर साल खराब होती जा रही है हालांकि पंचायत द्वारा सुदूर सड़क की मांग करने की बात कही जा रही है किंतु वर्तमान तक मार्ग पर कोई कार्य नहीं कराया गया है। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा जिला प्रशासन पर भी अनदेखी करने का आरोप लगाया जा रहा है। यहाँ लोगों को समस्याओं का सामना करते हुए प्रतिदिन आना जाना करना पड़ रहा है।

### यह समस्या विगत वर्षो से बनी हुई जो आज तक प्रशासन ने पुरा नहीं किया है-अमृतलाल बिसेन

ग्रामीण अमृतलाल बिसेन ने बताया कि बरसात में यह मार्ग की बहुत भारी समस्या हो जाती है। यहां से बहुत ज्यादा ट्रैक्टर चलाते हैं जिससे पूरी रोड़ खराब हो गई है। हर किसी को यहां पर दिक्कत हो रही है व्यक्ति नदी तक नहीं जा सकता है, पूरा रोड़ में बडे बड़े गड्ढे सहित मार्ग ऊपर नीचे हो गया है। यहां पर सीमेंट रोड़ बनना अति आवश्यक है रोड़ रहेगी तो अच्छा होगा अभी तो ट्रैक्टर तक नहीं जा सकते हैं। वाहन पलट जाएंगे कोई गारंटी नहीं है मैं ७५ वर्ष का हो चुका हूं बहुत मुश्किल से गाड़ी चलाता हूं नदी तक हम नहीं जा सकते मेरा खेत नदी के पास में है। कई बार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से दुर्घटनाग्रस्त भी हो गया हो यहां तक की इस मार्ग पर पैदल चलने वालों को दिक्कत है जबकि अभी सुख समय है।

### सड़क बनाने जिला पंचायत को कई बार पत्र लिखा गया है- किशोर तामेश्वर

सरपंच प्रतिनिधि किशोर तामेश्वर ने बताया कि मेहंदीवाड़ा से मेहदोली मार्ग का निर्माण पिछले १० वर्षों से नहीं किया गया है और ना ही मरम्मत की गई है। इसके लिए हमारे द्वारा तीन से अधिक बार लिखित रूप से जिला पंचायत में सुदूर सड़क एवं अन्य प्रकार से किसी भी रूप में सड़क उपलब्ध कराने मांग की गई है। पर हमें आज तक सड़क नहीं मिली यहां पर ग्रामीणों सहित किसानो सभी की शिकायत है। पंचायत में इतना फंड भी नहीं है कि पंचायत अपनी निधि से इस रोड़ का निर्माण कर दें करीब डेढ़ किलोमीटर की यह सड़क है। यहां पर खेती के साथ व्यवसायी वाहनों का भी आना जाना होता है जिसके कारण मार्ग की यह स्थिति है।

# कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन दबंग वारासिवनी की टीम बनी विजेता





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम गुनई में स्वामी विवेकानंद क्लब के तत्वाधान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका समापन मैच रविवार को गुनई और वारासिवनी के बीच खेला गया। जिसमें वारासिवनी की टीम ने अच्छा प्रदर्शन कर तीनो ही राउंड में एक तरफा जीत दर्ज कर ली। वहीं विजेता और उपविजेता टीम को विधायक विवेक पटेल के हस्ते पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान खैरलाँजी जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, उपसरपंच ओमकार बिसेन, ब्लाक अध्यक्ष गोकुलप्रसाद गौतम, पूर्व सरपंच कोमेंद्र पटले,सुनील नगपुरे,शिवशंकर पटले,नरेंद्र ठकरेले, शिशुपाल बिसेन,पंजू पटले,आकाश शिवहरे,राजू मसकरे,गुड्डा नगपुरे, योगेंद्र पटले,पारस पटले,गौरव बघेले, अनिल पटले,मोहित नगपुरे,अंकुश नगपुरे,राजू पटले,राजकुमार बिसेन, ओमप्रकाश बघेले,राजेश नगपुरे सहित खेलप्रेमी मौजूद रहे। रविवार को फाइनल मैच में दबंग वारासिवनी की टीम ने तीनो ही राउंड में जीत दर्ज कर पूरे टूर्नामेंट के चैंपियन बन गई। वारासिवनी की टीम ही सिर्फ ऐसी टीम थी जो एक भी मैच नहीं हारी। मैच की शुरुआत से ही वारासिवनी की टीम गुनई की टीम पर हावी रही और लगातार अपने अंक बढ़ाते रही । वारासिवनी की टीम ने गुनई की टीम को कभी भी अपने ऊपर हावी होने नहीं दिया और शुरुआत से ही अपने अंक बढाते रहें जिससे वारासिवनी की टीम ने अच्छा प्रदर्शन कर एक तरफा जीत दर्ज कर ली। विधायक विवेक पटेल ने कहा की खेल हमारे देश की सदियों पुरानी परंपरा है विश्व के सभी देश अपने देश के युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिता और प्रोत्साहन के लिए करोड़ों रुपये का व्यय अपने बजट में शामिल करते हैं। खेलों से हमारे देश की तरुणाई का शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है,खेलो से सभी का भाईचारा बना रहता है। यहां शुरू से ही अच्छे खिलाड़ी आते रहें है जो खिलाडी आये है उनसे हमें अच्छा खेल सिखने मिले और नई पीढ़ी के युवाओं को अच्छा देखने मिले। यहां कई वर्षो से अच्छी कबड्डी प्रतियोगिता खेली जाती है। वहीं उन्होंने कहा कि जीवन पर खेल का बहुत बड़ा महत्व है खेलो से मानसिक शारीरिक भावनात्मक विकास के साथ.साथ लोगों को जुड़ाव महत्वपूर्ण है। ग्राम के युवाओं ने मेट की मांग की हैँ बहुत ही जल्द खिलाड़ियों को नई मेट मिल जायेगी। मुझे ग्राम के लोगो ने चुनाव में बहुत आशीर्वाद दिया है, मैं इस ग्राम का अपने जीवन भर ॠणी रहूंगा। गुनई वासियो ने स्टाप डेम की मांग की है आने वाले समय में पानी की बहुत किल्लत का सामना पडेगा मैं प्रयास कर रहा हुं बहुत ही जल्द ग्राम गुनई में स्टाप बन जाएगा।

# हमने क्षेत्र के विकास के लिये कोई कमी नही की है- प्रदीप

**पद्मेश न्यूज। डोंगरमाली।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम डोंगरमाली ,मेहदोली,गुनई, वारा, लिंगमारा में मंडई का आयोजन किया गया। ग्राम डोंगरमाली में दो दिवसीय ग्राम उत्सव में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की डोंगरमाली से घोटी १४ किलोमीटर सड़क और ४० करोड़ की राशि के घोटी से धापेवाड़ा पूल के निर्माण के साथ ही आवागमन के सुचारू रूप दिखने से हमारी सोच भी स्पष्ट हो जाएगी की हमने सोच समझकर नक्शा बनाकर क्षेत्र का विकास किया है। श्री जायसवाल ने कहा की मेहदोली से झालीवाड़ा पुल निर्माण के बाद सिकंद्रा से मेहँदीवाड़ा पुल और सिंगोड़ी से देंवगांव पुल मेरी प्राथमिकता में थे। चुनावी परिणामो से परे फिर भी निराश होने की जरूरत नही है। श्री जायसवाल ने कहा की हमारे घोटी पुल का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। जल्द महाराष्ट्र धापेवाड़ा की दूरी पूरी तरह खत्म हो जाएगी। एक कदम म.प्र. में तो दूसरा कदम पड़ोसी राज्य में होंगा। श्री जायसवाल ने कहा कि ड्रामा के माध्यम से शानदार प्रदर्शन कला को देखकर कलाकारों की सराहना भी की। इस दौरान हानेश भगत,शिव दमाहे,माणिक भगत, कांति ठाकरे, मिताराम लिल्हारे,गणेश साहू, देवीचंद बोपचे,मिलिन्द्र नगपुरे, जसवंत पटले, अनिल कावड़े , परमेश्वरी बिरनवार श्रीमती मधु शुक्ला, नरेंद्र ठकरेले, अनिल मसखरे, सुरेश नगपुरे ,वेदप्रकाश पटेल, धनेंद्र मानेश्वर,धनलाल नागेश्वर, सुनील भगत, रामदयाल पंचेश्वर, अनीश मिश्रा , सूर्यभान सिंह पुसाम , पुनाराम कोलते, सूरज करकाड़े, देवेंद्र वरकड़े, सागर कुमरे, ओम मर्सकोले, दुर्गा पन्द्रे , मोतीराम साव डहाके, दौलत परते, खिलीराम बघेले,दिवान मड़ावी, फन्दूलाल चचाने मौजूद रहे।





## संपादकीय

# राजनीतिक शुचिता को चुनौती है चुनावी सौदेबाजी

बिहार में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सत्ताधारी और विपक्षी दलों की ओर से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए घोषणाओं और वादों का सिलसिला जारी है। जनता अपना समर्थन किस राजनीतिक दल या पक्ष को दे, यह इस पर निर्भर करता है कि वह किसे अपने या व्यापक हितों के अनुकूल समझती है। यह लोकतंत्र का एक जीवन-तत्त्व है कि राजनीतिक पार्टियां सत्ता हासिल करने के लिए जनता के हितों को केंद्र में रखें। मगर इस क्रम में पिछले कुछ वर्षों में हुआ यह है कि लगभग सभी राजनीतिक दल ऐन चुनावों के वक्त आम लोगों के सामने उनके हित के नाम पर ऐसे वादे करती हैं कि साधारण मतदाता कई बार सभी पक्षों की ईमानदारी का समग्र मूल्यांकन करने के बजाय तात्कालिक घोषणाओं से प्रभावित हो जाते हैं।2023 में मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों से शुरु हुआ यह खेल अब तक अनवरत जारी है. राजनीतिक पंडितों का मानना है कि इसका स्वाभाविक असर मतदान पर पड़ता है, लेकिन यह समझने की कोशिश नहीं की जाती कि चुनावी सौदेबाजी से देश की अर्थव्यवस्था और राजनीतिक शुचिता किस तरह प्रभावित होती है।

> जो घोषणाएं सत्ता और विपक्षी दलों ने बिहार के लोगों के लिए की हैं, उनकी जरूरत दरअसल इसलिए पड़ी कि राज्य में अब तक जरूरत के मुताबिक सरकारी कल्याण कार्यक्रम पूरे नहीं किए गए, व्यापक बेरोजगारी गंभीर समस्या बनी हुई है और एक बड़ी आबादी के लिए अभाव का सामना करना एक रोजमर्रा की मुश्किल है।

बिहार में वोट जुटाने के मकसद से सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विपक्षी महागठबंधन की ओर से मतदाताओं को रिझाने के लिए कई तरह की सौगात देने की घोषणाएं की गई हैं। अगर वे सचमुच पूरी होती हैं, तो इसके लिए संसाधन कहां से आएंगे, इसका राज्य की अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ेगा, इसे लेकर किसी में चिंता नहीं दिखाई देती है। मसलन, चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत करीब सवा करोड़ महिलाओं को दस-दस हजार रुपए की राशि दी गई, जिससे राज्य के खजाने से बारह हजार करोड़ रुपए से ज्यादा व्यय हुए। इसी तरह, बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली, जीविका, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी की घोषणा की गई। दूसरी ओर, विपक्षी महागठबंधन की ओर से सबसे बड़ी घोषणा हर परिवार से एक को सरकारी नौकरी देने की हुई। इसके अलावा, हर जीविका दीदी को तीस हजार रुपए वेतन और अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया गया।

जो घोषणाएं सत्ता और विपक्षी दलों ने बिहार के लोगों के लिए की हैं, उनकी जरूरत दरअसल इसलिए पड़ी कि राज्य में अब तक जरूरत के मुताबिक सरकारी कल्याण कार्यक्रम पूरे नहीं किए गए, व्यापक बेरोजगारी गंभीर समस्या बनी हुई है और एक बड़ी आबादी के लिए अभाव का सामना करना एक रोजमर्रा की मुश्किल है। सवाल है कि सभी दलों को आखिर इस तरह के वादे या घोषणाएं करने की जरूरत तभी क्यों पड़ती है, जब चुनाव सिर पर होते हैं। सत्ता में रहते हुए उनकी प्राथमिकताएं आम जनता के बजाय कुछ और क्यों हो जाती हैं? यह एक आम हकीकत है कि अगर सरकार के सामने बेरोजगारी या अन्य समस्याओं का जिक्र किया जाता है, तो वह धन की कमी का रोना रोने लगती है। फिर चुनावी सौदेबाजी के तहत परोसी जाने वाली मुफ्त की सुविधाओं के लिए धन और संसाधन कहां से आ जाते हैं? हालांकि एक पक्ष यह भी है कि अगर कोई भी सरकार ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करे, तो वह नागरिकों को आर्थिक-सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बिना अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाए सब कुछ कर सकती है, लेकिन यह इस पर निर्भर करता है कि कल्याण कार्यक्रमों का स्वरूप क्या है। अगर कोई सुविधा आम जनता को मुफ्त मुहैया कराई जाती है तो किसी न किसी रूप में उसकी कीमत लोगों को ही चुकानी पड़ती है। लेकिन इस इबारत को कोई नहीं पढ़ पा रहा है।

ना तो राजनीतिक दल, ना ही मतदाता।

# क्या एआई की होड़ में अमेरिका से जीत पाएगा चीन ?

**प्रतिस्पर्धा**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वैश्विक ताकत की नई मुद्रा बन गया है, और चीन बड़े पैमाने पर इसे हासिल करने में जुटा है।

चीन ने 2017 में एलान किया कि साल 2030 तक वह दुनिया की अग्रणी एआई शक्ति बनेगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए चीन में अरबों डॉलर का निवेश किया है। इसकी वजह से देश के भीतर इनोवेशन भी तेजी से बढ़ा है। अनुमान है कि सरकार और निजी कंपनियों, दोनों को मिलाकर अकेले 2025 में ही चीन एआई पर लगभग 100 अरब डॉलर खर्च करेगा।

इस साल चीन ने डीपसीक नाम के एक स्टार्टअप के जरिए दुनिया की टेक्नॉलजी इंडस्ट्री को बोका दिया। इसका लार्ज लैंग्वेज मॉडल को टक्कर दे रहा है। डीपसीक कमोवेश वैसा ही प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन कई गुना कम लागत और कम कंप्यूटिंग शक्ति के साथ।

दूसरी तरफ अलीबाबात्र जैसे ई-कॉमर्स दिग्गज ने एक नया शक्तिशाली एआई मॉडल पेश किया है। उसने दुनियाभर में अधिक डेटा सेंटर बनाने की अपनी योजना का भी एलान किया। यह दिखाता है कि चीन की बड़ी टेक कंपनियां, एआई में अमेरिका के दबदवे को चुनौती देने के लिए गंभीर हैं।

इसी बीच, टेनसेंट ने भी इस दौड़ में अपनी पकड़ मजबूत की है। उसने हुनयुआन-ए13बी नाम का एआई मॉडल लॉन्च किया है जो ज्यादा तेज, ज्यादा स्मार्ट और ओपन सोर्स है।

इन तमाम प्रगतियों से साफ झलकता है कि किस तरह चीन के एआई ईकोसिस्टम में शामिल स्टार्टअप, बड़ी टेक कंपनियां और खुद सरकार, ये सभी मिलकर पश्चिमी देशों और अपने बीच कायम तकनीकी फासले को पाटने में जुटे हैं।

दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग ने चेतावनी दी है कि अमेरिका को आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि एआई की दौड़ में चीन अभी ज्यादा पीछे नहीं है। हुआंग ने इस महीने की शुरुआत में सीएनबीसी को दिए एक इंटरव्यू में यह भी कहा कि चीन का समाज बहुत तेजी से नई तकनीक को अपनाने वाला समाज है।

> *दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग ने चेतावनी दी है कि अमेरिका को आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि एआई की दौड़ में चीन अभी ज्यादा पीछे नहीं है। हुआंग ने इस महीने की शुरुआत में सीएनबीसी को दिए एक इंटरव्यू में यह भी कहा कि चीन का समाज बहुत तेजी से नई तकनीक को अपनाने वाला समाज है।*

**चीन इस एआई की दूरी को कैसे कम कर रहा है**

एक अरब से भी अधिक इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले लोगों के साथ चीन की विशाल आबादी अपने आप में एक परीक्षण क्षेत्र का काम करती है। इसके जरिए नई एआई तकनीक बहुत तेजी से उपभोक्ताओं, सेवाओं और उद्योगों तक फैल जाती है। इसके अलावा, चीन के एआई मॉडल सस्ते हार्डवेयर पर भी चलने के लिए बनाए गए हैं, जिससे उनका इस्तेमाल काफी किफायती हो जाता है।

वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस प्रोफेसर पेड्रो डोमिंगोस के अनुसार, 'अब चीन, अमेरिका की गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कुछ ही वर्षों में अमेरिका की रफ्तार को पकड़ लिया है और आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है।' डोमिंगोस ने रेखांकित किया कि यह धारणा सही नहीं है कि अमेरिका बड़े लैंग्वेज मॉडल के क्षेत्र में बहुत आगे रहा है। उन्होंने बताया कि चीन की कई कंपनियां, जैसे 2010 में बायडू का डीप लर्निंग ग्रुप, कई अमेरिकी कंपनियों से आगे था। शक्तिशाली मॉडल जैसे डीपसीक, क्लेन-3 और किमी के 2 को ओपन सोर्स बनाकर चीनी कंपनियां डेवलपर्स को उन्नत एआई टूल्स तक मुफ्त पहुंच दे रही हैं। वहीं, पश्चिमी कंपनियां अपने के पीछे बंद रखती हैं। मॉडल्स को पे-वॉल यानी भुगतान की एक दीवार डोमिंगोस ने कहा, %पहले अमेरिकी कंपनियां अपनी एआई तकनीकें खुलकर साझा करती थी, जिससे इनोवेशन को बढ़ावा मिलता था। अब वे प्रतिस्पर्धा के डर से इन्हें गुप्त रखती हैं, जो इनोवेशन के लिए हानिकारक है।'

चीनी एआई कंपनियों में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा चल चीन पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों के अनुसार, रही है। चीन की




सरकारी मीडिया के मुताबिक, जुलाई 2025 तक चीनी कंपनियां 1,500 से अधिक 'लार्ज लैंग्वेज मॉडल' जारी कर चुकी थीं। यह चीन 2030 तक एआई की फील्ड में अगुआ बनना चाहता है। बीजिंग का लक्ष्य है कि उसके एआई प्लेटफॉर्म अमेरिकी क्षमताओं की बराबरी में हों। लेकिन उन्नत चिप्स की कमी और फ्री स्पीच के बिना क्या चीन जीत पाएगा? संख्या इस साल के मध्य तक दुनियाभर में जारी हुए 3,755 मॉडलों का लगभग 40 फीसदी है।

अब सवाल यह है कि इन नई कंपनियों (स्टार्टअप्स) में से कितनी असल में लाभ कमा महत्वाकांक्षाओं को नुकसान पहुंचा सकती है? पाएंगी, और क्या यह स्थिति चीन की एआई बीजिंग ने इसपर ध्यान दिया है और तकनीकी क्षेत्र को 'अव्यवस्थित प्रतिस्पर्धा' से बचने की सलाह दी है।

ओपनकंपास की 18 अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार तर्क, ज्ञान, गणित और कोडिंग क्षमता जैसे क्षेत्रों में प्रदर्शन के आधार पर दुनिया के शीर्ष 20 एआई मॉडलों में से 14 चीन के हैं। शीर्ष स्थान पर अभी भी अमेरिकी कंपनियां हैं, लेकिन खास बात यह है कि चीन के नौ प्रमुख एआई मॉडल ओपन सोर्स हैं। वहीं, सिलिकॉन वैली की किसी भी कंपनी ने ऐसा कोई ओपन सोर्स मॉडल जारी नहीं किया है।

अमेरिकी चिप प्रतिबंधों से पैदा खालीपन को भर रहा है चीन.

एआई फील्ड में अपनी तरक्की के बावजूद, है। ये चिप्स लार्ज लैंग्वेज मॉडलों को तेजी से प्रशिक्षित करने के लिए जरूरी हैं। चीन अब भी उन्नत चिप्स की तकनीक में पीछे निर्यात पर अमेरिकी नियंत्रण ने उन्नत सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण उपकरणों तक चीन की पहुंच में रोड़ा अटकाया है। इसके कारण घरेलू कंपनियों को पुराने और कम प्रभावी हार्डवेयर पर निर्भर रहना पड़ रहा है। जवाब में, बीजिंग ने माइक्रोन टेक्नॉलजी जैसी प्रमुख अमेरिकी कंपनियों से आयात पर प्रतिबंध लगाया है। चीन ने अपना खुद का चिप उद्योग विकसित करने कोशिशें तेज कर दी हैं।

एआई में किए जा रहे बड़े निवेशों का संकेत तब मिला जब अमेरिकी कंपनी एनवीडिया की चीनी प्रतिद्वंद्वी, कैम्ब्रिकॉन टेक्नॉलजीज ने हाल ही में अपनी एक-तिमाही आय में 14 गुना वृद्धि दर्ज की। साल की पहली छमाही में कंपनी की आय 44 गुना बढ़ी, क्योंकि अमेरिकी तकनीकी प्रतिबंधों के बाद चीन को एआई स्टार्टअ के कंपनियां ऐसी मुश्किलों और सीमाओं के बीच भी इनोवेशन का दबाव चीन को एआई को बढ़ाने के लिए और ज्यादा स्मार्ट और कुशल तरीके खोजने के लिए प्रेरित कर रहा है। यह उसकी दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता की महत्वाकांक्षा को और तेजी से आगे बढ़ा सकता है। यह नतीजा वैसा बिल्कुल नहीं है, जैसा अमेरिका चाहता था।

डोमिंगोस ने कहा, 'अमेरिका द्वारा चीन को चिप निर्यात करने पर लगाई गई पाबंदियां उल्टा असर डाल रही हैं। ये पाबंदियां डीपसीक जैसी कंपनियों के पुराने हार्डवेयर को और बेहतर तरीके से इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करती हैं, जिससे रिसर्च में और प्रगति होती है।' उन्होंने बताया कि चीनी कंपनी ने कम उन्नत चिप्स में अधिक स्मार्ट प्रशिक्षण तकनीकों की मदद से शक्तिशाली एआई मॉडल तैयार कर लिया है।

**चीन बनना चाहता है वैश्विक बाजार का बड़ा खिलाड़ी**

अमेरिका एआई रिसर्च में अब भी अग्रणी है। वहां वैज्ञानिक ऐसे सिस्टम विकसित कर रहे हैं जो भाषा को बेहतर समझ सकें, ज्यादा भरोसेमंद तरीके से निर्देशों का सटीक पालन कर सकें और हानिकारक व्यवहार से बचें।

अमेरिकी टेक कंपनियां उन्नत एआई पर भी काम कर रही हैं, जो खुद फैसले लेने में भी सक्षम हों। वहीं, चीन जमीनी असर और वैश्विक पहुंच के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वह विकासशील देशों को डिजिटल बुनियादी ढांचा देने के लिए एआई प्लेटफॉर्म और ओपन सोर्स मॉडल निर्यात कर रहा है। अलीबाबा और हुवावे जैसी कंपनियां एशिया, अफ्रीका और यूरोप में डेटा सेंटर और क्लाउड प्लेटफॉर्म बना रही हैं, जो अमेरिकी सेवाओं की तुलना में सस्ते विकल्प पेश कर रहे हैं।

बीजिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने एआई नियम और मानकों को भी आगे बढ़ा रहा है, ताकि वैश्विक मानकों को अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप आकार दे सके। चीनी डेटा और मूल्यों पर प्रशिक्षित मॉडलों को बढ़ावा देकर सरकार यह तय करना चाहती है कि एआई सिस्टम इतिहास, संस्कृति और सत्य को कैसे समझें। यह सब एक सत्तावादी प्रणाली से आ रहा है, जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अभी भी सीमित है।

**-निक मार्टिन ( प्रख्यात अमरीकी पत्रकार )**



# पृथ्वी पर जीवित विचारकों में विश्वविख्यात अमेरिकी दार्शनिक प्रोफ़ेसर नोम चॉम्स्की

पृथ्वी पर जीवित विचारकों में विश्वविख्यात अमेरिकी दार्शनिक प्रोफेसर नोम चॉम्स्की, 95 साल की उम्र में अब बोलने और लिखने की अपनी क्षमता खो चुके हैं । उन्होंने वैश्विक व्यवस्थाओं की तमाम सच्चाइयां उजागर की थीं । उनके शब्दों के संयोजन से विकसित हुई समझ ने मनुष्यता को हमारे समय के अनेक दशकों में लगातार नेतृत्व दिया । अपने जीवन में, उन्होंने कई गहरे निष्कर्ष प्रतिपादित किये जो समकालीन दार्शनिकों और विद्यार्थियों को लगातार प्रेरित करते रहे हैं ।

1 कोई भी देश गरीब देश नहीं होते, बस संसाधनों के प्रबंधन की नाकाम व्यवस्थाएं होती हैं जिनकी वजहें उन्हें ग़रीब रखती हैं ।

2 दुनियां में कोई तुम्हारे दिमाग में सच्चाई नहीं डालेगा; ये वो चीज है जो तुम्हें खुद ढूंढ़नी पड़ती है।

3 अगर तुम लोगों को काबू में करना चाहते हो, तो एक काल्पनिक दुश्मन बनाओ जो तुमसे ज्यादा खतरनाक लगे, फिर खुद को उनका रक्षक बताओ।

4 इतिहास का सबसे साफ सबक- अधिकार दिए नहीं जाते; उन्हें बलपूर्वक लिया जाता है।

5 इतिहास को तोड़-मरोड़ कर ये दिखाने का मकसद है कि सिर्फ महान लोग ही बड़ी चीजें हासिल करते हैं। इससे लोगों को लगता है कि वो शक्तिहीन हैं और उन्हें किसी महान व्यक्ति के कदम उठाने का इंतजार करना चाहिए।

6 दुनिया एक रहस्यमयी और उलझन भरी जगह है। अगर तुम उलझन में नहीं पड़ना चाहते, तो तुम बस किसी और के दिमाग की नकल बन जाते हो।

7 लोगों को काबू करने के लिए, उन्हें ये यकीन दिलाओ कि उनकी बदहाली के लिए वो खुद जिम्मेदार हैं और फिर खुद को उनका रक्षक बताओ।

8 पश्चिम को एक दिन अपने उन उथले विचारों पर पछतावा होगा जो लोगों को उनकी असली प्रकृति से दूर करते हैं। इंसान को सही धर्म और सही विश्वास की तलाश करनी चाहिए।

# अड़ानी की कल्याण सीमेंट फैक्ट्री को मदद पहुँचाने के लिये नीति में बदलाव का मोदी सरकार का प्लान




केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 26 सितंबर 2025 को जारी ड्राफ्ट अधिसूचना में 'स्टैंडअलोन सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट्स' (बिना कैप्टिव पावर प्लांट के) को पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी (EC) से छूट देने का प्रस्ताव किया गया है। यह बदलाव 2006 के पर्यावरण प्रभाव आकलन (श्वद्ब) नियमों में संशोधन का हिस्सा है। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, इससे अड़ानी समूह की सहायक कंपनी अंबुजा सीमेंट की कल्याण (मुंबई महानगर क्षेत्र) में प्रस्तावित 1,400 करोड़ रुपये की 6 MMTPA क्षमता वाली ग्राइंडिंग प्लांट को फायदा हो सकता है। यह प्लांट मोहोने गांव में पूर्व नेशनल रेयॉन कंपनी की बंद पड़ी साइट पर बनने वाली है। सरकार का तर्क है कि ऐसी यूनिट्स में कैल्सिनेशन और क्लिंकराइजेशन जैसे उच्च ताप वाले प्रदूषणकारी प्रक्रियाएं नहीं होतीं, इसलिए कार्बन उत्सर्जन, अपशिष्ट और ऊर्जा खपत कम होती है। इससे 'अनुपातहीन' अनुपालन बोझ कम होगा। लेकिन यह दावा सतही लगता है। परामर्शदाता की कार्यकारी सारांश रिपोर्ट ही स्वीकार करती है कि संचालन चरण में वायु गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ेगा, जिसमें धूल, गैस उत्सर्जन और स्वास्थ्य जोखिम शामिल हैं। कल्याण जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र (10 किमी दायरे में 38 गांव, उल्हासनगर, डोंबिवली) में यह प्लांट स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य, कृषि और मछली पालन को खतरे में डाल सकता है। सितंबर 2025 के महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (MPCB) की सार्वजनिक सुनवाई में मोहोने सहित 11 गांवों के सैकड़ों निवासियों ने एकमत से इस पर विरोध जताया, पारदर्शिता की कमी और प्रदूषण भय का हवाला देते हुए। यह प्रस्ताव पर्यावरणीय शासन पर गंभीर सवाल उठाता है। क्या यह 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के नाम पर कॉर्पोरेट हितों को खुली प्राथमिकता नहीं दे रहा है? अड़ानी जैसे बड़े समूहों को लाभ पहुंचाने के लिए EIA प्रक्रिया को कमजोर करना , सार्वजनिक परामर्श को दरकिनार कर नियम बदलना पारदर्शिता की कमी दर्शाता है।

# नीतीश का भविष्य मोदी ने तय कर दिया ! तेजस्वी का राहुल को करना है !

बिहार के नतीजों की इन उम्मीदों के साथ प्रतीक्षा करते करना चाहिए कि नीतीश कुमार के अवसरवादी नेतृत्व को बीस वर्षों तक बर्दाश्त करने के बाद राज्य को उनसे मुक्ति मिलने जा रही है ! कहा जा सकता है कि बसपा, शिव सेना और 'आप' के साथ किए जा चुके सफल प्रयोगों के बाद बीजेपी की रणनीति का अगला बड़ा शिकार अब जेडी(यू) बनने जा रहा है। चारों उदाहरणों में एक तत्व कॉमन है कि अपनी तात्कालिक राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिये इनके नेताओं ने बीजेपी के साथ कथित तौर पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष आत्मघाती गठबंधन किए !

बिहार के मामले में उल्लेखनीय यह है कि बीजेपी ने नीतीश कुमार से 'पिंड' छुड़ाने का फ़ैसला यह जानते हुए भी ले लिया कि जिन दो बैसाखियों पर मोदी सरकार का साढ़े तीन साल का बाक़ी अस्तित्व टिका रहने वाला है उनमें एक बैसाखी जेडी(यू) के समर्थन की है।अमित शाह के दूरगामी चिंतन की दाद दी जानी चाहिए और साथ ही आश्चर्य भी व्यक्त करना चाहिए कि इतनी कठिन परिस्थितियों में भी ममता और स्टालिन की सरकारें गृहमंत्री के ताप से कैसे बची हुई हैं ?

नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने के सवाल पर अमित शाह के जवाब के बाद साफ़ हो गया कि बिहार के दिन भी अन्य बीजेपी राज्यों की तरह ही फिरने वाले हैं और पटना को भी कोई नया भजनलाल, विष्णु देव, मोहन यादव या मोहन चरण प्राप्त हो सकता है ! मानकर चलना चाहिए कि मुख्यमंत्री पद के दावेदार और वर्तमान में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और अन्य दागी उम्मीदवारों को हराने की मतदाताओं से अपील करने





वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह बीजेपी आलाकमान की मौन स्वीकृति से ही यह साहस दिखा पा रहे होंगे !

नीतीश कुमार को उम्मीद रही होगी कि राजद और कांग्रेस के बीच क़ायम तनाव के चलते महागठबंधन सीएम फेस की घोषणा अंत तक नहीं कर पाएगा और उनके लिए पलटी खाने के दरवाज़े नतीजे आने तक खुले रहेंगे। राहुल को अंततः बोधि सत्व की प्राप्ति हो गई और नामांकन वापस लेने के आखि़री दिन मुख्यमंत्री के रूप में तेजस्वी यादव के नाम का ऐलान कर दिया गया। घोषणा के ज़रिए सचिन पायलट को भी राजस्थान संदेश भिजवा दिया गया कि पार्टी आलाकमान के पास अशोक गहलोत का कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है !

जिन दो नज़रियों से चुनावों में झांकने की अब ज़रूरत है उनमें एक यह है कि लालू-राबड़ी-नीतीश द्वारा बिहार के पैंतीस साल सम्मिलित रूप से लील जाने के युग की क्या हक़ीक़त में समाप्ति होने जा रही है ? दूसरा नज़रिया यह देखना है कि बिहार के रास्ते 'इंडिया ब्लॉक' की राष्ट्रीय पटल पर वापसी की जो संभावना 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान राहुल-तेजस्वी की जुगलबंदी से प्रकट हुई थी वह अभी क़ायम हैं या व्यक्तित्वों के बीच हुए अहंकारों के टकराव की भेंट चढ़ चुकी है ?

पूरे घटनाक्रम से जो बात उभरती है वह यही है कि तेजस्वी की चिंता 2020 की तरह ही इस बार भी कांग्रेस को खुश करके अवसर को गवाने की नहीं बल्कि राहुल की नाराज़गी मोल लेकर भी बाज़ी अपने पक्ष में पलटने की रही। पिछले चुनाव में 'इंडिया ब्लॉक' और एनडीए के बीच वोट शेयर का फ़र्क़ सिर्फ़ 0.03 प्रतिशत या कुल जमा 12,700 वोटों का था पर तेजस्वी सरकार बनाने में 15 सीटों से पीछे रह गए थे। कारण कांग्रेस द्वारा 70 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ़ 19 पर जीत दर्ज कराना था। तेजस्वी इसीलिए इस बार एक-एक सीट को लेकर अड़ते रहे ! (इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस और राजद चार सीटों पर एक-दूसरे के खि़लाफ़ चुनाव लड़ रहे हैं। )

'महागठबंधन' के सामने नई चुनौती यह है कि इस बार चिराग़ पासवान पिछली बार की तरह जेडी(यू) को नुक़सान पहुँचाने के लिए अलग से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वे इस बार नीतीश के साथ हैं। अतः 2020 में उनकी पार्टी को स्वतंत्र रूप से प्राप्त हुआ 5.66 प्रतिशत का वोट शेयर इस बार एनडीए के खाते में जुड़ने वाला है। दूसरे यह भी कि जो नुक़सान चिराग़ की पार्टी ने 2020 में 135 सीटों पर चुनाव लड़कर नीतीश को पहुँचाया था लगभग वैसा ही इस बार 116 सीटों पर लड़कर प्रशांत किशोर की 'जन सुराज पार्टी 'महागठबंधन'को पहुँचा सकती है। तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है।

तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है और 'महागठबंधन' के भविष्य को लेकर फ़ैसला राहुल को लेना है । इतना तय है कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद 'महागठबंधन' अगर विजयी हो जाता है तो जीत का सेहरा तेजस्वी के माथे पर ही बंधेगा। पराजय की स्थिति में क्या होने वाला है अशोक गहलोत और कृष्णा अल्लावरू दोनों को पता है। पिछले साल यूपी में नौ सीटों के लिए हुए उपचुनावों में 'इंडिया ब्लॉक' के ख़राब प्रदर्शन का ठीकरा अखिलेश के परिवार के एक सीनियर नेता ने कांग्रेस के 'अहंकार' के माथे पर फोड़ दिया था।प्रतीक्षा की जानी चाहिए कि 14 नवंबर के बाद लालू क्या बोलने वाले हैं !

**-श्रवण गर्ग**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर (एजेंसी)।** माँग अटकने से सोमवार को अनाज मंडी में तुअर बाजार सुस्ती पर रहे। चना मजबूत रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन बनी रही। किराना जिंसों में व्यापार सामान्य ही रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार तुअर में माँग अटकने से बाजार 100-150 रू. प्रति क्विंटल कमजोर पड़े। चना मजबूती पर रहा। खाद्य तेलों में कामकाज की मात्रा सामान्य रही। तिलहनों में सोयाबीन बाजार 4200-4300 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत देखे गये। उधर, किराना जिंसों में व्यापार सामान्य ही रहा। भाव इस प्रकार रहे -

**किराना**- शक्कर 4220-4270, खोपरा गोला 320-375, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 211-215, ऊंझा हल्का 245-228, मीडियम 232-240, बेस्ट 251-265, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 751-781, गरबल 715-725, मटरदाना 790-801, खसखस अनक्लीन 750-950, क्लीन 1050-1250, दालचीनी 220-245, जायफल 715-785, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 1650-1975, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-750, बेस्ट 780-791, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची 2850-2925, मीडियम 2975-3175, बेस्ट 3225-3375, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3551, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1475-1575, बेस्ट1825-2050, तरबूज मगज 521-525, काजू (240) 885-925, काजू (320) 850-861, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 840-851, कैलिफोर्निया 771-785, अखरोट 575-725, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 675-875, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3800-3850, (160) 4200-4250, (200) 4500-4750, (250) 5300-5400

**तेल**- सींगदाना 1360-1370, मुम्बई 1380, राजकोट तेलिया 2180, सोया साल्वेंट 1195-1200, सोया रिफाइंड 1265-1270, कपास्या 1275-1280, धूलिया 1280, कड़ी 1280,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1360, मुम्बई पाम 1290, मुम्बई सोया 1295,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2400, देवास-उज्जैन 2400, खंडवा-बुरहानपुर 2375, अकोला 3800 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 7000-7100, रायडा 6200-6250, सोयाबीन 4200-4300, नया सोयाबीन 3800-4100, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5850-5900, एवरेज 5200-5300, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशियन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 5950-6000, एवरेज 5850-5900, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6800-6900, एवरेज 6600-6700, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6800-6900, उड़द बेस्ट 7600-7700, एवरेज 7400-7500, शंकर 7200-7300, हल्की 7000-7100,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7200-7400, मीडियम 7400-7500, बोल्ड 7700-7900, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3600-3800, परमल 3500-3800, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 380, उज्जैन 280, रतलाम 34.0 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर (एजेंसी)।** सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में ग्राहकी कमजोर ही रही। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार मंदी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चाँदी (9999) 150000, चाँदी (99) 149000, टंच 148500, सिक्का 1800, सोना 10 ग्राम 124200,

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवारक को भारतीय रुपया पैसे पैसे की गिरावट के साथ ही 88.25 पर बंद हुआ। आज सुबह कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से रुपया शुरुआती कारोबार में 12 पैसे टूटकर 87.95 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी संभावित अमेरिका-चीन व्यापार समझौते के कारण आई है जिससे वैश्विक स्तर पर तेल की मांग में मजबूती की उम्मीद को बल मिलता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.87 प्रति डॉलर पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 87.95 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.83 पर बंद हुआ था।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक की संभावना बढ़ने से भी निवेशकों में उत्साह देखा गया जिससे भी बाजार उछला है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 566.96 अंक बढ़कर 84,778.84 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 170.90 अंक उछलकर 25,966.05 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान लार्जकैप के साथ-साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 548.95 अंक बढ़कर 59,780.15 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 149.70 अंक ऊपर आकर 18,403.05 पर बंद हुआ। आज आईटी, पीएसयू बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा, कमोडिटीज और पीएसई लाभ के साथ ही ऊपर आकर बंद हुए। वहीं फार्मा, मीडिया और हेल्थकेयर को शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, ), एसबीआई, टीसीएस टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, आईटीसी, मारुति सुजुकी एनटीपीसी और एचसीएल टेक सबसे अधिक लाभ में रहे थे जबकि कोटक महिंद्रा बैंक, बीईएल, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, सन फार्मा और एचयूएल के शेयर नीचे आये। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट



बेसन के इस बयान के बाद कि वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिल रहा है कि चीन से आने वाले सामान पर 100 फीसदी तक की प्रस्तावित टैरिफ फिलहाल नहीं लगाई जाएगी बाजार में उत्साह है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई। सुबह सेंसेक्स 239 अंक की बढ़त के साथ 84,450 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं, एनएसई का निफ्टी 79 अंक चढ़कर 25,874 पर पहुंच गया। ब्रॉडर मार्केट में भी तेजी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.46 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.23 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जिनमें रियल्टी शेयरों ने सबसे अधिक एक फीसदी की बढ़त के साथ बढ़त में नेतृत्व किया। वहीं जापान का निक्कई इंडेक्स सोमवार को पहली बार 50,000 के स्तर के पार गया और 2 फीसदी से अधिक की बढ़त दर्ज की।

# जीएसटी 2.0 से दोपहिया बाजार में जोरदार उछाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद भारत का दोपहिया वाहन बाजार नई रफ्तार पकड़ चुका है। वाहन पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण बढ़कर 18.5 लाख तक पहुंच गया, जो इस साल की अब तक की सबसे ऊंची मासिक संख्या है। सितंबर के 12.9 लाख की तुलना में यह 43 प्रतिशत की तेज़ बढ़त दर्ज करता है। यह सुधार हाल में हुई जीएसटी दरों में कटौती और त्योहारी सीजन की बढ़ी मांग का संयुक्त परिणाम माना जा रहा है। अक्टूबर की यह तेजी जुलाई से सितंबर की सुस्त तिमाही के बाद खुदरा बिक्री में आई सबसे बड़ी बहाली को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से सितंबर तक पंजीकरण संख्या 13 से 17 लाख के बीच बनी रही थी, जबकि अक्टूबर में यह छलांग लगाकर 18.5 लाख पर पहुंच गई। प्रमुख कंपनियों में हीरो मोटोकॉर्प ने 5,44,856 वाहनों के पंजीकरण के साथ सबसे आगे रहते हुए बाजार में अपनी पकड़ मजबूत की। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया 4,97,498 वाहनों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि टीवीएस मोटर कंपनी ने 3,33,574 पंजीकरण दर्ज किए। इसके अलावा बजाज ऑटो (2,13,123), सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया (96,509), रॉयल एनफील्ड (94,293) और यामाहा मोटर इंडिया (59,515) ने भी मजबूत प्रदर्शन किया।




# सोने और चांदी के भाव में गिरावट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोने-चांदी के वायदा भाव में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को नरमी देखने को मिल रही है। दोनों के भाव आज गिरावट के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,23,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,46,500 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 951 रुपए की गिरावट के साथ 1,22,500 रुपए के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,23,451 रुपये था। इस समय यह 1,051 रुपये की गिरावट के साथ 1,22,400 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,22,536 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 1,22,309 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,31,699 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 4,560 रुपये की गिरावट के साथ 1,42,910 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,47,470 रुपए था। इस समय यह 954 रुपए की गिरावट के साथ 1,46,516 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,46,728 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,42,910 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,69,200 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत सुस्त रही। कॉमेक्स पर सोना 4,103.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 4,137.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 45.70 डॉलर की गिरावट के साथ 4,092.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने इस साल 4,398 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।



# आज का राशिफल



**मेष**- आज का दिन वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको सम्मान की प्राप्ति हो सकती है और संतान की फरमाइश पर उनके लिए कुछ खाने पीने की चीज भी लेकर आ सकते हैं। आपको परिवार के सदस्यों में तालमेल बनाकर चलना होगा, इसलिए यदि आपको किसी की कोई बात बुरी लगे, तो आप उसको लेकर बुरा ना माने। आपको वाहनों के प्रयोग थोड़ा बेहतर रहकर करना होगा।

**वृषभ**- आज आपकी दान-धर्म के कार्यों में काफी रुचि रहेगी। आप किसी पैतृक संपत्ति को लेकर भी परेशान रहेंगे। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा, लेकिन आप अपने धन की स्थिति को देखकर ही धन लगाएं। बिजनेस आपका पहले से बेहतर चलेगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, जिससे आपको काफी मुश्किलें आएंगी।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। छोटे बच्चों के साथ आपको कुछ समय बताने का मौका मिलेगा। आप अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपके काम पूरे होंगे। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप अपने पिताजी की किसी बात का बुरा मान सकते हैं। बिजनेस में फेरबदल करने से आपका कोई काम बिगड़ सकता है।

**कर्क**- आज आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी। काम को लेकर आपको अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे आपको काम करने में भी खूब मजा आएगा। आप जल्दबाजी में कोई डिसीजन लेकर कोई गड़बड़ी कर सकते हैं और आप अपने किसी काम को लेकर किसी दूसरों पर डिपेंड न रहें। आपको कार्यक्षेत्र में मनपसंद काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जो लोग सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उनको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपके शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आप अपनी इन्कम को ध्यान में रखकर व्यय करें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। यदि कोई शारीरिक समस्या आपको लंबे समय से घेरे हुए थी, तो आप उसे दूर करने की पूरी कोशिश करें। आपको अपनी आर्थिक स्थिति पर पूरा ध्यान देना होगा। धर्म-कर्म के कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए इन्कम को बढ़ाने वाला रहेगा। परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथियों की भावनाओं का सम्मान करें और उनसे कोई ऐसी बात ना बोले लगे, जो कि उन्हें बुरी लगे। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आप कहीं घूमने-फिरने की प्लानिंग करेंगे। आपको काम को लेकर कोई सुझाव दे सकता हैं, जिस पर आप अमल अवश्य करें।

**तुला**- आज आपके सभी काम समय से बनने से आपका मन काफी खुश रहेगा। व्यापार में भी कोई डील अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है, लेकिन किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आप कार्यक्षेत्र में किसी दूसरे की गलतियां ना निकालें। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके आपको वापस मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक**- आज आपको किसी काम को कल पर टालने से बचना होगा। करियर को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी सोची समझी साजिशें आपके काम आएंगे। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों के साथ आप कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे दोनों को एक दूसरे के मन में चल रही बातों का भी जानने का मौका मिलेगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी इन्कम भी पहले से बेहतर रहेगी। आपको किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा। आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे, लेकिन आपको पढ़ाई लिखाई के लिए समय निकालने की आवश्यकता है। आपको किसी सगे संबंधी की याद सता सकती है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होगी। आपके जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। पारिवारिक मामलों को भी आप मिल बैठकर निपटाएंगे। बिजनेस में आपको कुछ समस्याएं आने वाले समय में आपकी थोड़ी टेंशन को दे सकते हैं।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। आप काम को लेकर कुछ नयी कोशिश करेंगे। आपकी मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। शेयर मार्केट या लॉटरी आदि में निवेश करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए इन्कम के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। कोई कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामला भी समाप्त होता दिख रहा है। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं। परिवार में किसी किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती हैं।

## शब्दजाल- 8062

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | ज | गा | र | ग | ब | ज | क | प | ल | क |
| दें | वा | ज | क | या | ज | का | मौ | स | ज | ड़ |
| क | ह | या | य | र्म | छ | स | या | ता | य | क |
| क | र | ल | र | दे | वी | स | न | ल | श | क |
| ज | इ | ल | म | सं | व | ज | श | र | ला | ल |
| क | ज | दा | ई | र | ब | ज | फ | लो | श | ज |
| क | ज | चे | दा | ई | क | स | री | ग | प | न |
| द | र | मी | प | व | ज | ना | र्द | न | ज | स |
| क | ज | ल | ज | न | व | री | ऐ | ना | प | ह |
| क | मी | ल | प | द | या | स | मा | ज | स | यो |
| का | न | चे | न्न | ई | क | ज | री | ग | प | ग |

*शब्द जाल में 'ज' से शुरु होनेवाले 10 शब्दों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

जवाहर, जयदेव, जनता, जय, जनार्दन, जनवरी, जनसहयोग, जमाना, जमीदार, जमीन.

### शब्दजाल - 8061 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | क | ल | व | ग | ब | नी | क | बें | ग | क |
| ब | वि | ल | मुं | चे | जी | ग | द | ह | ला | ड़ |
| ई | स | ल | ल | र्म | छ | पु | आ | दि | ख | क |
| क | स | ज | य | पु | र | र | प | ल | ल्ली | क |
| क | क | दो | ग | ला | द | र | तू | ग | झ | क |
| दि | क | ल | प | बा | झ | पू | ना | ण | घ | को |
| ती | इ | ल | दा | सं | प | ल | श | बें | ला | ल |
| क | ता | म | ई | धा | ब | क | फ | ग | श | का |
| क | ह | चे | न्न | ई | क | स | री | लो | प | ता |
| अ | र | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | र | प | रु |
| क | चे | ल | प | है | द | रा | बा | द | प | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**28 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.34 ब.से |
| चंद्र | धनु में | धनु | 09.50 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 11.55 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.42 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 15.15 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मेष | 16.45 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 18.25 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 20.23 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 22.37 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.53 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कन्या | 03.05 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 05.16 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 301 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** षष्ठी 08.00 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 15.45 बजे को समाप्त।
**योग** सुकर्मा 07.51 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 08.00 बजे तदनन्तर गर 20.47 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 06.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 13° 08'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872511
**जूलियन दिन** 2460976.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उल्लावल
**तारीख** 05
**विशेष** छठ पूजा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः स्वाभिमान

कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति का एक पत्र पाकर पं. मदन मोहन मालवीय असमंजस में पड़ गए। वे बुदबुदाए - 'अजीब प्रस्ताव रखा है यह तो उन्होंने। क्या कहूँ, क्या लिखूँ?' पास बैठे एक सज्जन ने पूछा, 'ऐसी क्या अजीब बात लिखी है पंडित जी उन्होंने।' वे मुसकुराकर बोले, 'कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति महोदय, मेरी सनातन उपाधि छीन कर एक नई उपाधि देना चाहते हैं।' वे लिखते हैं - यह कहकर वे पत्र पढ़ने लगे। उस पत्र में लिखा था - 'कलकत्ता यूनिवर्सिटी आपको डॉक्टरेट की सम्मानित उपाधि से अलंकृत करके अपने आपको गौरवान्वित करना चाहती है। हम भी गौरवान्वित हो सकेंगे। आप अपनी बेशकीमती स्वीकृति से शीघ्र ही सूचित करने की कृपा कीजिए।' 'प्रस्ताव तो उचित ही है। आप ना मत कर दीजिएगा मालवीय जी महाराज, यह तो हम वाराणसी वासियों के लिए विशेष गर्व एवं गौरव की बात होगी।' तभी एक अन्य सज्जन ने हाथ जोड़ कर कहा उनसे। 'अरे बहुत ही भोले हो भैय्ये तुम तो। वाराणसी के गौरव में वृद्धि नहीं होगी। यह तो वाराणसी के पांडित्य को जलील करने का प्रस्ताव है। बनारस के पंडितों को अपमानित करनेवाली तजवीज है यह।' बहुत ही व्यथित मन से मालवीय जी बोले। अगले ही क्षण उन्होंने उस पत्र का उत्तर लिखा - 'मान्य महोदय! आपके प्रस्ताव के लिए धन्यवाद। मेरे उत्तर को अपने प्रस्ताव का अनादर मत मानिएगा। मेरा पक्ष सुनकर आप उस पर पुनर्विचार ही कीजिएगा। मुझको आपका यह उपाधि वितरण प्रस्ताव अर्थहीन लग रहा है। मैं जन्म और कर्म दोनों से ही ब्राह्मण हूँ। किसी भी ब्राह्मण धर्म की मर्यादाओं के अनुरूप जीवन बिताता है। 'पंडित' से बढ़कर अन्य कोई भी उपाधि नहीं हो सकती । मैं 'डाक्टर मदन मोहन मालवीय' कहलाने की अपेक्षा 'पंडित मदन मोहन मालवीय' कहलवाना अधिक पसंद करूँगा। आशा है आप इस ब्राह्मण के मन की भावना का आदर करते हुए इसे 'डाक्टर' बनाने का विचार त्याग कर 'पंडित' ही बना रहने देंगे।' वृद्धावस्था में भी मालवीय जी तत्कालीन वाइसराय की कौंसिल के वरिष्ठ काउंसलर थे। उनकी गहन और तथ्यपूर्ण आलोचनाओं के बावजूद वाइसराय उनकी मेधा, सौजन्य, सहज पांडित्य आदि के कायल थे। एक बार एक खास भेंट के कार्यक्रम के दौरान वाइसराय ने कहा - 'पंडित मालवीय, हिज मेजेस्टी की सरकार आपको 'सर' की उपाधि से अलंकृत करना चाहती है। आप इस उपाधि को स्वीकार करके इस उपाधि का गौरव बढ़ाने में हमारी मदद करें।' मालवीय जी ने तुरंत मुसकुराकर उत्तर दिया - 'महामहिम वाइसराय जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आप मुझे इस योग्य मानते हैं किंतु मैं वंश परंपरा से प्राप्त अपनी सनातन उपाधि नहीं त्यागना चाहता। एक ब्राह्मण के लिए 'पंडित' की उपाधि ही सर्वोपरि उपाधि है। यह मुझे ईश्वर ने प्रदान की है। मैं इसे त्याग कर उसके बंदे की दी गई उपाधि को क्यों कर स्वीकार करूँ?' वाइसराय उनके तर्क से खुश होकर बोले - 'आपका निर्णय सुनकर हमें आपको पांडित्य पर जो गर्व था, वह दुगुना हो गया। आप वाकई सच्चे पंडित हैं जो उसके गौरव गरिमा की रक्षा के लिए कोई भी प्रलोभन त्याग सकते हैं।' एक बार काशी के पंडितों की एक सभा ने मालवीय जी महाराज का नागरिक अभिनंदन करके उन्हें उस समारोह के दौरान ही 'पंडितराज' की उपाधि प्रदान किए जाने का प्रस्ताव किया। यह सुनकर सभा के कार्यकर्ताओं के सुझाव का विरोध करते हुए वे बोले - 'अरे पंडितों, पांडित्य का मखौल क्यों बना रहे हो, पंडित की उपाधि तो स्वतः ही विशेषणातीत है। इसलिए आप मुझको पंडित ही बना रहने दीजिए।' फिर वे हँसकर बोले - 'जानते हो 'पंडित' 'महापंडित' बन जाता है तो उसका एक पर्यायवाची वैशाखनंदन 'गधा' बनकर मुस्कराता है व्याकरणाचार्यों के पांडित्य पर।' और पंडित जी के विनोद में बात आई गई हो गई। वे न तो डाक्टर बने, न 'सर' हुए न ही 'पंडितराज' इस सबसे दूर स्वाभिमान के साथ जीवन भर पांडित्य का गौरव बढ़ाते रहे।

## फिल्म वर्ग पहेली- 7006

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7005

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ई | मि | ल | न | की | बे | ला | | शा |
| गा | | ल | | गिं | | ना | | मि | ली |
| ज | मी | न | | स | न | म | | | मा |
| | ना | | सु | | गी | | पिं | ज | र |
| ज | | प | र | वा | न | | | ल्ला | |
| ग | द | र | | स्त | | दो | ब | द | न |
| ल | | ख | | व | ध | | ल | | व |
| | क | | ना | | न | ग | मा | | रं |
| श | ह | जा | दा | | वा | | | रं | ग |
| | र | | न | या | न | शा | | भा | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7315

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7314 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8530

**बाएँ से दाएँ**

1. लाचार, बेबस-3
3. प्राण, जान-3
5. दुर्ग, फोर्ट-2
6. सद्पुरुष-2
8. कवायद-4
10. प्रतिघात, मुआवजा-3
12. कंठ, गला-3
13. लकड़ी-2
14. प्रथम मानव-2
15. धोखेबाज, कपटी-3
17. माजरा, घटना-3
19. कहासुनी, झंझट -4
21. संबोधन-2
23. चावल-2
24. रगड़ना, लगाना-3
25. वादा, प्रतिज्ञा -3

**ऊपर से नीचे**

1. लता, लतिका-2
2. चावल (अंग्रेजी-3)
3. हूर, अप्सरा-3
4. आकाश, व्योम-2
5. शायरी करनेवाला-3
7. योग्य, उपयुक्त-3
8. अदाकार, फनकार-4
9. घोड़ागाड़ी-2
12. बजरंगबली-4
15. माह, मास-3
16. जांघ, जंघा-2
18. धिक्कार, फटकार-3
19. मामूली, तुच्छ-3
20. बहने का भाव-3
22. संस्कृत में 'मेरा'-2
23. होश, आभास-2

### शब्द पहेली -8529 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ह | | प | र | दा | | क | म |
| ग | | क | ना | त | | र | च | ना |
| | क | ल | ह | | ग | ह | रा | |
| श | र | म | | ह | र | म | | स |
| री | म | | आ | रा | म | | क | म |
| फ | | शी | स | म | | न | ह | र |
| | क | त | रा | | अ | म | र | |
| बा | द | ल | | रा | ज | न | | त |
| ज | र | | ज | ह | र | | द | बा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# लांजी अंचल की मडई मेलों में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर!!

## आरोप : लाइसेंसी दुकानों से हो रही अवैध सप्लाई

**पद्मेश न्यूज। लांजी।**
दीपावली पर्व के बाद क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पारंपरिक रूप से आयोजित हो रहे मडई मेलों में अब अवैध शराब की बिक्री जोर पकड़ती जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामों में होने वाले इन मँडई मेलों में जहां दिनभर धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, वहीं रात्रिकालीन सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान अवैध शराब की बिक्री और सेवन ने माहौल बिगाड़ना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब ठेकेदारों के इशारे पर पैकारों के माध्यम से चौपहिया वाहनों और मोटरसाइकिलों से गांव-गांव शराब की सप्लाई की जा रही है। कई स्थानों पर शराब खुलेआम घरों में रखकर बेची जा रही है, जिससे स्थानीय युवाओं में नशाखोरी बढ़ती जा रही है। शराब के नशे में चूर कुछ लोग रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हुड़दंग मचाते हैं, जिससे महिला दर्शकों और परिवारों को असुविधा होती है। ग्रामीणों ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि इस तरह की गतिविधियों पर जल्द नियंत्रण नहीं लगाया गया, तो पारंपरिक मडई मेले की गरिमा और सामाजिक समरसता पर बुरा असर पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और आबकारी विभाग से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि इन अवैध शराब कारोबारियों पर नकेल कसी जा सके और आने वाले मेलों में शांतिपूर्ण माहौल बना रहे। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि प्रशासन यदि मेला स्थल और आसपास के क्षेत्रों में नियमित निगरानी दल तैनात करे, तो ऐसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है।



### क्या लाइसेंसी दुकानों से हो रही शराब सप्लाई

आम तौर पर देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रो में कई ऐसे ठिकाने है जंहा शराब मिलती है जिसके बारे ग्रामीण जन सहित स्थानीय प्रशासन को भी जानकारी रहती है वही शराब ठेकेदारों को भी ज्ञात रहता है कि कौन कौन अवैध शराब का कारोबार कर्ता है. इसका फायदा उठाकर शराब ठेकेदार उन लोगों से सांठ गाँठ कर उन तक बड़े पैमाने मे शराब अपने वाहनों से पंहुचाते है इसके बाद यही पैकारे वाले मँडाई मेलों मे शराब की अवैध तस्करी करते है. जिस पर पुलिस व आबकारी विभाग को रोक लगानी चाहिए. क्योंकि सीधी सी बात है ग्रामीण क्षेत्र मे तो देशी विदेशी शराब बन नहीं है और जो ब्रांड और लेबल की शराब स्थानीय शराब दुकानों मे उपलब्ध है वही ग्रामीण क्षेत्रो मे भी नजर आती है. पुलिस और आबकारी विभाग के द्वारा की गई कार्रवाई मे भी देखा गया है इनके पास से ज़प्त शराब वही होती है जो कि स्थानीय दुकानों मे है इस संबंध मे भी जांच की जानी चाइये और कौनसी दुकानों से यह शराब सप्लाई की गई है उसका पता बैच नंबर या अन्य माध्यम से पता लगाया जा सकता है जिससे यह तो ज्ञात हो जाएगा कि कौनसी स्थान से उक्त शराब आई है किसके द्वारा सप्लाई की गई है जिसके आधार पर उन दुकानों पर भी सम्पूर्ण जांच उपरांत कार्यवाही किया जाना चाहिए।

### लाइसेंसी शराब दुकोनों के खुलने बंद होने के समय को लेकर हो रही शिकायत

ग्रामीणों के द्वारा वर्तमान मे इस बाबत भी शिकायत की जा रही है कि क्षेत्र मे संचालित लाइसेंसी शराब दुकानों के खुलने और बंद होने के समय निर्धारित नहीं है कभी कभी दुकाने जल्दी खुल जाती है और देर रात तक संचालित होती है ऐसा अनेकों बार देखा गया है. जिसकी भी जांच आबकारी और पुलिस विभाग को की जानी चाहिए वही ग्रामीणों ने कहा है कि इस संबन्ध मे एसडीएम लांजी और जिला कलेक्टर बालाघाट से भी भी शिकायत की जाएगी। देर रात्रि तक शराब दुकान खुले रहने से अवैध गतिविधयों को बढ़ावा मिलता है।

# युवक को गुमराह कर गलत तरीके से बैंक खाता खोलकर लेन-देन किया

## पीडित युवक ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर न्याय दिलाने की लगाई गुहार

**पद्मेश न्यूज।किरनापुर।**
क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुंडेसरा के एक युवक पवन पांचे ने गांव के ही एक युवक शिवप्रसाद पांचे को गुमराह कर उसके नाम से बैंक मे खाता खोल लिया और उस खाते मे लेन देन करने लगा। पीड़ित युवक को पूरी जानकारी लगने पर उसके द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालाघाट को लिखित शिकायत देकर मामले की जांच कर न्यायोचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जानकारी मे पीड़ित युवक शिवप्रसाद पांचे पिता सुरेश पांचे ने बताया कि वह ग्राम-मुण्डेसरा, तह0 किरनापुर जिला बालाघाट का निवासी हैं। यह की पवन पांचे पंच ग्राम पंचायत मुण्डेसरा तह0 किरनापुर जिला बालाघाट महोदय द्वारा दिनांक 02.09.2025 को मेरे घर आकर ग्राम पंचायत में जरूरी कार्य है ऐसा बोलकर मेरा आधार कार्ड और पेन कार्ड की छाया प्रति मांगे तो मैने उन्हें दे दिया। इसके बाद पोष्ट ऑफिस की कार्यकर्ता पोष्ट ऑफिस बिनोरा प्रियंका कनौजे निवासी ग्राम नक्शी किरनापुर के पास ले जाकर मेरे मो0 नं0 आधार में अपडेट करवाने के बहाने मेरा फिंगर प्रिंट लिये और किसी और का मोबाईल नम्बर अपडेट कर दिया। जो नम्बर 8597565816 है। ये किसका मोबाईल नम्बर है मुझे नहीं पता। यह नम्बर पवन पांचे पंच महोदय के द्वारा दिया गया जो मुझे बहुत बात में पता चला। यह की मेरे द्वारा प्रियंका को पूछा गया तो उन्होने मुझे कुछ भी नही बताया और फिंगर प्रिंट ले कर घर चले जाओ बोले, जब काम हो जायेगा तो आपको बता दिया जायेगा ऐसा बोला गया। और पवन पांचे गुझे घर वापस ले कर आ गया। घर आने के बाद मेरी मोबाईल में फोटो लिया क्यों फोटो लिया इसके बारे में मुझे जानकारी नहीं दी गई। यह की लगभग 10.09.2025 को अपने कॉलेज में स्कॉलरसिप का फार्म भरवाने ऑनलाईन सेंटर गया 4-5 बार कोशिश करने के बाद भी मेरे मोबाईल में ओ0टी0पी0 नहीं आया। यह की इस घटना के बाद मैं घर आकर पवन पांचे को पुरा व्रतांत सुनाया तो उन्होने शाम को बताया की ओ0टी0पी0 आया है। लेकिन ये नहीं बताया की किसके पास आया है। और किस मोवाईल नम्बर पर आया है। इससे मुझे पवन पांचे पर शक हुआ। क्योकि उनके द्वारा ही मुझे गुमराह करके दस्तावेज मांगे गये थे। यह की पवन पांचे द्वारा मुझे गुमराह करके फिंगर प्रिंट, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं फोटो लिया गया था। इस पर पवन पांचे ने बताया को पुराना मोबाइल नम्बर हटाकर दुसरा नया नम्बर (8597565816) बदल दिये है। यह की उसके बाद प्रियंका कन्नौजे के पास जाकर पुछा तो उन्होने मुझे बताया की आपके आधार नं0 पूर्व से उपलब्ध 9691832721 हटाकर 8597565816 मोबाईल नम्बर एड किया गया है। जो की पवन पांचे के कहने पर किया गया है। यह जानकारी मुझे प्रियंका कन्नौजे ने जानकारी दी। यह कि इतना होने के बाद मैने पवन पांचे को बोला की मुझे बताये बिना आपने मोबाईल नं0 क्यों बदलवाये आपने मेरे साथ धोखा किये। इस तरह पवन पांचे द्वारा मेरे दस्तावेज धोखे से, गुमराह करके Indusind Bank शाखा मण्डला तथा फिनो पेमेंट बैंक बालाघाट दो बैंको में फर्जी तरीके से खाता खुलवाकर, पैसो का लेन देन किया गया। Indusind Bank में 48000 लगभग रुपये तथा फिनो पेमेंट बैंक में 32000 लगभग का लेने देन किया गया है। बैंक स्टेटमेंट की छायाप्रति संलग्न है। इस पुरे प्रकरण की जानकारी मुझे तब पता चली जब बैंक के कुछ दस्तावेज मेरे पते पर पोस्टमेन द्वारा डाक द्वारा दिया गया। इस पुरे प्रकरण की जानकारी मैने अपने घर वालों को तथा गांव-समाज के गणमाननिय लोगो को बताया। तो संबंधित पवन पांचे द्वारा पुलिस में शिकायत देने से मना करते हुए गांव समाज से बहिस्कार करने की धमकी भी दि गई। इस घटना से मैं बहुत भयभित हो गया। पवन पांचे पंच ग्राम पंचायत मुण्डेसरा ने मुझे बहला फुसलाकर, मेरे दस्तावेजो का गलत उपयोग कर बैंकों में खाता खुलवाकर जो फर्जी लेन-देन किये गये है। पीड़ित युवक शिवप्रसाद पांचे ने इसकी जांच कर उपरोक्त व्यक्ति पर एफ0आई0आर0 दर्ज कर न्यायोचित कार्यवाही किए जाने की मांग प्रशासनिक अधिकारीयो से की है।



# लांजी-खैरागढ़ मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो गंभीर रूप से घायल

**पद्मेश न्यूज। लांजी।**
लांजी-खैरागढ़ मार्ग पर सोमवार, 27 अक्टूबर 2025 को दोपहर लगभग 11:30 बजे लोहारा चौक के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस सड़क दुर्घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बिरनपुर निवासी भोजलाल नगपुरे (59 वर्ष) अपनी बेटी को लोहारा छोड़ने के बाद मोटरसाइकिल (एमपी 50 जेडएफ 8549) से वापस बिरनपुर लौट रहे थे। उसी समय रिसेवाड़ा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे घनश्याम कावरे (35 वर्ष), निवासी बम्हनी सालेकसा, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र), अपनी मोटरसाइकिल (एमएच 35 एवाय 9708) से लोहारा की ओर जा रहे थे। मोड़ पर नियंत्रण खोने और तेज रफ्तार के कारण दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।





# 24 घंटे में लूट के आरोपियों को किया गिरफ्तार

## लूटा गया माल बरामद, लांजी पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**पद्मेश न्यूज। लांजी।**
पुलिस थाना लांजी ने अपनी तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए एक गंभीर लूट की वारदात को मात्र 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही लूटी गई राशि और घटना में प्रयुक्त सामान भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 अक्टूबर 2025 को पीड़िता पार्वती बाई पति मेहतर जामुरे (उम्र 62 वर्ष), निवासी ग्राम खुर्शीटोला, ने लांजी थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर 2025 की रात करीब 12 से 1 बजे के बीच तीन अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस आए। इन व्यक्तियों ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था और उनके पास चाकू था। आरोपियों ने पीड़िता और उनकी बहन का मुंह दबाकर धमकी दी कि यदि उन्होंने शोर मचाया तो उनकी जान ले लेंगे। इसके बाद, आरोपियों ने घर में रखे सामान और डिब्बों की तलाशी लेकर 4,000 रुपये नकद लूट लिए और फरार हो गए।





### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

लांजी पुलिस ने तत्काल इस मामले को गंभीरता से लिया और अपराध क्रमांक 261/2025 के तहत धारा 331(6), 309(4) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक बालाघाट, आदित्य मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर, आदर्शकांत शुक्ला और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लांजी, ओमप्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित की गई।

### मुख्य साजिशकर्ता सहित एक आरोपी गिरफ्तार

पुलिस टीम ने त्वरित और तकनीकी जांच के आधार पर घटना की मुख्य साजिशकर्ता खेलनबाई हनोते पति स्व. रतिराम हनोते (उम्र 70 वर्ष), निवासी ग्राम कालीमाटी को हिरासत में लिया। पूछताछ में खेलनबाई ने खुलासा किया कि उसने अपने परिचित निकेश कबीरे पिता चेतनलाल कबीरे (उम्र 27 वर्ष), निवासी ग्राम बेनेगांव, थाना लांजी और उसके एक अन्य साथी के साथ मिलकर इस लूट की साजिश रची थी। इसके बाद पुलिस ने निकेश कबीरे को भी गिरफ्तार कर लिया।

### लूट का माल और सामान बरामद

पुलिस ने निकेश कबीरे के कब्जे से लूट की राशि 4,000 रुपये और घटना में प्रयुक्त गमछा बरामद किया। अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी लांजी, उपनिरीक्षक दीप सिंह परमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुन्दरलाल पवार, दिलीप यादव, रूपसिंह, पवन, महेन्द्र, जितेन्द्र और महिला आरक्षक प्रीति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई ने क्षेत्र में सुरक्षा के प्रति विश्वास को और मजबूत किया है।

# बकरामुंडी में अज्ञात ने धान की खरई में लगाई आग

## 3 एकड़ फसल जलकर राख, 1 लाख का नुकसान

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी नगर के वार्ड क्रमांक 1 बकरामुंडी में 26 और 27 अक्टूबर की दरमियानी रात्रि में अज्ञात लोगों द्वारा खेत में रखी धान की खरी में आग लगा दी गई, जिसके चलते 3 एकड़ की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से किसानों को लगभग एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित किसान योगेश्वर घोरमारे ने बताया कि 26 अक्टूबर को अपने बड़े भाई के बेटे की सगाई में शामिल होने के लिए वे फोफसा गए थे। देर रात घर लौटने के बाद, सुबह 6 बजे पड़ोस के खेत मालिक ने सूचना दी कि उनके खेत में रखी धान की खरी में आग लगी है। खेत पर पहुंचने पर देखा गया कि उनकी और उनके छोटे भाई यशवंत घोरमारे की 3 एकड़ की पूरी फसल जल चुकी थी, और केवल धुआं निकल रहा था। योगेश्वर ने बताया कि दिवाली से दो दिन पहले फसल काटकर खरी बनाई गई थी और बारिश के कारण इसे पाल से ढंककर रखा गया था। मौसम साफ होने पर मशीन से मिसाई की तैयारी थी, लेकिन आगजनी की इस घटना ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। इस घटना की सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई है और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। प्रशासन से नुकसान की भरपाई और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।



# नेहरूटोला बेलगांव में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम आज

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम पंचायत बेलगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम नेहरूटोला में नवयुवक मंडई समिति के तत्वाधान में सातवीं मंडई के अवसर पर 28 अक्टूबर को रात 9 बजे से दीवानी बना देवे छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। चर्चा में समिति अध्यक्ष विजेन्द्र राणा ने बताया कि दिन-रात की मंडई के अवसर पर ग्रामीणों के रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए 28 अक्टूबर को रात 9 बजे से दीवानी बना देवे छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसके गायक-गायिका के द्वारा छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुती दी जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील समिति अध्यक्ष विजेन्द्र राणा, उपाध्यक्ष देवराज माने, सचिव रामाजी कुर्वे, कोषाध्यक्ष परमानंद डुमरे, सरपंच अरविंद पंचेश्वर, सहसचिव गंगाराम माते, सदस्य लकेश दांदरे, त्रिभानु कावरे, गंगाराम बाहेश्वर, रामेश्वर मरठे, राजेश माते, बाबुलाल नागोसे, दौलत सिंघई, राजकुमार बाहेश्वर, राजेन्द्र कावरे, राजेश मोहबे, कांति माने, अनिल सिंघई, सोमन बारेकर, रोहित मरठे सहित ग्रामीणजनों ने की है।

# धूमधाम से आज मनाई जाएंगी गायखुरी में भगवान सहस्त्रबाहु जयंती

पद्मेश न्यूज।बालाघाट। कलार समाज द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को अपने आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती 28 अक्टूबर को शहर मुख्यालय सहित पूरे जिले भर में धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। इसी कड़ी में शहर के वार्ड नंबर 33 गायखुरी में वैनगंगा नदी तट पर स्थित राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर में मंदिर समिति वार्ड नंबर 33 गायखुरी द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएंगी। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जयंती को लेकर मंदिर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। इस संबंध में भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 28 अक्टूबर मंगलवार को सुबह 11 बजे से रंगोली प्रतियोगिता व 11.30 बजे से पूजा अर्चना एवं हवन पूजन किया जाएंगा। दोपहर 3 बजे से दीपदान तत्पश्चात महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों से जिले के समस्त स्वजातीयजनों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।



# मोहझरी में आज दिन-रात की मंडई

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** क्षेत्र के ग्राम मोहझरी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आज 28 अक्टूबर मंगलवार को दिन-रात की मंडई का आयोजन हुआ है। रात में क्षेत्र वासियों के मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ की मशहूर पार्टी झुनका के फूल का सांस्कृतिक कार्यक्रम देवी चौक मोहझरी में रखा गया है। इस आयोजन में 40 कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी।मंडई मेला समिति के अध्यक्ष नरेश ठाकरे, तपेश उरकुड़े, बसंत निकुशे और सौरभ भगत ने क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है। कार्यक्रम के संचालक छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकार मॉंटू ठाकुर होंगे, जो उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए जाने जाते हैं।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखना है और लोगों को एक साथ आनंद लेने का अवसर प्रदान करना है।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# म.प्र. के किसानों पर आफत की बारिश

## प्रदेश भर में धान व मक्के की फसल को भारी नुकसान

भोपाल। पिछले दो-तीन दिनों में हुई वर्षा ने प्रदेश भर में किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। अधिकतर जगह धान की फसल पक चुकी है। कुछ जगह कटाई भी हो गई है। इस बीच वर्षा व हवाओं से धान की फसल खेत में ही गिरने से खराब होने की पूरी आशंका है। दाने काले पड़ने व फफूंद लगने की डर है। वहीं, खलिहान में रखी धान की फसल पानी के चलते सड़ जाएगी।

इसी तरह मक्का की फसल को भी खूब नुकसान हुआ है। अधिकतर स्थानों पर इसकी कटाई हो चुकी थी। गहाई होने वाली थी, इसके पहले वर्षा से फसल खराब हो गई है। किसान संगठनों का दावा है कि प्रदेश भर में लगभग दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान इस बारिश से किसानों को हुआ है।

किसान नेता केदार सिरोही ने बताया कि खरीफ सीजन की फसलों को नुकसान तो हुआ ही रबी फसल की बोनी भी 15 दिन पिछड़ गई है। एक से 15 नवंबर के बीच बोनी का सबसे अच्छा समय माना जाता है, पर अब 15 के बाद ही हो पाएगी। बोनी देरी होने से गर्मी की मूंग व अन्य फसलों की बोनी भी प्रभावित होगी। उड़-मूंग और सोयाबीन की फसल को भी नुकसान हुआ है।



### कहां क्या हुआ नुकसान- विंध्य व महाकौशल

प्रदेश के सबसे अधिक धान उत्पादन करने वाले बालाघाट जिले में तीन लाख 11 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगाई है। बारिश से यहां 30 से 40 प्रतिशत धान के नुकसान की आशंका है। हालांकि कृषि विभाग इससे इन्कार कर रहा है। सीधी जिले में 40 प्रतिशत धान पकने की स्थिति में है। आगे वर्षा हुई तो फसल को नुकसान होगा। शहडोल में एक लाख 42 हजार हेक्टेयर में धान की खेती में वर्षा से 40 प्रतिशत फसल खराब होने की स्थिति में है। उड़द, सोयाबीन, तिल 70 प्रतिशत तक खराब हो चुकी हैं। आगे वर्षा होती है तो फसल के पौधे जमीन पर गिरेंगे, जिससे उनमें नमी आएगी और फफूंद लगेगी।

### मध्य भारत अंचल का हाल

विदिशा, रायसेन, बैतूल और सीहोर में धान की पकी फसल वर्षा की वजह से भारी होकर आड़ी हो चुकी है। उनके दाने भी बिखर गए हैं। बैतूल में धान के खेतों में पानी भर गया है, जिससे कटाई में भी देरी होगी। किसानों का कहना है कि गीले दाने काले पड़ सकते हैं। रायसेन में दो लाख हेक्टेयर और विदिशा में 80 हजार हेक्टेयर में धान बोया गया था, जिसमें से 30 हजार हेक्टेयर की कटाई हो चुकी है। बैतूल में 60 हजार हेक्टेयर और सीहोर में 45 हजार हेक्टेयर जमीन पर धान बोया गया था। विदिशा में पिपलखेड़ी गांव में किसानों की खेत से काटकर खलिहान में रखी फसल बरसात के पानी में डूब गई। राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम ने पांच किसानों की फसल का नुकसान दर्ज किया है।

### ग्वालियर-चंबल अंचल का हाल

श्योपुर जिले के बड़ौदा, श्योपुर और कराहल में धान की फसल प्रभावित हुई। रविवार को जिला प्रशासन ने नुकसान का सर्वे करने के आदेश दिए थे, लेकिन सोमवार तड़के पांच बजे से फिर बारिश शुरू हो गई। शिवपुरी में 5 से 6 हजार हेक्टेयर में धान प्रभावित हुई है। यहां अधिक नुकसान नरवर, कोलारस आदि क्षेत्रों में धान की फसल को हुआ है। उप संचालक कृषि पान सिंह करोरिया का कहना है कि रविवार की बारिश से नरवर क्षेत्र में 10 से 12 गांव में पांच से छह हजार हेक्टेयर में लगी धान की फसल प्रभावित हुई है।

### 0 % ब्याज दर पर फसल ऋण योजना निरंतर जारी रहेगी

राज्य शासन ने वर्ष 2025-26 के लिये सहकारी बैंकों के माध्यम से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण देने की योजना को निरंतर रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में राज्य शासन ने आदेश जारी किया है।

# रिटायर्ड डीएसपी की बंदूक से चली गोली से बच्ची की मौत का मामला

### -रिटायर्ड डीएसपी ने हाईकोर्ट से ली अग्रिम जमानत - फायरिंग करने वाला आरोपी बेटा फरार

भोपाल। कोलार इलाके में रिटायर्ड डीएसपी के बेटे द्वारा की गई हवाई फायरिंग में 10 साल की मासूम बच्ची की मौत के मामले में पुलिस अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जानलेवा घटना को करीब चार सप्ताह का समय होने वाला है, लेकिन अभी तक आरोपी बेटा फरार है, मामले में गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। लाइसेंसी रायफल धारक रिटायर्ड डीएसपी श्यामलाल यादव को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल चुकी है। उन्होंने स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देकर राहत मांगी थी। हालांकि जमानत मिलने के बाद अभी तक थाने में की जाने वाली कागजी कार्यवाही के लिये वह थाने नहीं पहुचें है। जानकारी के अनुसार बीती दो अक्टूबर को कोलार की राजहर्ष कॉलोनी में बच्ची रिया रजक घर के बाहर खेल रही थी, तभी अचानक चली गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच में सामने आया कि गोली पास में रहने वाले रिटायर्ड डीएसपी के घर से चली थी। एफएसएल की टीम ने घटना स्थल का रिक्रिएशन करते हुए इस दिशा में संदेह जताया था। इसके बाद पुलिस ने श्यामलाल यादव के घर से जब्त लाइसेंसी रायफल और बच्ची के शरीर से मिली गोली की बैलेस्टिक जांच कराई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि गोली उसी रायफल से चली थी। पुष्टि के बाद पुलिस ने पूर्व डीएसपी और उनके बेटे के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया, लेकिन आरोपी बेटा घटना के बाद से ही फरार है। मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिये टीमें बनाई गई है, जो लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिये संभावित ठिकानो पर दबिश दे रही है।

# जहां हर दिशा में कौशल की नर्मदा बहे, वही है महाकौशल - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### जबलपुर कैबिनेट से ही हमारी सरकार ने तय की विकास की प्राथमिकताएं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जबलपुर संस्कृति, संस्कार और शिक्षा की त्रिवेणी है। यह संस्कारधानी भी है और न्यायधानी भी। जहां हर दिशा में कौशल ही कौशल की नर्मदा बहती है, वही महाकौशल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकौशल को निसर्ग ने अप्रतिम सौंदर्य से नवाजा है। महाकौशल पर माँ नर्मदा की अद्भुत कृपा है। हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट जबलपुर में कर यहीं से विकास प्राथमिकताएं तय की थीं। जबलपुर प्रदेश का सबसे बड़ा एलीवेटेड कॉरीडोर बना कर लोकार्पित कर दिया गया है। इससे जबलपुर के व्यापार-व्यवसाय के विकास को नए पंख लग गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जबलपुर के महाकौशल ऑटोनॉमस कॉलेज के सभागार में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन सहित मेधावी विद्यार्थियों एवं शिक्षाविदों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्र और समाज के विकास के लिए प्रदेश के सभी शैक्षणिक केंद्र अध्ययन और अध्यापन का एक मजबूत आधार तैयार करें। स्कूल और कॉलेज केवल डिग्री देने वाले न बनकर शिक्षा के मंदिर और देवालय बनें। स्कूल-कॉलेजों में रोजगारपरक शिक्षा दी जाए। इससे हमारे विद्यार्थी अध्ययन करते हुए ही रोजगार के क्षेत्र में दक्षता हासिल कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश के लाखों युवाओं ने स्टार्ट-अप तैयार किए हैं, जिन्होंने समाज और अर्थव्यवस्था दोनों को नई दिशा दी है। स्वदेशी क्रांति लाने में हमारे युवा अग्रदूत बनकर उभरे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज श्रद्धेय ईश्वर दास रोहाणी की स्मृतियां ताजा हो जाती हैं, मैं उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। उनके पुत्र और वर्तमान विधायक निश्चित ही अपने पिता से मिली विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाकौशल सहित प्रदेश के विभिन्न अंचलों में रहने वाले जनजातीय भाई-बहनों के हित में हमारी सरकार ने अब कोदो-कुटकी के भी उपार्जन का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसके तहत हमारी सरकार 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कोदो और 3500 रुपए प्रति क्विंटल दर से कुटकी का उपार्जन करेगी। साथ ही शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को फसल ऋण की सुविधा जारी रखने का निर्णय भी लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती और वीर रानी अवंतिबाई का स्मरण करते हुए कहा कि इन्होंने महाकौशल का मान बढ़ाया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जीवन भर लोकतंत्र की लड़ाई लड़ी। अमर शहीद भगत सिंह ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र के लिए न्यौछावर कर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में जबलपुर में 28 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत वाले 4 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 23 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से 2 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 13 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से पीएम एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय का नवीन भवन का लोकार्पण शामिल है। इस महाविद्यालय को नये 4 मंजिला भवन की सौगात मिली है, इसमें 19 अत्याधुनिक कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, स्टाफ रूम, कॉमन रूम और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं हैं। इस नये भवन में पर्यावरण अनुकूल निर्माण, जल संरक्षण और डिजिटल शिक्षण की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में 10 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से नवीन भवन और उन्नयन कार्यों का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 4 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत वाले 2 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इसमें 1 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से पीएम उषा परियोजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स शासकीय महाकौशल य जबलपुर में नवीन भवन का निर्माण और लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आवास गृहों आदि निर्माण कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

### बहुमुखी प्रतिभाओं और समाजसेवियों का सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर के स्कूल और कॉलेजेस के 22 टॉपर्स बच्चों और बहुमुखी प्रतिभाओ को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी इसे सिर्फ सम्मान मत समझें, यह बहुत बड़ा दायित्व भी है। आप सभी को विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का आधार बनना है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी शिक्षा को इस दिशा में लगाये, जो नए मध्यप्रदेश का निर्माण करें। मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि पाने वाले 5 शिक्षकों और शिक्षाविदों, सामाजिक सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले 13 समाजसेवियों और संस्था श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 3 संस्थाओं को सम्मानित किया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रेरणास्त्रोत बनी 5 महिलाओं, खेल जगत की 6 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आवार्ड के लिए चयनित 5 युवाओं को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत के पास युवा शक्ति और टेक्नोलॉजी का अनूठा संगम है। दुनियाभर के देश भारत की यूथ पॉवर के लिए तरस रहे हैं। वर्ष 2047 में विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने का सबसे बड़ा दायित्व युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि युवा साथी अपने परिश्रम, अपनी बुद्धि और अपने बल से भारत की काया पलटें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय में सिर्फ टेलेंटेड होना काफी नहीं है, अब आपको टेक फ्रेंडली और एआई इनेबल भी होना पड़ेगा।

# महिला किसान की बंधक जमीन नीलाम करने वाले 3 पूर्व बैंक अधिकारियो को 3 साल की जेल

### शिकायत, एफआईआर और फैसला आने में लगे 22 साल

भोपाल। राजधानी में साल 2001 से 2003 के बीच बैंक में बंधक रखी गई किसानों की जमीन को कलेक्टर गाइडलाइन के खिलाफ नीलाम करने के तीन आरोपियों को कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने पर दोषी करार देते हुए 3-3 साल की सजा से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है। तत्कालीन समय में आरोपी हरिहर प्रसाद मिश्रा, विनोद कुमार देवल, अशोक मुखरैया और एपीएस कुशवाहा भूमि विकास बैंक भोपाल के अधिकारी थे। अब भूमि विकास बैंक को जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के नाम से जाना जाता है। मामले की शिकायत लोकायुक्त में की गई थी। जॉच में सामने आया की आरोपियों ने 2 लाख 01 हजार रुपए कीमत की बंधक रखी गई कृषि भूमि को अन्य व्यक्ति को नीलामी के जरिए 46 हजार रुपए में बिक्री कर दी थी। इससे किसान को 1 लाख 55 हजार रुपए और सरकार को 1 लाख 55 हजार रुपए के स्टाम ड्यूटी का नुकसान हुआ था। यह फैसला विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह की कोर्ट ने सुनाया है। मामले में विशेष लोक अभियोजक हेमलता कुशवाह ने पैरवी की।

### यह था मामला

जानकारी के अनुसार घटना 15 नवंबर 2001 से 11 दिसंबर 2003 के बीच की है। लोकायुक्त में मामले की शिकायत करते हुए बताया गया था की भोपाल की किसान हरबो बाई की 3.66 एकड़ जमीन बैंक के पास 1986 में रखी थी। इसके ऐवज में उन्होंने कुआं निर्माण और पंप खरीदने के लिए 18 हजार 500 रुपए का लोन लिया था। लोन का भुगतान समय पर नहीं होने के कारण आरोपियों ने नीलामी प्रक्रिया के तहत उमा चतुर्वेदी के पक्ष में जमीन दे दी थी। इसके लिए कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से जमीन की कीमत 2 लाख 01 हजार रुपए होती थी। लेकिन, आरोपियों ने इसका पालन नहीं करते हुए 46 हजार रुपए में कृषि भूमि बेच दी थी।

### शिकायत, एफआईआर और फैसला आने में लगे 22 साल

भूमि विकास बैंक से जुड़े चारों आरोपियो की हेराफेरी की शिकायत लोकायुक्त के पास 11 दिसंबर 2003 को पहुंची थी। शिकायतकर्ता ने बताया था, कि भूमि विकास बैंक से जुड़े चारों आरोपी ने 15 नवंबर 2001 से नीलामी प्रक्रिया के खिलाफ जाकर किसानों की बंधक जमीनों का विक्रय कर रहे हैं। आवेदन के आधार पर लोकायुक्त ने जांच शुरू की थी। जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ 8 अगस्त 2007 को मामला दर्ज किया गया था। लोकायुक्त ने 8 साल बाद 23 नवंबर 2015 को आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया था। चालान पेश करने के बाद नौ साल तक चली लंबी सुनवाई के बाद आखिरकार कोर्ट ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा से दण्डित किया है।

# प्रधान आरक्षक अरविन्द रघुवंशी 10 हजार रु. के नगद पुरस्कार से सम्मानित

### प्रधान आरक्षक अरविंद रघुवंशी ने बचाई 45 यात्रियों की जान-डीजीपी कैलाश मकवाणा ने किया पुरस्कृत

भोपाल। मध्यप्रदेश पुलिस के प्रधान आरक्षक अरविंद रघुवंशी ने अदम्य साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए एक बड़ा हादसा टाल दिया। दिनांक 25 अक्टूबर, 2025 को रात्रि लगभग 07.45 बजे वीडियोकोच बस पिछोर से ईसागढ़ होते हुए इंदौर जा रही थी, जिसमें लगभग 40-45 यात्री सवार थे। ईसागढ़ के पास बस के आगे इंजन के पास आग लगना प्रारंभ हुई तो तत्काल बस में सवार प्रधान आरक्षक 323 अरविन्द रघुवंशी, थाना कदवाया जिला अशोकनगर ने बस के क्लीनर के साथ मिलकर बस का कांच तोड़कर स्वंय बाहर निकला और बस में सवार अन्य यात्रियों को तत्परतापूर्वक बाहर निकाला तथा अन्त में बस में पीछे जाकर यह सुनिश्चित किया कि बस में कोई अन्य यात्री शेष नहीं है। प्रधान आरक्षक की तत्परता, बुद्धिमत्ता एवं बहादुरीपूर्ण कार्यवाही से बस में सवार सभी यात्रियों की जान बच सकी तथा घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा यात्रियों के जल जाने की पूर्ण आशंका थी। आग लगने से सम्पूर्ण बस बाद में पूरी तरह से जल गई।

उपरोक्त सराहनीय कार्य करने पर उत्साहवर्धन हेतु प्रधान आरक्षक 323 अरविन्द रघुवंशी थाना कदवाया जिला अशोकनगर को रू. 10,000/- (दस हजार रूपये) नगद पुरस्कृत किया गया।

# अनूपपुर स्टेशन पर ओवरलोड मालगाड़ी हाईटेंशन लाइन से टकराई, कई ट्रेनें हुई प्रभावित

अनूपपुर। सोमवार सुबह अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर कोयला भरी एक ओवरलोड मालगाड़ी अचानक हाईटेंशन बिजली लाइन से टकरा गई। कोयले के हाईटेंशन लाइन से टकराने के कारण जोरदार धमाका हुआ और चिंगारियां निकलने लगीं। हादसे के दौरान बिजली के तार टूटकर पटरी पर गिर गए। गनीमत रही कि मालगाड़ी प्लेटफॉर्म के बीच वाले लूप ट्रैक पर खड़ी थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी अनुसार यह घटना सोमवार सुबह करीब 5 बजे की है। जैसे ही हादसा हुआ, रेलकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए मालगाड़ी को प्लेटफॉर्म नंबर 4 के अतिरिक्त यार्ड में खड़ा कर दिया। उस समय प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर रीवा-चिरमिरी पैसेंजर ट्रेन खड़ी थी। यात्रियों के अनुसार, टकराव के बाद लंबे समय तक चिंगारियां निकलती रहीं, जिससे स्टेशन परिसर में दहशत का माहौल बन गया। रेलवे सूत्रों के अनुसार, मालगाड़ी अंबिकापुर से कोयला लेकर कटनी की ओर जा रही थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गाड़ी में ओवरलोडिंग थी। यह जांच का विषय है कि ओवरलोड होने के बावजूद मालगाड़ी यार्ड से कैसे निकल गई।

हादसे के कारण इस मार्ग की कई ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को जैतहरी स्टेशन पर करीब एक घंटे तक रोका गया, जबकि रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस को अनूपपुर में ही खड़ा रखा गया।

# प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया जायेगा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

भोपाल। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी भोपाल सहित जिला मुख्यालयों पर एक से तीन नवम्बर तक 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। एक नवम्बर को शासकीय भवनों पर रात्रि में प्रकाश व्यवस्था की जायेगी।

स्थापना दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम एक नवम्बर को प्रातः 11 बजे से लाल परेड मैदान पर आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में विकसित मध्यप्रदेश @2047 दृष्टि पत्र का विमोचन, एमपीई-सेवा एवं इन्वेस्ट एमपी पोर्टल का शुभारम्भ होगा। साथ ही प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति तथा आतिशबाजी की जायेगी। सायंकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा।

स्थापना दिवस पर 2 एवं 3 नवम्बर को स्व-सहायता समूह एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित शिल्पियों की आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रदर्शनी सह विक्रय स्टॉल के माध्यम से प्रदेश की बहुआयामी कला-संस्कृति का लोकव्यापीकरण और मंचीय कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन एवं सुगम संगीत का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की सतत प्रगति, विरासत से विकास, उद्योग/विज्ञान क्षेत्र की विशिष्ट उपलब्धियों पर केन्द्रित आकर्षक प्रदर्शनी एवं मध्यप्रदेश के विकास पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर होगा।

युवाओं को जोड़ने के लिए मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत, बहुआयामी संस्कृति, पर्यटन, उद्योग, विज्ञान के क्षेत्र से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता, मध्यप्रदेश के विकास, पर्यटन एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों पर आधारित चित्र/फोटो प्रदर्शनी/पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में किया जायेगा।

# नर्सिंग कॉलेजों द्वारा मान्यता के लिये किए गए ऑनलाइन आवेदनों की जांच भोपाल क्राइम ब्रांच करेगी

भोपाल। मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों द्वारा मान्यता प्राप्त करने के लिए किए गए ऑनलाइन आवेदनों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं को लेकर अब जांच की जिम्मेदारी भोपाल क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है। यह कार्यवाही एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार की शिकायत के बाद की गई है। जानकारी के अनुसार राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है, कि एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार द्वारा डाक के माध्यम से प्राप्त शिकायत में नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के पोर्टल पर नर्सिंग



कॉलेजों द्वारा किए गए आवेदनों में गंभीर गड़बड़ियों की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया था। उक्त शिकायत में संबंधित दस्तावेजों एवं मोबाइल नंबरों की जांच करने का अनुरोध किया गया था। राज्य सायबर सेल ने इस मामले को साइबर अपराध की श्रेणी में गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच के लिए क्राइम ब्रांच, भोपाल के पुलिस उपायुक्त को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

### - ऑन लाइन किये गए आवेदनो में कई कमियां- रवि परमार

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि 'मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से नर्सिंग कॉलेजों द्वारा जो आवेदन मान्यता के लिए किए गए हैं, उनमें भारी स्तर पर नियमों का उल्लंघन किया गया है। कई कॉलेजों ने फर्जी दस्तावेजों और अधूरी जानकारियों के बावजूद मान्यता प्राप्त कर ली। यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि शिक्षा माफिया, कुछ अधिकारियों और निजी सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा किया गया संगठित साइबर अपराध है।' परमार का आरोप है कि 'एमपी ऑनलाइन और नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल दोनों की मिलीभगत से जिन कॉलेजों को गलत तरीके से मान्यता प्रदान की गई है।' जब तक इस संगठित अपराध में शामिल कॉलेज संचालकों, नर्सेस काउंसिल अधिकारियों और निजी कंपनी के जिम्मेदार पदाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक एनएसयूआई छात्रहितों की इस लड़ाई को सड़क से लेकर शासन-प्रशासन तक जारी रखेगी।

# अब 29 अक्टूबर से पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

मुम्बई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम अब इस माह के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगी। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम को एकदिवसीय सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है पर जिस प्रकार से भारतीय टीम ने तीसरे एकदिवसीय में शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी की उससे साफ है कि उसने एक बार फिर लय हासिल कर ली है और वह सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टी20 सीरीज में जबरदस्त प्रदर्शन के लिए तैयार है। एकदिवसीय सरीज में जहां शुभमन कप्तान थे। वहीं टी20 सीरीज की कमान सूर्यकुमार के पास रहेगी। इसके साथ ही टीम में कुछ बदलाव भी होंगे। जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। इसके अलावा तिलक वर्मा, शिवम दुबे और वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ी खेलते दिखेंगे।

भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत 29 अक्टूबर से कैनबरा के मनुका ओवल में होगी। इसके बाद 31 अक्टूबर को दूसरा टी20 मैच मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। वहीं सीरीज के आखिरी तीन मैच 2,6 और 8 नवंबर को होंगे। टी20 सीरीज के सभी मुकाबले भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजकर 45 मिनट पर शुरू होंगे।



**कार्यक्रम इस प्रकार है-**

पहला टी20- 29 अक्टूबर, कैनबरा
दूसरा टी20- 31 अक्टूबर, मेलबर्न
तीसरा टी20- 2 नवंबर, होबार्ट
चौथा टी20- 6 नवंबर, गोल्ड कोस्ट
पांचवां टी20- 8 नवंबर, ब्रिस्बेन

**दोनो टीमें इस प्राकर हैं -**

भारतीय टीम- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उप-कप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर

ऑस्ट्रेलियाई टीम- मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट (गेम 1-3), जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन (गेम 3-5), टिम डेविड, बेन द्वारशुइस (गेम 4-5), नाथन एलिस, जोश हेज़लवुड (गेम 1-2), ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुह्नमैन, ग्लेन मैक्सवेल (गेम 3-5), मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जैंपा

## पूर्व मुख्य चयनकर्ता रहे प्रसाद बोले, रोहित और कोहली 2027 विश्वकप में निभा सकते हैं अहम भूमिका

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने कहा है कि 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए अनुभवी बल्लेबाज़ रोहित शर्मा और विराट कोहली को शामिल किया जाना चाहिये। प्रसाद के अनुसार ये दोनो दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्वकप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रसाद ने कहा कि यह अनुभवी जोड़ी विश्वकप में टीम के लिए बड़ी संपत्ति साबित होगी।

प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, रोहित और विराट ने खेला है जिससे पता चलता है कि इनकी लय और फिटनेस अभी बनी हुई है। इन दोनो ने तीसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम को जीत दिलाकर क्लीन स्वीप से भी बचाया था। इन दोनो ही बल्लेबाजों ने अपने प्रदर्शन से कई रिकार्ड भी बनाये। रोहित ने एदिवसीय में अपना 33वां शतक लगाया जबकि विराट ने वापसी करते हुए 74 रन* बनाए और कुमार संगकारा का दूसरा सबसे अधिक रनों का रिकार्ड तोड़ा। प्रसाद ने कहा, 'मैं बेहद खुश हूं। पिछले दो मैचों में उनके प्रदर्शन का इंतजार था। यह सीरीज विश्वकप की तैयारी में बहुत अहम रही है। विराट और रोहित जैसे खिलाड़ी टीम के लिए बड़े संसाधन हैं।' उन्होंने कहा कि दोनों बल्लेबाज़ों के पिछले रिकॉर्ड और फिटनेस को देखते हुए उन्हें केवल वर्तमान फॉर्म से आंका नहीं जा सकता। प्रसाद ने यह भी कहा कि रोहित, विराट और रवींद्र जडेजा ने सही समय पर अगली पीढ़ी को जिम्मेदारी संभालने का अवसर दिया है। इसी कारण टीम में इतनी प्रतिभा है कि श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाज भी 20 टीम में जगह नहीं पा रहे हैं। यह दर्शाता है कि टीम के पास बहुत गहराई है और युवा खिलाड़ी अब मजबूती से अपनी पहचान बना रहे हैं।



## नितीश ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए फिट हुए

मुम्बई। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 तरीख से होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए फिट घोषित कर दिए गए हैं। नितीश ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए दूसरे एकदिवसीय में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण भारतीय टीम से बाहर हो गये थे। इसी कारण ही वह तीसरे एकदिवसीय में भी नहीं खेल पाये थे। इससे उनका टी20 सीरीज में खेलना संदिग्ध नजर आ रहा था। वहीं अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान जारी कर कहा है कि नितीश अब अपनी चोट से उबर गये हैं और फिटनेस जांच में भी पास को गये हैं। ऐसे में वह टी20 सीरीज खेलेंगे। नितीश के फिट होने से भारतीय टीम ने राहत की सांस दी है। वह गेंदबाजी के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं। नितीश ने अब तक दो एकदिवसीय खेले हैं, जिनमें उन्होंने 27 रन बनाए हैं। वहीं चार टी20 मैचों में 90 रन बनाने के साथ ही तीन विकेट भी लिए हैं। पांच मैचों की टी20 सीरीज 29 अक्टूबर से केनबरा में शुरु होगी।

## श्रेयस अय्यर आइसीसीयू में भर्ती, हालत स्थिर - बीसीसीआई

सिडनी।एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर गंभीर रुप से बीमार होने के कारण आईसीयू में भर्ती कराया गया है। श्रेयस को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में कैच पकड़ने के दौरान पसलियों में चोट लग गयी थी। इसी में आंतरिक रक्तस्राव होने के कारण उनको सिडनी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह अभी आईसीयू में ही हैं। अनुमान है कि उन्हें करीब एक सप्ताह तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ेगा। वहीं बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने का, श्रेयस को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया।बयान में कहा गया, स्कैन से उनकी पसली में चोट का पता चला है। अय्यर का इलाज चल रहा है, उनकी हालत स्थिर है। वे अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम सिडनी और भारत के विशेषज्ञों के परामर्श से उनकी चोट की स्थिति पर नजर रख रही है।



अय्यर को इस मैच में एलेक्स कैरी का कैच पकड़ने के दौरान चोट लगी थी। ड्रेसिंग रूम में वापसी के बाद ही दर्द बढ़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया था जहां पता चला कि उनकी पसलियों में चोट है। इसके बाद से ही वह आईसीयू में हैं। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही ब्लीडिंग का पता चला और उन्हें तुरंत आईसीयू में भर्ती कराना कराया गया है। उनके स्वास्थ्य में सुधार के आधार पर उन्हें दो से सात दिनों तक निगरानी में रखा जाएगा, क्योंकि ब्लीडिंग के कारण संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए ऐसा करना जरूरी है।

दर्द में नजर आए श्रेयस को पहले ड्रेसिंग रूम ले जाया गया था। इसके बाद दर्द बढ़ने पर मेडिकल टीम ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया। अब उनकी हालत स्थिर है। मेडीकल टीम के अनुसार वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे। शुरुआत में उनके करीब तीन हफ्ते तक मैदान से बाहर रहने की उम्मीद थी पर अब लगता है कि उनकी वापसी में और अधिक समय लगेगा। आंतरिक रक्तस्राव हुआ है। इसलिए उन्हें निश्चित रूप से ठीक होने के लिए अधिक समय लगेगा। ऐसे में वह कब प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर पायेंगे कहा नहीं जा सकता।

## भारत दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नंबर एक पर रहा

### श्रीलंका दूसरे वह नेपाल तीसरे नंबर पर पहुंचा

रांची, एजेंसी। झारखंड में आयोजित चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप (सैफ) में भारत ने 20 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। ये इस चैंपियनशिप के मुकाबले 24 से 26 अक्टूबर तक खेले गये थे। इसमें भारतीय दल ने 20 स्वर्ण पदकों के साथ ही कुल 58 पदक जीते। वहीं श्रीलंका ने 16 स्वर्ण सहित 40 पदक जीतने के साथ ही दूसरा स्थान हासिल किया जबकि दो रजत और चार कांस्य पदक जीतकर नेपाल तीसरे स्थान पर वहीं 3 कांस्य जीतकर बांग्लादेश चौथे। वह मालदीव 1 कांस्य पदक के साथ ही पांचवे स्थान पर रहा। भूटान एक भी पदक हासिल नहीं कर पाया। इस चैंपियनशिप के अंतिम दिन कई नये रिकॉर्ड बने। पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ भारत के रुचित मोरी ने 50.10 सेकंड में पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं दूसरा स्थान श्रीलंका के लियानागे अयोमा को जबकि तीसरा स्थान भारत के कर्ण बाग को मिला।

इसके अलावा महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में, श्रीलंका की के.एच. अराच्चिगे दासुन ने 58.66 सेकंड का समय अनिकार स्वर्ण पदक जीा। उन्होंने इस दौरान अपने ही देश के अरल लोकु और भारत के ओलिम्पा स्टेफी को पीछे छोड़ा। पुरुषों की भाला फेंक में, पथिरगे रूसिरू (श्रीलंका) ने 84.29 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण, वहीं रणसिंघे जगत (श्रीलंका) और उत्तम पाटिल (भारत) ने दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुषों की लंबी कूद में, भारत के मोहम्मद साजिद ने 7.68 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं रजत पदक श्रीलंका के उनागोला येस्वेस्मी जबकि कांस्य पदक भारत के सरून पयासिंह ने जीताहहा। महिलाओं की ऊंची कूद में भारत की रीत राठौर ने 1.76 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण जबकि श्रीलंका की गमागे रानिंडी ने रजत और भारत की सुप्रिया ने कांस्य हासिल किया।



पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में, भारत के अभिषेक ने 30:29.46 का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। नेपाल के राजन रोकाया दूसरे वहीं भारत के ही प्रिंस कुमार तीसरे नंबर पर रहे।

महिलाओं की 800 मीटर दौड़ में, अमनदीप कौर (भारत) ने 2:04.66 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, उनके बाद कोडिथुवाक्कु ताक्षी (श्रीलंका) और थोटा संकीर्तन (भारत) रहे। पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में, श्रीलंका की डी.एम. हर्ष एस. करुणा ने 1:51.96 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि सोम बहादुर कुमाल ने रजत और भारत के मोगाली वेंकटराम रेड्डी ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में, श्रीलंका की मोहम्मद यामिक फातिमा ने 23.58 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत की साक्षी चव्हाण और नीरू पाठक ने दूसरे व तीसरे स्थान के साथ ही रजत और कांस्य पदक जीते।

## सिनर ने ज़्वेरेव को हराकर वियना ओपन खिताब जीता

रोम । इटली के जैनिक सिनर ने जर्मनी के एलेक्जेंडर ज़्वेरेव को फाइनल में 3-6, 6-3, 7-5 से हराकर दूसरी बार विएना ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता है। इस जीत के साथ ही सिनर ने इस सत्र का अपना चौथा खिताब जीता है। वहीं अब तक इस खिलाड़ी ने करीब 22 खिताब जीते हैं। इस जीत के साथ सिनर ने इनडोर हार्ड कोर्ट पर लगातार 21 मैच जीत लिए हैं। सिनर के लिए फाइनल असान नहीं रहा। ज़्वेरेव ने पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया। सिनर ने इसके बाद दूसरे सेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-3 से जीत दर्ज कर मैच बराबरी पर ला दिया। तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ पर सिनर ने 5-5 से ये सेट जीतकर मैच पर कब्जा कर लिया। बैकहैंड जीत के बाद उत्साहित सिनर ने कहा, शुरुआत मेरे लिए मुश्किल रही पर मैं मानसिक रूप से मजबूत बना रहा।

## हीरो हॉकी महिला लीग 28 दिसंबर, पुरुष लीग 3 जनवरी से शुरु होगी

रांची, एजेंसी। हीरो हॉकी इंडिया लीग ने 2025-26 सत्र के लिए पुरुष और महिला टीमों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। महिला लीग 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक रांची में होगी जबकि पुरुष लीग 3 से 26 जनवरी तक चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में आयोजित की जाएगी। हीरो हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, पिछले सत्र की सफलता के बाद हमें इस बार और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। हमने पुरुष लीग को तीन शहरों में रखा है जिससे अधिक से अधिक प्रशंसक इस विश्वस्तरीय हॉकी का आनंद ले पायें।

वहीं हॉकी इंडिया लीग की गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, हीरो हॉकी इंडिया लीग में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेलते हुए देखने का अवसर मिलेगा। ऐसे में आगामी सत्र अब तक का सबसे बेहतर सत्र होगा। इस कार्यक्रम के दौरान रांची रॉयल्स का आधिकारिक लोगो भी जारी किया गया। ये लोगो टीम की जीवंत भावना और झारखंड की समृद्ध हॉकी विरासत के साथ मजबूत संबंध को दिखाता है।



**महिला लीग**

28 दिसंबर से 10 जनवरी 2026 तक रांची में होने वाली महिला लीग में कुल 13 मैच खेले जाएंगे। इसमें शामिल चार टीमों रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, और श्राची रारह बंगाल टाइगर्स के बीच डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में मुकाबले होंगे। वहीं अंक तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच 10 जनवरी को फाइनल होगा। इस टूर्नामेंट में नीदरलैंड, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और ग्रेट ब्रिटेन जैसे 10 से अधिक देशों की महिला खिलाड़ी भाग लेंगी।

**पुरुष लीग**

3 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक चलेगी। पहला चरण चेन्नई में, दूसरा रांची में और तीसरा भुवनेश्वर में होगा।पुरुष लीग में आठ टीमें तमिलनाडु ड्रैगन्स, हैदराबाद तूफान, जीएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स (वर्तमान चैंपियन), वेदांता कलिंग लांसर्स, रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स और एचआईएल गवर्निंग काउंसिल हिस्सा लेंगी। पुरुष लीग में 33 मैच खेले जाएंगे, जिनमें अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी, इंग्लैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे शीर्ष हॉकी राष्ट्रों के खिलाड़ी शामिल होंगे। सभी टीमें सिंगल राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे से खेलेंगी। शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। क्वालिफायर 1 और एलिमिनेटर 23 जनवरी (भुवनेश्वर) को खेला जाएगा। वहीं दूसरा क्वालिफायर 25 जनवरी को खेला जाएगा। फाइनल और तीसरे स्थान के लिए मैच 26 जनवरी को कलिंग स्टेडियम, भुवनेश्वर में खेला जाएगा।

## प्रतीका के सेमीफाइनल से पहले फिट होने की उम्मीद - हरमनप्रीत

इंदौर, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 30 अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल मैच से पहले प्रतिका रावल के ठीक होने की संभावना है। प्रतीका को बांग्लादेश के खिलाफ मैच में फील्डिंग के दौरान चोट लग गई थी। इसके बाद वह साथी खिलाड़ियों का सहारा लेकर मैदान से बाहर गई थीं। प्रतीक ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। ऐसे में अगर वह नहीं खेल पाती है तो भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।



बांग्लादेश के खिलाफ मैच रद्द होने के बाद हरमनप्रीत ने कहा, प्रतीका पर मेडिकल टीम की नजर लगी हुई हैं और उम्मीद है कि वह शीघ्र ही ठीक हो जाएंगी। सेमीफाइनल हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमने लीग मुकाबलों में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला है और सभी ने अपना योगदान दिया है जिसे हम आगे भी बनाये रखेंगे। साथ ही कहा कि बारिश से रद्द हुए मैच में भी हमारी टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा था। बांग्लादेश से मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। इस मैच में बांग्लादेश के 27 ओवर में 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 8.4 ओवर में ही बिना विकेट खोए 57 रन बना लिए थे। बारिश के कारण जब मैच रद्द किया गया तब स्मृति मंधाना 34 जबकि अमनजोत कौर 15 रन बनाकर खेल रहीं थीं। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, "इस मैच में हमने काफी संतुलित गेंदबाजी की थी। हम लगातार खेल का आनंद लेने की बात करते रहते हैं और आगे भी यही करना चाहते हैं।" भारतीय राधा की गेंदबाजी की भी प्रशंसा की और कहा कि अगले मैच के लिए हमें एक और विकल्प मिला है। वहीं अमनजोत ने भी वापसी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया।"

## कमिंस एशेज सीरीज का पहला मैच नहीं खेलेंगे, स्मिथ करेंगे कप्तानी - मैकडोनाल्ड

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली एशेज टेस्ट सीरीज 2025-26 से पहले मैच से बाहर हो गये हैं। कमिंस के बाहर होने से इस सीरीज में स्टीव स्मिथ कप्तानी करेंगे। कमिंस पीठ की चोट के कारण पिछले तीन माह से खेल से दूर हैं। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में ही आशंका जाहिर करते हुए कहा था कि 21 नवंबर से पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में उनके खेलने की संभावनाएं काफी कम हैं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, "हमने एशेज को देखते हुए उनके फिट होने के लिए जितना समय सोचा था वह खत्म हो गया है। हमें कुछ समय पहले ही अंदाजा हो गया था कि कि उन्हें फिट होने में कम से कम चार सप्ताह से अधिक का समय लगेगा और अब हमारे पास समय नहीं बचा है पर हमें पूरी उम्मीद है कि वह दूसरे टेस्ट मैच में खेलेंगे।" उन्होंने आगे कहा, "वह पिछले कुछ समय से फिटनेस को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। फिटनेस को लेकर आज एकदम से कुछ नहीं कर सकते। हम हर दिन उनकी फिटनेस की समीक्षा करते हैं।" मैकडोनाल्ड ने कहा कि वह इस सप्ताह से गेंदबाजी शुरू कर सकते हैं और उम्मीद है कि चार दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच लिए वह फिट हो जाएंगे। उन्होंने कहा, "वह इस सप्ताह गेंदबाजी करना शुरू कर देंगे जिससे उनसे फिटनेस का अंदाजा हो जाएगा। हमें पूरी उम्मीद है कि वह दूसरे टेस्ट मैच तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। वह टीम के साथ पर्थ जाएंगे और तब हम उनकी फिटनेस का सही आंकलन करने का भी अवसर मिलेगा।" गौरतलब है कि उनकी जगह कप्तानी संभालने वाले स्मिथ ने साल 2021 से कमिंस के नहीं होने पर छह बार ऑस्ट्रेलियाई टीम की जिम्मेदारी उठायी है।

## केकेआर ने सहायक कोच रहे अभिषेक नायर को बनाया मुख्य कोच

कोलकाता, एजेंसी। आईपीएल के 2026 सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सहायक कोच रहे अभिषेक नायर को टीम का मुख्य कोच बनाया है। नायर लंबे समय से टीम से जुड़े है ऐसे में अब उन्हें और भी अधिक जिम्मेदारी देते हुए कोचिंग की कमान दे दी गयी है। नायर की युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के साथ ही टीम की रणनीति को बेहतर बनाने में अहम भूमिका रही है। दिनेश कार्तिक, श्रेयस अय्यर और अन्य युवा भारतीय प्रतिभाओं को भी भी उन्होंने निखारा है। वह भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ का भी हिस्सा रहे हैं।

अभिषेक ने मुंबई की ओर से घरेलू क्रिकेट खेला है। उनका घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन रहा है। उन्होंने भारतीय टीम की ओर से तीन एकदिवसीय भी खेले हैं। संन्यास के बाद वह कोचिंग में उतरे और उन्होंने कई खिलाड़ियों को आगे बढ़ाया है। आईपीएल में उन्हें सहायक कोच के तौर पर काफी लंबा अनुभव है। अब मुख्य कोच बनने के बाद नायर के सामने केकेआर को फिर से विजेता बनाने का लक्ष्य रहेगा। फ्रेंचाइजी का उम्मीद है कि उनकी आधुनिक क्रिकेट की समझ, रणनीतिक कौशल और खिलाड़ी मनोविज्ञान की समझ टीम का प्रदर्शन बेहतर बना सकती है।



केकेआर ने जिस प्रकार से अभिषेक को कोच बनाया है उससे ये साफ होता है कि फ्रैंचाइजी अपने ही लोगों को बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित कर रही है और बाहर से किसी को लाने में भरोसा नहीं रखती है। फ्रैंचाइजी को उम्मीद है कि उनके अनुभव का लाभी टीम को मिलेगा और खिलाड़ी नये उत्साह से मैदान में उतरेंगे। उन्होंने हाल में उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ उनकी फिटनेस और बल्लेबाजी पर काम किया था। नायर 2018 में केकेआर में शामिल हुए थे, तब वह मुंबई में केकेआर अकादमी के प्रमुख रहे थे। उन्होंने वहां रिंकू सिंह और वरुण चक्रवर्ती जैसे टीम के कई युवा खिलाड़ियों को निखारा है। वह बल्लेबाजी कोच के रूप में भी टीम मुख्य कोच रहे चंद्रकांत पंडित के सहायोग स्टाफ में थे। वह गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ में रहे। नायर को इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय टीम द्वारा बर्खास्त कर दिया गया। इस साल की शुरुआत में, नायर को महिला प्रीमियर लीग का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। माना जा रहा है कि अब उन्हें एक पद छोड़ना पड़ सकता है।

# बालाघाट पुलिस कर्मियों से अभद्रता धक्का-मुक्की मामले में दो गिरफ्तार, लापता प्रधान आरक्षक सहित सात पर नामजद एफआईआर

सिवनी। बालाघाट मालखान से लाखों रुपये के नकदी व जेवर गायब होने के संदिग्ध आरोपितों की छानबीन करते हुए सिवनी के भैरोगंज में प्रधान आरक्षक योगेश राजपूत के घर पहुंची बालाघाट पुलिस के एसआईटी दल से धक्का-मुक्की व अभद्रता का सामना करना पड़ा था।

18-19 अक्टूबर की रात हुई घटना पर बालाघाट के नवेगांव थाना प्रभारी व एसआईटी सदस्य अमित अग्रवाल की शिकायत पर सिवनी कोतवाली थाना पुलिस ने 27 अक्टूबर को शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए पुलिस बल से अभद्रता के मामले में लापता प्रधान आरक्षक योगेश राजपूत समेत सात लोगों पर नामजद व 8-10 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। वीडियो फुटेज से प्रकरण में शामिल अज्ञात लोगों की पहचान की जा रही है।

कोतवाली पुलिस ने प्रकरण में दो आरोपितों अखिलेश खेड़ीकर व ओमप्रकाश दुबे उर्फ मुन्ना भारद्वाज को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। अन्य पांच फरार आरोपितों में प्रधान आरक्षक योगेश राजपूत, ब्रजेश राजपूत, नरेंद्र उर्फ गुड्डू ठाकुर, कुलदीप ठाकुर व एक अन्य की तलाश की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि कोतवाली थाना प्रभारी किशोर वामनकर का 25 अक्टूबर को जबलपुर आईजी ने नरसिंहपुर स्थनांतरण कर दिया था, जिसके बाद 26 अक्टूबर को उन्हें कोतवाली के प्रभार से मुक्त कर दिया गया था। वर्तमान में एसआई दयाराम शरणागत कोतवाली का प्रभार संभाल रहे हैं।



### नोटिस देने पहुंची थी बालाघाट एसआईटी

पुलिस के अनुसार बालाघाट कोतवाली के मालखाने से लाखों रुपये नकद, जेवरात गायब होने के मामले में संदिग्ध आरोपित की तलाश में बालाघाट से सिवनी आए पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) 18-19 अक्टूबर की रात भैरोगंज में निवासरत प्रधान आरक्षक योगेश राजपूत के घर पहुंचा था। प्रकरण में संदेही पुलिसकर्मी योगेश राजपूत के घर पूछताछ करने पहुंची एसआईटी टीम पर प्रधान आरक्षक व उसके साथियों ने एक राय होकर अभद्रता करते हुए, धक्का मुक्की की गई थी, जिससे एसआईटी टीम के पुलिस कर्मी आहत हुए थे। शिकायतकर्ता एसआई अमित अग्रवाल के अनुसार एसआईटी टीम बीएनएस की धारा 316 (5) तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(ए), 13(2) की विवेचना करने स्टाफ के साथ सिवनी पहुंची थी, जहां संदिग्ध पुलिस कर्मी योगेश राजपूत ने अपने साथियों को एकत्रित कर पुलिस बल को घेर लिया। धक्का-मुक्की करते हुए कंधे पर मुक्का मारा, जिससे उन्हें चोट आई। योगेश के सहयोगी नरेन्द्र उर्फ गुड्डू ठाकुर ने पुलिस टीम को जान से मारने की धमकी देते हुए सार्वजनिक रूप से अश्लील गाली दी थी।

### वीडियोग्राफी कर रहे आरक्षक का मोबाइल तोड़ा

पुलिस के वीडियोग्राफी करने के दौरान योगेश, ब्रजेश व नरेन्द्र ठाकुर के उकसाने पर भीड़ ने आरक्षक शैलेष तैलंग का मोबाइल गिराकर तोड़ दिया। आरोपितों ने एक राय होकर शासकीय सेवकों को कर्तव्य पालन से रोका व शासकीय नोटिस तामील नहीं होने दिया। कोतवाली पुलिस ने 7 नामजद आरोपित में योगेश राजपूत, ब्रजेश राजपूत, नरेंद्र उर्फ गुड्डू ठाकुर, अखिलेश खेड़ीकर, ओमप्रकाश उर्फ मुन्ना, कुलदीप ठाकुर, एक अन्य तथा 8-10 अन्य अज्ञात लोगों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 121 (1), 132, 221, 296, 324(4), 351(3), 191(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

बालाघाट से जांच करने आये एसआईटी दल अभद्रता व धक्का-मुक्की करने वाले प्रधान आरक्षक सहित सात लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। अन्य 8-10 अज्ञात लोगों की पहचान वीडियो फुटेज के माध्यम से की जा रही है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, अन्य पांच फरार लोगों की तलाश की जा रही है।

**सुनील कुमार मेहता,**
**पुलिस अधीक्षक सिवनी**

## फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिए जाने सौंपा ज्ञापन



पद्मेश न्यूज।कटंगी। अंचल में मौसम एवं कीट पतंगों की मार से प्रभावित फसलों का किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर किसान गर्जना संगठन की ओर से एसडीएम कटंगी के.सी. ठाकुर को ज्ञापन सौंपा गया। किसान गर्जना संगठन पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि क्षेत्र में किसानों की हालत बहुत दयनीय हो गई है। खेतों में खड़ी फसलों पर कीटों का प्रकोप हावी है। करपे एवं पतंगों से खेत नष्ट हो रहे हैं। मौसम की मार के कारण किसान अपने खेतों से फसलें काटने में असमर्थ है। किसानों को प्रतिदिन नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को देखते हुए राजस्व विभाग किसानों के खेतों का नियमानुसार सर्वे कराकर उन्हें वाजिब मुआवजा प्रदान करें। किसान गर्जना संगठन ने किसानों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए मुआवजा प्रदान करने हेतु उचित कार्यवाही की मांग की।

## युवाओं के लिए स्किल जनगणना की अनूठी शुरुआत करने वाला दूसरा प्रदेश बना उत्तराखंड

देहरादून। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार युवाओं के लिए एक खास पहल शुरू करने जा रही है, जिसके तहत राज्य में 'स्किल जनगणना' आयोजित की जाएगी। इस अनूठी जनगणना का उद्देश्य युवाओं की शिक्षा, कौशल और उनकी रुचियों के बारे में विस्तृत जानकारी एकत्र करना है। साथ ही, उद्योगों की कौशल आवश्यकताओं का भी आकलन किया जाएगा। इस डेटा के आधार पर प्रत्येक व्यक्ति को एक 'कौशल आईडी' प्रदान की जाएगी। देश में इस तरह की जनगणना पहले केवल आंध्र प्रदेश में हो चुकी है, और अब उत्तराखंड इस दिशा में दूसरा राज्य बनने जा रहा है।

युवाओं को उनकी रुचि के अनुरूप रोजगार के अवसर उत्तराखंड सरकार का लक्ष्य युवाओं को उनकी रुचि और कौशल के आधार पर रोजगार से जोड़ना और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है। इसके लिए पहली बार राज्य में स्किल जनगणना आयोजित की जा रही है। कौशल विकास समिति ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस जनगणना के जरिए सरकार यह समझना चाहती है कि राज्य में किन क्षेत्रों में कौशल की कमी है और युवा किन क्षेत्रों में रुचि रखते हैं। कौशल जनगणना की प्रक्रिया और महत्व रिपोर्ट के अनुसार, कौशल जनगणना के नोडल अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि शासन से इसकी अनुमति मिल चुकी है। अब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए, कंसलटेंसी का चयन किया जा रहा है।

## कनक कटारे ने जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय



पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। संस्कार भारती के द्वारा जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें श्रेणी ख विद्यालय स्तर हायर सेकण्डरी में केशव इंग्लिश स्कुल वारासिवनी की कक्षा बारहवी की छात्रा कनक कटारे ने जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। संस्कार भारती के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप खण्डेलवाल के द्वारा कनक कटारे को एक हजार रूपये की राशि व ट्राफी से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप शर्मा ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और अपनी कला को मंच तक लाने के लिए आगे बढ़ने का आव्हान किया। कनक को इस शानदार सफलता के लिये समस्त स्टाफ एवं ज्ञान विकास समिति ने बधाई प्रेषित की। पुरूस्कार की राशि सुनीता पंचम हनवत के द्वारा प्रदान की जाती है सभी ने उनका आभार व्यक्त किया।

## मप्र जन अभियान परिषद के छात्रों को दी गई विधिक साक्षरता की जानकारी

पद्मेश न्यूज।उकवा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्यनरत छात्रों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में रविवार को शासकीय अरण्य भारती महाविदयालय बैहर में में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला न्यायाधीश द्वारा शिविर में उपस्थित छात्रों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, अपराध पीडित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता योजना आदि की जानकारी दी गई। इसी क्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य एवं नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक अथवा अन्य निर्योग्यता के कारण न्याय पाने से वंछित न होने पाए। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला एवं बालक, औद्योगिक कर्मकार, आपदा प्रभावित, दिव्यांगजन एवं जेल में निरुद्ध



बंदियों को तथा ऐसे समस्त व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रूपये से कम हो नि:शुल्क विधिक सहायता का लाभ ले सकता है। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन कर सकते है तथा नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में 15100 हेल्पलाईन नंबर से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। साक्षरता शिविर में अधिवक्ता आकाक्षा मडावी, चुनेन्द्र बघेल, मानसी पारधी व संजय नागेश्वर क्षरा नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, पॉक्सों एक्ट, नालसा (बच्चों की मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2015) आदि की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किशोर बालकों के साथ हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु एवं मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, नालसा के हेल्पलाईन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक महेश पटले परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, आंकाक्षा तेकाम, भंवर सिंह मेरावी, संदीप गजभिये, अभय यादव उपस्थित रहे।

## टूट गया सपना : करनाल के 16 और कैथल के 14 युवाओं समेत हरियाणा के 50 को किया डिपोर्ट

करनाल, एजेंसी। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है, जिसके तहत अमेरिका ने हरियाणा के 50 युवकों को डिपोर्ट कर दिया। इनमें करनाल के 16 और कैथल के 14 युवक शामिल हैं। ये सभी बिना वैध दस्तावेजों के अमेरिका में रह रहे थे। इस साल की शुरुआत में भी सैकड़ों भारतीयों को इसी तरह वापस भेजा गया था। करनाल के डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि डिपोर्ट किए गए 50 युवकों में से 16 करनाल जिले के विभिन्न गांवों के हैं। इन युवकों को दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस ने रिसीव किया और पूछताछ के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

डीएसपी ने कहा कि सभी युवकों की जांच की जाएगी, और अभी तक किसी का आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। जांच से यह पता चलेगा कि ये युवक अमेरिका कैसे पहुंचे। उन्होंने अवैध तरीके से विदेश जाने वाले युवाओं को चेतावनी दी कि इस तरह के रास्ते न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि मानसिक और शारीरिक परेशानियों का कारण भी बनते हैं। डीएसपी ने युवाओं से अपील की कि वे एजेंटों के बहकावे में आकर लाखों रुपये खर्च न करें, क्योंकि यह रास्ता गैरकानूनी और खतरनाक है। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी एजेंट के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं हुई है, लेकिन शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई होगी। कैथल जिले के 14 युवकों को भी अमेरिका से डिपोर्ट किया गया है। इनमें से कुछ युवक कई वर्षों से अमेरिका में रह रहे थे, जबकि कुछ हाल ही में वहां पहुंचे थे। अमेरिकी अधिकारियों ने इन युवकों को हिरासत में लेकर जेल में रखा था, और बाद में भारतीय दूतावास की मदद से उन्हें भारत भेजा गया। रविवार सुबह कैथल पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से इन युवकों को रिसीव कर कैथल पुलिस लाइन लाया। डीएसपी ललित यादव की अगुवाई में पूछताछ के बाद, दस्तावेजों की जांच कर सभी को उनके परिवारों के हवाले किया गया। पूछताछ में तारागढ़ निवासी नरेश कुमार का आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया, जो चेक बाउंस और एक्साइज एक्ट के मामले में भगोड़ा था। उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। बाकी 13 युवकों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला। डिपोर्ट किए गए युवकों में तारागढ़ के नरेश कुमार, पीडल के कर्ण, अग्रसेन कॉलोनी के मुकेश, कैथल के ऋतिक, जडोला के सुखबीर सिंह, हाबड़ी के अमित और दमनप्रीत, बुच्ची के अभिषेक, बात्ता के मोहित, पबनावा के अशोक कुमार, सेरधा के आशीष, सिसला के प्रभात और ढांड के सतनाम सिंह शामिल हैं।डीएसपी ललित यादव ने बताया कि ये सभी युवक डंकी रूट के जरिए अमेरिका पहुंचे थे, जो मानव तस्करी और अवैध प्रवास का सबसे खतरनाक तरीका माना जाता है। इस रूट के माध्यम से लोग कई देशों से होकर अमेरिकी सीमा में प्रवेश करते हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी युवक ने उन एजेंटों के खिलाफ शिकायत नहीं की जिन्होंने उन्हें गुमराह किया। हालांकि, शिकायत मिलने पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

### सेशन जज ने सजा सुनाकर कहा-

## क्या कोई पिता अपनी बेटी के साथ ऐसा करता है?

### बेटी का यौन उत्पीड़न, बलात्कार और गर्भवती करने का मामला

अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सत्र न्यायालय ने एक व्यक्ति को अपनी 15 वर्षीय बेटी का यौन उत्पीड़न, बलात्कार और गर्भवती करने के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह सजा अनंतनाग के प्रिंसिपल सेशन जज ताहिर खुर्शीद रैना ने दी, जिन्होंने अपराध को अत्यंत नीचता, मानसिक विकृति और नैतिक मूल्यों के पतन का प्रतीक बताया। सेशन जज ने कहा कि वह इस अपराध से स्तब्ध हैं। बलात्कार पीड़िता ने अदालत में अपने पिता के खिलाफ गवाही दी और आंसुओं से भीगी हुई थी।

जज रैना ने कहा, गहरे सदमे की स्थिति में बलात्कार पीड़िता ने अपने दोषी पिता से पूछा, उसने जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिए उस दबाया था। क्या कोई पिता अपनी बेटी के साथ ऐसा करता है? यह सवाल पीड़िता ने अदालत में दोषी पिता के खिलाफ गवाही देकर आंसुओं के साथ पूछा। जस्टिस ने कहा कि यह सवाल हमारे समाज को जगाने के लिए एक कॉल था, जो बच्चों की सुरक्षा के बारे में गंभीर सवाल उठाता है। अदालत ने कहा, क्या हमारी बेटियां इतनी सुरक्षित हैं कि वे जीवित रह सकें, टिक सकें और अपने जीवन का पूरा आनंद ले सकें? क्या वे वास्तव में अपने घरों में सुरक्षित हैं? पीड़िता की ओर से अपने दोषी पिता से पूछा गया यह सवाल आंख खोलने वाला है। यह विडंबना भी है कि अदालत एक अन्य मामले की सुनवाई कर रही है, जिसमें दादा पर अपनी पोती के साथ दो साल तक लगातार बलात्कार करने का आरोप है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़िता तब लगभग 15 वर्ष की थी, जब उसके पिता ने 25 जनवरी 2022 को उसके साथ बलात्कार कर गर्भवती कर दिया। अनंतनाग के महिला पुलिस स्टेशन में आरोपी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 376(3) बलात्कार और 506 (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम, 2012 पॉक्सो एक्ट की धारा 6 गंभीर यौन हमला के तहत अपराध दर्ज किए गए।

## कीटनाशक के सेवन से जिला अस्पताल में भर्ती व्यक्ति की मौत

पद्मेश न्यूज।बालाघाट। कीटनाशक दवाई के सेवन से जिला अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक संतोष पिता कमल सिंह उइके 42 वर्ष ग्राम टाटी घाट थाना बैहर निवासी है। शाम होने से इस व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष उइके खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं और उसके दो भाई बसंत कुमार उइके और संतराम उइके के अपनी मां के साथ अलग रहते हैं। बताया गया है कि संतोष उइके शराब पीने का आदि था और शराब पीने के दौरान उसका लीवर भी खराब हो गया था। 16 अक्टूबर को संतोष उइके का इलाज उनके परिजनों ने बैहर के ही एक निजी अस्पताल में करवाए थे । इलाज के बाद वह सामान्य स्थिति में था। संतोष उइके को लगता था कि वह अब ठीक नहीं हो पाएगा और वह इसी के मानसिक तनाव में रहने लगा था। 6 दिन पहले संतोष उइके ने मानसिक तनाव में आकर घर में रखे कीटनाशक दवाई 505 का सेवन कर लिया। घर में तबीयत खराब होने पर संतोष उइके को बैहर के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। परिजनो के द्वारा पूछने पर संतोष उइके ने कीटनाशक दवाई का सेवन करना बताया था। बैहर से प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने उसे बालाघाट नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किए थे। जहां उपचार चल रहा था (किंतु 25 अक्टूबर को संतोष उइके को उसके परिजनों ने जिला अस्पताल बालाघाट में लाकर भर्ती किये थे। 2 दिन चले उपचार के दौरान 27 अक्टूबर को 3:30 बजे संतोष उइके की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। शाम होने से संतोष के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। अस्पताल पुलिस ने संतोष उइके का शव जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया गया है। जिसका पोस्टमार्टम 28 अक्टूबर को किया जाएगा।

## छठ पर सियासी समीकरण गर्माए- चिराग पासवान के घर पहुंचे नीतीश कुमार

पटना। लोक आस्था के महापर्व छठ पर जहां श्रद्धा और भक्ति का माहौल है, वहीं बिहार की राजनीति में भी धार्मिक मंच से नए संकेत उभरने लगे हैं। रविवार की शाम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के आवास पर पहुंचे और वहां आयोजित खरना पूजा में शामिल हुए। उन्होंने छठ का प्रसाद ग्रहण किया और चिराग पासवान से आत्मीय बातचीत भी की। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में रही नीतीश कुमार की मुस्कुराती टिप्पणी, जिसमे उन्होंने कहा 卐क्या जी, हम तो ऐसे ही दर्शन करने चले आए 卐

राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को महज औपचारिकता नहीं, बल्कि आगामी लोकसभा और विधानसभा समीकरणों से जोड़कर देखा जा रहा है। विशेष रूप से इसलिए क्योंकि बीते




कुछ महीनों से एनडीए में अंदरूनी समीकरणों को लेकर लगातार चर्चाएं चल रही हैं। ऐसे में नीतीश कुमार का यह कदम न सिर्फ सद्भाव का संदेश देता है बल्कि यह भी संकेत देता है कि गठबंधन के भीतर रिश्ते मधुर बनाए रखने की कोशिश जारी है। चिराग पासवान ने भी मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 卐मुख्यमंत्री जी का आना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। छठ बिहार की अस्मिता और एकता का प्रतीक है।卐

सूत्रों के मुताबिक, इस मौके पर दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक मुद्दों पर भी हल्की-फुल्की चर्चा हुई। हालांकि किसी ने इसे सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन माहौल बेहद सहज और आत्मीय बताया जा रहा है। छठ जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में नीतीश कुमार की यह मुलाकात बिहार की सियासत में एक नई नरमी का संकेत दे रही है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि आने वाले दिनों में लोजपा (रामविलास) और जदयू के बीच रिश्तों में यह सौहार्द भविष्य की रणनीति का हिस्सा बन सकता है।

## न्यूज गैलरी

### एसआईआर को लेकर आज राजनीतिक दलों की बैठक

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर 28 अक्टूबर को राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जीएस धुर्वे ने बताया कि यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 28 अक्टूबर को सायं 04 बजे से आयोजित की गई है। इस बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को उपस्थित होने कहा गया है।

### उज्जवला योजना में मिलेंगे नि:शुल्क गैस कनेक्शन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत गरीब एवं कमजोर वर्ग की महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किया गया है। भारत सरकार द्वारा इस योजना के विस्तारित चरण में सम्पूर्ण देश में 25 लाख गैस कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में इस योजना के विस्तारित चरण के सुचारू और समय पर क्रियान्वयन के लिए 27 अक्टूबर को कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उज्जवला समिति की बैठक आयोजित की गई। इस योजना के विस्तारित चरण में जिले को प्राप्त होने वाले लक्ष्य के अनुरूप गैस कम्पनियों द्वारा नि:शुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किया जाएगा। बैठक में इस योजना के अंतर्गत पात्रता रखने वाली महिलाओं से आवेदन प्राप्त करने के संबंध में चर्चा की गई।

### सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत

पद्मेश न्यूज ।बालाघाट। जिले के मलाजखंड थाने की पाथरी पुलिस चौकी क्षेत्र में आने वाले ग्राम नव्ही खैरो फाटा के पास मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक चरणसिह पिता अमर सिंह मेरावी 45 वर्ष ग्राम लिमोटी पुलिस चौकी पाथरी निवासी है। बीती रात यह घटना उस समय हुई जब यह व्यक्ति मोटरसाइकिल में अपने घर से बिठली जाने निकला था । मलाजखंड पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। आगे मर्ग जांच की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लिमोटी चरण सिंह मेरावी अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। इसके अलावा परिवार में अन्य लोग भी है। चरण सिंह के दो बेटे इंदौर में पढ़ते हैं। बताया है कि 26 अक्टूबर के शाम 5:00 बजे चरणसिह मेरावी अपनी मोटरसाइकिल प्लैटिना में अपने घर लिमोटी से बिठली जाने के लिए निकला था। किंतु रात्रि में चरणसिंह मेरावी घर नहीं लौटा। परिजनों ने फोन लगाये किंतु चरण सिंह मेरावी का मोबाइल भी बंद बता रहा था। 27अक्टूबर को सुबह परिजनों को सूचना मिली कि ग्राम नव्ही खैरो फाटा के पास रोड किनारे चरण सिंह मेरावी पड़ा हुआ है। खबर मिलते ही परिवार के लोग पहुंचे देखें चरण सिंह मेरावी कि मैं मौत हो चुकी थी और उसकी मोटरसाइकिल छतिग्रस्त हालत में रोड किनारे खेत में पड़ी हुई थी। मोटरसाइकिल के सामने का हेड लाइट और दोनों साइड के आईना टूटे हुए थे। जिसकी रिपोर्ट उसके पिता अमर सिंह मरावी ने मलाजखंड पुलिस थाना में की थी। मलाजखंड पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक चरण सिंह मेरावी का शव बरामद किए और पंचनामा कार्यवाही पश्चात बिरसा अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। संभावना व्यक्त की गई है कि रात्रि में चरणसिह मेरावी बिठली से जब अपने घर लिमोटी जा रहा था। तभी कोई अज्ञात वाहन मोटरसाइकिल को ठोस मारकर फरार हो गया ।जिसे गंभीर रूप से घायल चरण सिंह मेरावी की मौके पर ही मौत हो गई। मलाजखंड पुलिस धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# 108 एंबुलेंस में अंतिम सांसें गिन रही मरीज से अवैध वसूली

# देर से अस्पताल पहुंचते ही महिला की मौत

**मरीज के परिजनों ने लगाया आरोप, सीएमओ ने एफआईआर दर्ज किए जाने के दिए निर्देश**

**सिटी रिपोर्टर**
**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

जिला चिकित्सालय में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर आए दिन सवाल खड़े हो रहे हैं। मरीज और उनके परिजन अस्पताल प्रबंधन पर सुविधाओं के नाम पर पैसे वसूले जाने के आरोप लगातार लगाते आ रहे हैं। जिला चिकित्सालय में आए दिन प्रसव करवाने के नाम पर यहां के स्वास्थ्य कर्मियों और डॉक्टरों पर पैसे लिए जाने के मामलों को लेकर जिला चिकित्सालय सुर्खियों में बना रहता है। 26 और 27 अक्टूबर की रात्रि में फिर एक बार मरीज और उनके परिजनों ने एंबुलेंस सुविधा दिए जाने के एवज में वाहन चालक और स्वास्थ्य कर्मी पर रुपए लेने के साथ-साथ अभद्रता करने के आरोप लगाए हैं। मरीज के परिजनों का आरोप है कि वाहन चालक और स्वास्थ्य कर्मी की लापरवाही के चलते उनके मरीज की मृत्यु हो गई। परिजनों ने इस घटना का वीडियो और रुपए लिए जाने की बात सोशल मीडिया पर भी वायरल की है। पूरी घटना एक मरीज को एंबुलेंस से अस्पताल लाने के दौरान रात्रि में घटी, जिसमें स्वास्थ्य कर्मी और वाहन चालक द्वारा एंबुलेंस सेवा दिए जाने के एवज में रुपए मांगे जा रहे थे। वहीं इस पूरे मामले में इमरजेंसी सुविधा देख रहे एंबुलेंस प्रभारी का कहना है कि उन्हें इस मामले की जानकारी है और संबंधित स्वास्थ्य कर्मी एवं वाहन चालक को हटाने के लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई कर दी गई है।

मिली जानकारी अनुसार 26 और 27 अक्टूबर की रात्रि जत्ता, भंडेरी निवासी गायत्री उइके का स्वास्थ्य 26 अक्टूबर को अचानक बिगड़ गया, जिसके बाद परिजनों ने गायत्री को बिरसा के उपस्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। किंतु लगातार गायत्री का स्वास्थ्य बिगड़ता देख बिरसा उपस्वास्थ्य केंद्र से बालाघाट जिला चिकित्सालय के लिए स्वास्थ्य कर्मियों ने गायत्री को रेफर कर दिया। परिजन चंद्रेश मरावी द्वारा बताया गया कि गायत्री को जिला चिकित्सालय ले जाने के लिए डायल 108 पर कॉल किया और डायल 108 वाहन 9 से 9:30 बजे के बीच बिरसा पहुंच गई। किंतु एंबुलेंस के बिरसा पहुंचने के बाद से ही वाहन चालक और स्वास्थ्य कर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। परिजनों के आरोप अनुसार पहले तो इन्होंने भोजन करना है, कहकर आधा घंटे की जगह 1 घंटे ले लिया। उसके बाद 10 से 10:30 बजे के बीच एंबुलेंस बालाघाट के लिए बिरसा से रवाना हुई। तभी स्वास्थ्य कर्मी और वाहन चालक परिजनों से रुपयों की मांग करने लगे और रुपए नहीं देने पर वाहन चालक और स्वास्थ्य कर्मी द्वारा गाड़ी को जानबूझकर धीरे-धीरे लाना शुरू किया गया। रास्ते में कुछ जगह तेंदुआ देखना है , कहकर गाड़ी भी रोकी गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि वह जानबूझकर परिजनों से



कौन से अस्पताल में जाना है, कहकर गाड़ी को रोककर उनसे पूछते थे। वहीं परिजनों ने बताया कि 108 एंबुलेंस में सिर्फ चार महिलाएं ही जा रही थी। वहीं मृतक गायत्री की दुसरे नंबर की बहन राधिका का आरोप है कि वाहन चालक ललित पवार और स्वास्थ्य कर्मी अनिल राहंगडाले शराब के नशे में थे और लगातार अभद्रता कर रहे थे। जिला चिकित्सालय आने के कुछ ही समय बाद गायत्री की मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि यदि गायत्री को समय पर जिला चिकित्सालय ला लिया जाता तो गायत्री को बेहतर उपचार मिल जाता, किंतु वाहन चालक और स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा रुपए की मांग और रुपए कम दिए जाने के कारण टालमटोल कर समय व्यतीत किया गया।

### एक हजार मांग रहे थे, पर 600 सौ रूपये ही दिये - सरिता मर्सकोले

मृतका की बड़ी बहन सरिता मर्सकोले ने वीडियो में जानकारी देते हुए बताया की मृतिका उनकी छोटी बहन है । उन्हें



जब एंबुलेंस से लाया जा रहा था तो एंबुलेंस सी.जी - 04 एन.एस 2464 के वाहन चालक ललित पवार और स्वास्थ्य कर्मी अनिल राहंगडाले द्वारा उनसे बालाघाट तक लेकर जाने के हजार रुपए मांगे जा रहे थे, किंतु उनके द्वारा कहा गया कि उनके पास सिर्फ 600 रूपये ही है और वह बालाघाट जाकर बाकी पैसों का इंतजाम कर देंगे, किंतु वाहन चालक और स्वास्थ्य कर्मी द्वारा उनकी बात नहीं मानी गई और उन्हें परेशान करते हुए बालाघाट लाते तक परेशान किया गया और गाड़ी को जगह-जगह रोकते हुए लेकर आया गया। रास्ते में वह तेंदुआ देखना है, कह कर एंबुलेंस को रोकते थे , जिस कारण वह समय पर जिला चिकित्सालय नहीं पहुंच पाए उन्होंने पैसा लेने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### दोनों ने बालाघाट तक परेशान किया - राधिका

मृतिका गायत्री उइके की दुसरे नंबर कि बहन राधिका उइके ने भी पूर्व वीडियो जारी कर बताया कि वाहन चालक ललित पवार और स्वास्थ्य कर्मी अनिल राहंगडाले के द्वारा उन्हें बालाघाट लाते तक परेशान किया गया और रूपये की मांग की गई। वह जानबूझकर रास्ते में उन्हें कौन से अस्पताल लेकर जाना है कह कर बार-बार पूछते थे और परेशान कर रहे थे। साथ ही



राधिका ने बताया कि वाहन चालक ललित पवार और स्वास्थ्य कर्मी अनिल शराब का सेवन किए हुए थे।

### सेवा समाप्त किए जाने पत्राचार किया है - अंकित गुप्ता

108 एंबुलेंस की सेवाएं देख रहे अंकित गुप्ता ने दूरभाष पर पद्मेश न्यूज़ से चर्चा के दौरान बताया गया कि उन्हें भी जानकारी लगी है, कि 108 एंबुलेंस के वाहन चालक और स्वास्थ्य कर्मी द्वारा पैसे लिए जाने का मामला सामने आया है और जानकारी उन्हें यह भी लगी है कि दोनों ही परिजनों को परेशान कर रहे थे , उन्होंने दोनों ही कर्मियों की सेवा समाप्त किए जाने को लेकर पत्राचार किया है।

### एफआईआर दर्ज की जा रही हैं - परेश उपलव

सीएमओ परेश उपलव द्वारा दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया गया कि उन्हें भी जानकारी मिली है कि एंबुलेंस के वाहन चालक और स्वास्थ्य कर्मी द्वारा रुपयो की मांग किए जाने के साथ



अपने कार्य में लापरवाही बरती गई है । जिसको देखते हुए उन्होंने संबंधित थाना प्रभारी को दोनों कर्मियों पर एफआईआर दर्ज किए जाने की कार्रवाई प्रेषित कर दी गयी हैं।

## 01 नवम्बर से सरेखा अंडरब्रिज से आवागमन बंद होगा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत बालाघाट-गोंदिया मार्ग रेल्वे क्रासिंग में नवनिर्मित रेलवे अंडरब्रिज का मरम्मत और सुदृढीकरण कार्य रेलवे विभाग द्वारा किया जाना है। जिस पर 01 नवम्बर से सुधार कार्य की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाएगी। इस दौरान जिले के आम नागरिकों के आवागमन की सुविधा के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मृणाल मीना के निर्देश पर परिवर्तित डायवर्सन प्लॉन जारी कर दिया गया है। एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि प्रस्तावित ट्रैफिक डायवर्सन प्लॉन के अनुसार 01 नवम्बर से बालाघाट से गोंदिया, गोंदिया से बालाघाट एवं गोंदिया से बैहर बायपास की ओर आने-जाने वाले सभी वाहनो का आवागमन फ्लाईओवर ब्रिज से किया जाएगा। इसी तरह गौरव पथ मार्ग मोतीनगर, सरस्वती नगर की ओर से अंडरब्रिज की ओर से आने-जाने वाले वाहनो का आवागमन राधाकृष्ण चौक से गुरुद्वारा के सामने होकर गुरूनानक पेट्रोल पम्प से होते हुए फ्लाईओवर से आवागमन परिवर्तित किया जाएगा। हनुमान चौक, सरेखा तिराहा एवं बैहर रोड बायपास से अंडरब्रिज की ओर आने जाने वाले समस्त वाहनो का आवागमन अंडरब्रिज से प्रतिबंधित किया जाकर उक्त मार्ग से आने-जाने वाले समस्त वाहनो का मार्ग फ्लाईओवर ब्रिज से होकर परिवर्तित किया जाएगा। इसके साथ ही कार्य प्रारंभ करने से पूर्व रेलवे द्वारा सरेखा तिराहा, हनुमान चौक, बैहर बायपास रोड की ओर, मोतीनगर-सरस्वतीनगर गौरव पथ मार्ग, राधाकृष्ण चौक में मार्ग परिवर्तित बोर्ड नागरिको एवं वाहनों की सुविधा के लिए लगाया जाएगा।

## मेधावी पुरुष्कार योजना के तहत 04 विद्यार्थियों को 1.05 लाख रुपए की पुरुष्कार राशि मंजूर

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित मेधावी पुरुष्कार योजना के अंतर्गत कक्षा 10वीं की मेरिट सूची में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले बालक बालिका को शंकर शाह एवं रानी दुर्गावती पुरुष्कार प्रदान किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों के 04 छात्र छात्राओं को 01 लाख 05 हजार रुपए की पुरुष्कार राशि मंजूर की गई है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि मेधावी पुरुष्कार योजना के अंतर्गत कक्षा 10वीं की मेरिट में प्रथम स्थान पर आने वाली शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बहेला की छात्रा कु.युक्ता फरडे को 40 हजार रुपए, द्वितीय स्थान पर आने वाली सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किरनापुर की छात्रा कु. लियाना मर्सकोले एवं शासकीय वीरांगना रानी दुर्गावती हायर सेकेण्डरी स्कूल बालाघाट की छात्रा रोशेल को 30-30 हजार रुपए तथा तृतीय स्थान पर आने वाली चक्रवर्ती पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल बैहर की छात्रा जान्हवी पंद्रे को 05 हजार रुपए की पुरुष्कार राशि मंजूर की गई है। यह राशि इन छात्राओं के बैंक खाते में जमा करायी जा रही है।

आवश्यकता है
कम्प्युटर ऑपरेटर
की आवश्यकता है
अनुभवी को प्राथमिकता
- संपर्क करें -
पद्मेश सिटी केबल
कालीपुतली चौक, बालाघाट

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, नि:संतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. M P /HIN/2009/32311 , न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट